रांची संस्करण

# प्रातः आवाज

हम बनेंगे आपकी आवाज, निर्भीक एवं निष्पक्ष हिन्दी दैनिक

कल्पना सोरेन से झामुमो कार्यकर्ताओं ने की मुलाकात



पेज - 03

## झारखंड कैबिनेट में 33 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

# झारखंड में होगा जातिगत सर्वेक्षण

### चंपाई सरकार ने दी मंजूरी, विधायकों का वेतन भत्ता बढ़ा, रिटायर्ड कर्मचारियों को भी मिलेगा प्रमोशन

प्रातः आवाज

**रांची ।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सरकार ने मास्टर स्ट्रोक खेला है। जातिगत सर्वेक्षण को चंपाई कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। कैबिनेट विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल ने कैबिनेट की बैठक के बाद बुधवार को पत्रकारों बताया कि कार्मिक विभाग की देख-रेख में जातिगत सर्वेक्षण होगा। वहीं पुलिस अफसरों को अब प्रशंसा चिन्ह दिए जाएंगे। इस बार गणतंत्र दिवस में 120 पुलिस कर्मियों को प्रशंसा चिन्ह दिए जाएंगे। झारखंड गृह रक्षा सेवा नियमावली 2022 में संशोधन की स्वीकृति दी गई। झारखंड न्यायिक सेवा नियमावली 2024 के गठन को स्वीकृति दी गई।

राज्य के विधायकों सचेतकों अधिकारियों का वेतन भत्ते में बढ़ोतरी कर दी गई है। कैबिनेट में कुल 33 प्रस्ताव की स्वीकृति दी गई कार्मिक विभाग जाती सर्वेक्षण अब कराएगा। कैबिनेट में टैक्स डिफॉल्टरों वाहनों के वन टाइम सेटलमेंट के लिए पेनल्टी माफी का भी प्रस्ताव की स्वीकृति दी गयी। राज्य में लगभग 4.83 लाख वाहन टैक्स डिफॉल्टरों की श्रेणी में हैं। इसके लिए विरूद्ध 2204 करोड़ का बकाया है। इसमें रोड टैक्स 763 करोड़ ओर पेनल्टी 1436 करोड़ है। रोड टैक्स का पूरा देना होगा पेनल्टी या 50 प्रतिशत देना होगा।

### ऐसे मिलेगा विधायकों को वेतन, भत्ता और सुविधा

वेतन 60,000 प्रतिमाह, क्षेत्रीय भत्ता 80,000, सत्कार भत्ता 40,000, दैनिक भत्ता राज्य के अंदर 3000, राज्य के बाहर 4000 प्रति दिन, एक लाख रुपये लगभग प्रतिमाह। विधायकों के निजी सहायक को 50,000 पर प्रतिमाह, अनु सेवक को 30,000 प्रतिमाह, कंप्यूटर लैपटॉप प्रिंटर का प्रावधान एक लाख रुपये, सवारी भत्ता 5000 प्रतिमाह, समाचार पत्र 3000 रुपये प्रतिमाह, होम लोन की सुविधा 60 लाख रुपया चार प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर। पेंशन 50,000 प्रतिमाह, पेंशन में वार्षिक वृद्धि 5000 प्रतिमाह, अधिकतम दो लाख तक निजी, परिसहाय पूर्व सदस्यों को एक निजी परिसहाय हेतु 15000 प्रतिमाह देय होगा।

### विधानसभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को वेतन और भत्ता

वेतन 98000 प्रतिमाह अध्यक्ष को, उपाध्यक्ष को 75000 प्रतिमाह, होम लोन 60 लख रुपये तक चार प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर, प्रभारी भत्ता 3000, राज्य के अंदर और राज्य के बाहर 4000 प्रतिदिन, लगभग एक लाख रुपये प्रतिमाह, क्षेत्रीय भत्ता 80,000 और सत्कार भत्ता 70,000 और 55,000 प्रतिमाह अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को दिया जाएगा।

### रिटायर्ड कर्मचारियों को प्रमोशन देने का निर्णय

झारखंड राज्य में 24 दिसंबर 2020 से 10 अप्रैल 2023 तक जो प्रमोशन पर रोक लगाया गया था और इसके बाद 10 अप्रैल 2023 को हटाया गया था। इस दौरान सेवा निवृत हुए अधिकारियों को उनके रिटायरमेंट की तिथि से प्रमोशन देने का संकल्प जारी था। अब कैबिनेट में इसमें उस अवधि में रिटायर्ड कर्मचारियों को भी प्रमोशन देने का निर्णय लिया है।




### सचेतक का यह वेतन भत्ता

मुख्य सचेतक को 75000 प्रतिमाह उप सचेतक को 70000 रुपए प्रतिमाह सचेतक को 60000 प्रतिमाह मिलेगा। इन्हें सत्कार भत्ता 55000, क्षेत्रीय भत्ता 65000, प्रभारी भत्ता 3000, राज्य के अंदर 4000, राज्य के बाहर लगभग एक लाख रुपये प्रतिमाह। कंप्यूटर की सुविधा 1,00,000 तक और होम लोन 60 लाख तक मिलेगा।

### नेता विरोधी दल

वेतन 8,50,000 प्रतिमाह, क्षेत्रीय भत्ता 95 हजार रुपये प्रतिमाह, सत्कार भत्ता 55,000 प्रतिमाह, होम लोन 60 लाख तक और प्रभारी भत्ता राज्य के अंदर 3000 राज्य के बाहर 4000 मिलेगा।

### झारखंड वरीय न्यायिक सेवा नियमावली में संशोधन

झारखंड वरीय न्यायिक सेवा नियमावली में संशोधन किया गया है। इसके तहत अब लिखित परीक्षा में 45 प्रतिशत न्यूनतम अंक सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं को लाना होगा। ओवरऑल 50 प्रतिशत अंक लाना होगा। वहीं आरक्षित वर्ग के छात्र-छात्राओं को 40 प्रतिशत और ओवरऑल 45 प्रतिशत अंक लाना होगा। वहीं इंटरव्यू और रिटर्न परीक्षा को जोड़कर ही अब रिजल्ट जारी होगा। लुगुबुरु में डीवीसी के 1500 मेगावाट के प्लांट को स्थगित करने का निर्णय ले गया है और इससे भारत सरकार को अनुरोध किया जाएगा। उच्च शिक्षा विभाग में सेंट्रल डिजिटल सिस्टम को विकसित किया जाएगा विभिन्न कार्यों के लिए पोर्टल तैयार होगा और इसके लिए एजेंसी का एक चयन किया गया और कार्य के लिए 20 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया गया है।

### वायुयान नियमावली में संशोधन

गृह विभाग से जुड़े अधिकारियों और पुलिस पदाधिकारी के लिए वायुयान नियमावली में संशोधन किया गया है। इसके साथ अब प्राकृतिक आपदा, नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई या निगरानी से जुड़े मामलों में अगर वायुयान की सुविधा लेनी पड़ी तो विभाग के प्रधान सचिव के अनुमति से यह सुविधा प्राप्त की जा सकेगी।

## गैंगेस्टर अमन साहू के खिलाफ एनआईए की छापेमारी में वाहन, डीवीआर और दस्तावेज जब्त

**रांची।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को झारखंड के कुख्यात अपराधी अमन साहू के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। एनआईए रांची ब्रांच ने उसके बुढ़मू स्थित पैतृक आवास के साथ बुकरू और हजारीबाग के गिद्दी थाना क्षेत्र स्थित ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। इस दौरान एनआईए की टीम अमन के घर से फॉर्च्यूनर वाहन, सीसीटीवी का डीवीआर और बैंक खातों से संबंधित कागजात सहित कई अन्य दस्तावेज जब्त करके अपने साथ ले गयी। बताया गया है कि एनआईए ने टेरर फंडिंग मामले में यह छापेमारी की है। एनआईए को जानकारी मिली है कि अमन साहू ने लेवी रंगदारी से अपने और अपने रिश्तेदारों के नाम पर बड़ी सम्पत्ति अर्जित की है। पलामू जेल में बंद अमन साहू जेल से ही गैंग को ऑपरेट करता है। साथ ही व्यापारियों को धमकी देता और दिलवाता है। इस जानकारी के आधार पर एनआईए की टीमों ने एक साथ अमन के अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी शुरू की। साथ ही सभी लोगों के मोबाइल को कब्जे में लेकर तलाशी शुरू की।लातेहार के बालूमाथ स्थित तेतरियाखाड़ कोलियरी में गोलीबारी मामले में टेरर फंडिंग की जांच कर रही एनआईए ने इससे पहले नौ फरवरी को बिहार के कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। यह छापेमारी भागलपुर, पूर्णिया और मधेपुरा के एक-एक ठिकानों पर हुई थी। इस छापेमारी में कुख्यात अमन साहू का गुर्गा शंकर यादव भागलपुर से गिरफ्तार किया गया था। उसके ठिकाने से एनआईए ने 1.30 करोड़ रुपये भी बरामद किया था, जो अमन साहू के लेवी-रंगदारी से वसूले गये रुपये बताए जा रहे हैं।

प्रातः आवाज के नए मशीन के स्थापना दिवस के अवसर पर वोल्टास इलेक्ट्रानिक्स की ओर से प्रातः आज के उतरोत्तर विकास की कामना किया है और यह विश्वास व्यक्त किया है की जनहित की समस्याओं को प्रमुखता के साथ प्रकाशित करेंगे ताकि चौथा स्तंभ की ताकत को शासन प्रशासन पहचान सके और इसका असर भी देखने को मिले।






प्रातः आवाज के मशीन उद्घाटन के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं



Tvs का साथ जीवन भर का साथ

प्रातः आवाज

सतीश जायसवाल (प्रबंधक )







WISHES THE VERY BEST TO
“PRATAH AWAZ’
AND THEIR STAFF & READER
ON OCCASION OF INAUGURATION OF
NEW PRINTING MACHINE OF “PRATAH AWAZ”



रांची संस्करण
प्रातः आवाज
हम बनेंगे आपकी आवाज, निर्भीक एवं निष्पक्ष हिन्दी दैनिक

## संक्षिप्त समाचार

### प्राचीन संकट मोचन मंदिर निर्माण को लेकर नई कमेटी का गठन

**रातू।** प्राचीन संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में मंदिर निर्माण को लेकर मंगलवार को एक बैठक आयोजित की गई।बैठक में सर्वसम्मति से नई कमेटी का गठन किया गया। कमिटि में मुख्य संरक्षक लाल नीतेश नाथ शाहदेव,पृथ्वीनाथ शाहदेव,प्रदीप प्रकाश, निर्मल साहु, हीरामणी साहु, किशोर साहु, यदुनाथ साहु, हरिराम साहु,राजमन साहु होगें। वही अध्यक्ष विजय कुमार साहु, सचिव सुबोध कुमार साहु, कोषाध्यक्ष विकास कुमार साहु, उपाध्यक्ष कुमार अतुल राज एवं विकास कुमार, सहसचिव रवि कुमार मुंडा, सह कोषाध्यक्ष राजु साहु, सोशल मीडिया प्रभारी हर्ष राज साहु के अलावे कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अशोक प्रियदर्शी ,जगदीश साहु, सत्यनारायण साहु, अनिल ओझा,निर्मल उरांव, दीपक साहु, विनोद साहु, राजेश साहु, अनिल साहु, मोहन साहु ,राजेश साहु, रोहित कुमार, सोनू मुंडा, महेश साहु, टीपेंद्र साहु, मिथिलेश दुबे, बबलू मुंडा, रंजीत साहु, रामचंद्र साहु, संदीप साहु, राजेंद्र साहु को सर्वसम्मति के साथ चयन किया गया।

### प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप में कस्तूरबा स्कूल ने किया कब्जा



**सोनाहातू।** प्रखंड के थाना मैदान में आयोजित प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट के बालिका वर्ग के मुकाबला में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सोनाहातू की टीम ने प्लस टू विद्यालय सोनाहातू को एक गोल से पराजित किया। विजेता टीम कस्तूरबा अब जिला स्तर में खेलेगी। इसके पूर्व फाइनल मुकाबले का उद्घाटन आजसू प्रखंड अध्यक्ष सुषेन प्रमाणिक,झरिया महतो, विपिन पाल,आदि ने संयुक्त रूप में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किए। खेल को संपन्न कराने में खेल शिक्षक विंदेश्वर महतो उर्फ डिप्टी महतो की टीम ने संपन्न कराया।

### रातू : टिपूटोला हुरहुरी में जला ट्रांसफार्मर

**रातू।** थाना क्षेत्र के टिपूटोला हुरहुरी में बुधवार को शाम में मेघ गर्जन से 63 केवीए का ट्रांसफार्मर जल गया। जिसके बाद से गांव में अंधेरा पसरा पड़ा है। मुखिया कमल खलखो ने यथाशीघ्र नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है।कमल खलखो ने कहा कि अभी हमलोगो के क्षेत्र में काफी गर्मी पड रही है।ऐसे में आम जनता को ट्रांसफार्मर जलने से काफी परेशानी का सामना करना पडेगा। इस संबंध में जेई रातू से संपर्क करने पर उन्होने बताया कि हमें ट्रांसफार्मर जलने का पता चला है। क्षेत्र के लोगो को परेशानी ना हो इसके लिए शीघ्र ही उसे बदल दिया जाएगा।

### अवैध रूप से ईंट मिट्टी के उत्खनन को लेकर प्राथमिकी दर्ज

**मांडर।** जिला खान निरीक्षक पिंटु कुमार ने अवैध रूप से ईंट मिट्टी का उत्खनन व ईंट का निर्माण करने को लेकर प्रखंड के आठ भट्ठा संचालकों के खिलाफ मांडर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। प्राथमिकी में संतोष उरांव सरी ब्रिक्स परयागो, जोसेफ उरांव एएए ब्रिक्स बांसजाड़ी, शंकर महतो, महतो ब्रिक्स सकरपादा, वीरेंद्र उरांव, सरना ब्रिक्स पचपादा, परशुराम उरांव एचकेबी ब्रिक्स करकरा, मुस्लिम अंसारी चदरा चिमनी चटवल, मकबूल अंसारी राज ब्रिक्स व राजकुमार सिंह केशकानी का नाम शामिल है। आरोप है कि ये सभी भट्ठा संचालक पर्यावरणीय स्वीकृति एवं जिला खनन कार्यालय रांची से अनुज्ञापत्र प्राप्त किये बिना ही ईंट मिट्टी का उत्खनन एवं कच्चे ईंट का निर्माण कर रहे थे और ईंट पकाने हेतु कच्चे कोयले का प्रयोग कर रहे थे जो पूर्णतः अवैध है।

# प्रखंड सह अंचल कार्यालय में एक भी अधिकारी व कर्मचारी नहीं

प्रातः आवाज





**रातू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में बुधवार दोपहर एक भी अधिकारी व कर्मचारी नजर नही आए। सभी अधिकारियों के कार्यालयों में भी ताला लटक रहा था। पाली गांव से कुछ ग्रामीण व कृषक अपना काम कराने के लिए कार्यालय पहुंचे तो उन्होने लगभग सभी कार्यालयों को बंद पाया। उन्होंने सभी कार्यालयो की तस्वीर खींची और वाटसअप ग्रुप में चला दिया। एक किसान ने बताया कि अभी झारखंड सरकार द्वारा कई योजनाओ को लेकर आदेश जारी हुआ है कि अपने नजदीक मुख्यालय में जाकर अपना काम कराए लेकिन प्रखंड मुख्यालय में अधिकारी रहेगें तब ना कोई काम होगा।

कर्मचारी मुख्यालय से नदारद -अंचल कार्यालय के लगभग सभी कर्मचारी के अलावे अंचल निरीक्षक प्रखंड मुख्यालय से नदारद रहते है। इन लोगों का मोबाईल भी स्विच आफ रहता है। जमीन संबंधित कार्य कराने आए लोगो ने कहा कि ये सभी कर्मचारी क्षेत्र में कहीं ना कहीं निजी आफिस खोले हुए है वहां रिश्वत देकर सभी काम हो जाता है। अपने आफिस में सभी कर्मचारी दिन तो छोडिए रात में भी काम करते नजर आते है। सभी अपने लिए लडका रखकर काम करते है।

बुधवार दोपहर पुरे अंचल व प्रखंड कार्यालय में एक आपरेटर अमित कुमार काम कर रहे थे। इनके अलावे दोनों कार्यालयो के सभी कक्ष में ताला लटका हुआ था।

**क्या कहते है सीओ सह बीडीओ :** इस संबंध में सीओ सह बीडीओ रवि कुमार से बात करने पर उन्होने बताया कि 18 जुन को बैठक कर हमने सभी कर्मचारियो और अधिकारियो से क्षेत्र में जाकर काम करने की बात कही। अभी अबुआ आवास पर काम चल रहा है।कई लोगो का फार्म संबंधित कार्य अटका पडा है।अब अगर कर्मचारी क्षेत्र में ना जाए तो आफिस में रहकर कार्य तो नही कर सकता इसलिए सभी फील्ड में है। जिसके कारण कोई आफिस में दिखाई नही पडा।

# बाकाकेरा महुगांव मुख्य सड़क पर बाइक और टीवीएस लुना में टक्कर

## सिर में भयंकर चोट से बाइक सवार की दर्दनाक मौत

### हेलमेट पहना होता तो बच सकती थी बाइक चालक की जान

सुनील कुमार गुप्ता



सड़क पर पड़ा मृतक का शव।



लूना का टूटा हुआ हेडलाइट और उसमें लगा खून के धब्बे।

**लापुंग।** लापुंग थाना क्षेत्र के बाकाकेरा स्कूल एवं महुगांव मिशन मोड़ के बीच में कमडारा महुगांव फतेहपुर सड़क पर बुधवार को पूर्वाह्न लगभग 11 :15 बजे एक टीवीएस लुना नंबर जेएच 01 23 ए 0660 एवं बजाज पल्सर बाइक नंबर जेएच 01 डीए 4657 के बीच टक्कर से फतेहपुर निवासी ( वर्तमान पता रेहरगडा. गोविन्दपुर) 45 वर्षीय राज मिस्त्री कलीम अंसारी पिता मुमताज अंसारी की दर्दनाक मौत हो गई वहीं कथकुंवारी झोरा टोली के टीवीएस लुना चालक 62 वर्षीय नेल्सन होरो पिता स्वर्गीय विश्वास होरो घायल हो गए। घटना इतनी भीषण थी कि फतेहपुर निवासी बाइक चालक कलीम अंसारी का सिर टीवीएस लुना की हेडलाइट से टकरायी और हेडलाइट का शीशा टूटकर कलीम के सिर में फंस गया। घटना स्थल पर ही कलीम की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टीवीएस लुना चालक बैंक के काम से सुबह लापुंग गया था और काम होने के बाद लौट रहा था वह सड़क के बायीं ओर से जा रहा था तभी तेज गति से बजाज पल्सर बाइक सवार चालक कलीम अंसारी महुगांव की ओर से तेज गति से लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए टीवीएस लुना पर जोरदार टक्कर मार दी। उसका सिर टीवीएस लुना के हेड लाइट से टकरा गई। इससे कलीम के सिर में भयंकर चोट लगी और घटनास्थल पर ही उसने दम तोड़ दिया। वहीं लुना के चालक को जान बच गई लेकिन वह घायल हो गया। उसके सिर सहित शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटें आई है। घायल नेल्सन होरो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार कर उसे अस्पताल से ही छुट्टी दे दी गई। थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव सहित अन्य पुलिस प्रशासन के अधिकारियों व सशस्त्र बलों के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और घटना की जांच पड़ताल शुरू की। बाइक और लुना को लापुंग पुलिस ने जब्त कर लिया तथा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु रिम्स भेज दिया। उधर फतेहपुर में घटना की जानकारी मिलने पर कलीम की बेवा जुलेखा बीवी और उनके चारों बच्चों का रो रोकर हाल बुरा हो गया। देर रात कलीम को फतेहपुर कब्रिस्तान में मिट्टी देकर अंतिम संस्कार किया गया। उल्लेखनीय है कि कलीम अंसारी अपने ससुराल में ही रह गया था और अपना घर भी बना लिया था। हालांकि उसके अंतिम संस्कार की प्रक्रिया फतेहपुर में ही की गई। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा होती रही कि अगर बाइक चालक हेलमेट पहना हुआ होता तो उसकी जान बच सकती थी।

# वार्ता विफल होने के बाद रैयत ग्रामीणों का केडीएच खदान आज से अनिश्चितकालीन बंद



वार्ता के दौरान एनके महाप्रबंधक सुजीत कुमार एवं यूनियन के लोग और रैयत।

प्रातः आवाज

**खलारी।** बिहार कोलियरी कामगार यूनियन (सीटू) एवं विश्रामपुर के रैयत ग्रामीणों की बुधवार को एनके महाप्रबंधक सुजीत कुमार के साथ हुई वार्ता विफल हो गई। जिसके बाद यूनियन के बैनर तले गुरूवार से विश्रामपुर के रैयत ग्रामीण पुर्व घोषणा के तहत अपनी मांगों को लेकर एनके एरिया केडीएच खदान को अनिश्चितकालीन बंद करेंगे। वार्ता में यूनियन के द्वारा पुर्व में दिए गए मांगों जिनमें रैयतों को नौकरी, उचित मुआवजा, विस्थापितों को उचित जगह पर सभी सुविधा के साथ पुर्नवास करने सहित अन्य मांगों पर चर्चा किया गया। लेकिन वार्ता में प्रबंधन की ओर से किसी भी तरह का ठोस आश्वासन नहीं मिलने के कारण यूनियन के साथ सहमती नहीं बन पायी। वहीं बिहार कोलियरी कामगार यूनियन (सीटू) के जोनल अध्यक्ष रतिया गंझू ने कहा कि पुर्व में प्रबंधन की ओर से सभी मांगों को पुरा करने का लिखित आश्वासन दिया गया था लेकिन प्रबंधन द्वारा कोई भी मांग को अभी तक पुरा नहीं किया गया है। उन्होने कहा कि पुर्व में बिहार कोलियरी कामगार यूनियन (सीटू) के द्वारा लगातार 120 दिनों तक विश्रामपुर के खतीयानी रैयतों का सीसीएल की केडीएच परियोजना खदान से सटे जामुनदोहर में खतीयानी रैयतों का नौकरी और मुआवजा को लेकर धरना दिया गया था। प्रबंधन के ढुलमूल रवैया के कारण रैयत ग्रामीण केडीएच खदान को अनिश्चितकालीन के लिए बंद कराएंगे। वार्ता में प्रबंधन की ओर से केडीएच पीओ अनिल कुमार सिंह, केडीएच कार्मिक प्रबंधक नवनीत शेखर, सिनियर सर्वेयर शैलेन्द्र प्रसाद के अलावा यूनियन के जोनल अध्यक्ष रतिया गंझू, जंगबहादूर राम जोनल सचिव, धनेश्वर तुरी, चन्द्रशेखर वर्मा, पंकज कुमार, बलराम कुमार, अजित कुमार, रविन्द्र कुमार अन्य उपस्थित थे।

# पंडाडीह गांव में तीन दिवसीय हरिनाम संकीर्तन में शामिल हुए सिल्ली विधायक



प्रातः आवाज

**सोनाहातू।** प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र पंडाडीह गांव में आयोजित तीन दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन के अंतिम दिन जागरण रात्रि में सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो शामिल हुए।विधायक ने मंदिर में माथा टेककर क्षेत्र के लोगों की सुख,शांति और समृद्धि की कामना की।उन्होंने कहा कि भक्ति से स्वच्छ वातावरण बनता है।हरिनाम संकीर्तन से गांव के आसपास तक भक्तिमय वातावरण रहा।गांव समेत मंदिर परिसर को आकषर्क। रंग - बिरंगे विधुत से सजाया गया था।मौके पर सुनील कुमार सिंह, पूर्व मुखिया सुरेन्द्र सिंह मुंडा, रुद्रप्रताप सिंह मुंडा, जयपाल साहू, शुभेन्दुशेखर मुखर्जी, रामरंजन चटर्जी,शंकर साहू, जितेंद्र साहू, बिष्णुपद चटर्जी, अनूप प्रमाणिक, सुनील साहू, रामकिशोर साहू, मलय मुखर्जी, मृणाल चंद, प्रवीर चंद, फुलकेश्वर पुरान, राहुल बटब्याल, मनीष साहू, महकम महतो, अक्षय महतो, तुलसी महतो, लंकेश्वर महतो, खगेन्द्र नाथ महतो आदि उपस्थित थे।

# चान्हो : सभागार में सभी विभाग के पदाधिकारियों के साथ विधायक ने की समीक्षा बैठक

प्रातः आवाज



**चान्हो।** बुधवार को चान्हो प्रखंड के सभागार कार्यालय में सभी विभागों के पदाधिकारियों से बैठक कर उनके विभागों की रिपोर्ट कार्ड मांगी और प्रखंड में चल रहे योजनाओं पर विस्तृत जानकारी ली गई। पेयजल विभाग योजना अंतर्गत चल रही जल-नल योजना के कामो मे धीमी गति से चलने का कारण जानने का प्रयास किया, साथ ही ये कामो मे ठीकेदार द्वारा अनियमित बरती जाती है तो ठीकेदारो पर करवाई की जाये। पेयजल विभाग के जेई से प्रखंड के पंचायत पंचायत मे कराये जा रहे दस दस बोरिंग की जानकारी ली, और कहा सभी जगह काम पुरा होने मे कितना समय लगेगा।

प्रखंड में बिजली की समस्या गम्भीर है कई जगह ट्रांसफर्मर खराब होने की बजह से गांव गांव मे लाइट गुल है, ग्रामीणों को गर्मी में बहुत सारी समस्या उत्पन्न हो रही है नया ट्रांसफर्मर लगाकर, विभाग यथाशीघ्र समाधान करे।

समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी भी मौजूद थी, जिनसे स्वास्थ्य केंद्र की स्वस्थ की जानकारी लिया साथ ही कितने मरीज अस्पताल मे है और कितने दवा अस्पताल मे उपलब्ध है और कितना नहीं। विधायक को दूसरे प्रखंड के समुदायिक केंद्र से जानकारी मिला था कि डॉक्टर, स्टॉफ और नर्स मरीजों को उनके हालत मे छोड़कर अपने कामो में चले जाते है। क्या ये अस्पताल मे भी यह होता है। अगर होता है तो इसपर सुधार किया जाये। साथ ही बिधायक ने अन्य अधिकारियों से अबुआ आवास, वृद्धा पेंशन, प्रकृतिक आपदा, घर क्षति, सड़क दुर्घटना मुआवजा एवं अन्य विकास कार्यो पर चर्चा की।

मौके पर बैठक मे बीडीओ , सीओ, अन्य विभाग के पदाधिकारी, पार्टी प्रखंड अध्यक्ष इस्तियाक अंसारी, विधायक प्रतिनिधि अब्दुल्ला अंसारी, इरशाद अंसारी, अजित सिंह, शिव उरांव, दिलीप सिंह, रंथेश्वर शाही, सीटू उरांव, अन्य मुखिया गण एवं अन्य उपस्थित रहे।

# सरकार और विपक्ष दोनों जनभावना से खिलवाड़ कर रहे : सरयू राय

प्रातः आवाज




**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के संरक्षक और जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने कहा है कि राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं। इसके बावजूद विपक्ष भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाने में विफल रहा है। जाहिर है, सरकार और विपक्ष, दोनों ही जनभावना के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। श्री राय बुधवार को यहां डोरंडा में भारतीय जनतंत्र मोर्चा की कोर कमेटी में अपनी बात रख रहे थे।

श्री राय ने कहा कि सरकार ने अपना खजाना चुनाव आने पर खोला। अब बड़ा सवाल यह है कि सरकार अब पैसा कहाँ से लाएगी? बजट में तो है ही नहीं । उन्होंने कहा कि झारखंड का हर जिम्मेदार नागरिक जानता है कि इस सरकार पर भ्रष्टाचार के छींटे हैं। भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं। इसके बावजूद अलग-अलग धड़ों में बंटा विपक्ष भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाने में अब तक विफल रहा है। सिर्फ सरकार ही नहीं, विपक्ष भी झारखंड की जनता को ठग रहा है। लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ किया जा रहा है। स्थानीय नीति, रोजगार और आरक्षण जैसे मुद्दे रह-रह कर उठाए जाते हैं। इन मुद्दों को उठाने का मकसद जनता को सिर्फ बेवकूफ बनाना होता है। यह सरकार इन मुद्दों पर जनता को बेवकूफ ही तो बना रही है।

श्री राय ने कहा कि शराब घोटाला आज का घोटाला नहीं है। यह 2015 से ही चल रहा है। 2015 से ही खनन घोटाला भी चल रहा है। कई मामलों मे चार्जशीट मे 2015 से अब तक का जिक्र है पर उस समय के लोगों को संवैधानिक पद दिया जा रहा है। भ्रष्टाचार की महिमा ऐसी कि देश की सबसे बड़ी पार्टी भी सीता-गीता पर भी भ्रष्टाचार का आरोप होने के बाद भी एक बड़े दल को उन्हें अपने साथ लेने में कोई परहेज नहीं।

श्री राय ने कहा कि भारतीय जनतंत्र मोर्चा के पदाधिकारी 15 जुलाई से 15 अगस्त तक प्रदेश के सभी नगरपालिका/ विधानसभा क्षेत्रों का भ्रमण करेंगे और लोगों के फीडबैक के आधार पर प्रदेश स्तर का घोषणा पत्र तैयार करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि विधानसभा चुनाव स्थानीय मुद्दों पर केंद्रित होगा, लिहाजा हम लोग जिलावार घोषणा पत्र भी तैयार करेंगे ताकि सामान्य लोगों की समस्याओं को उचित स्थान मिल सके। उन्होंने कहा कि हम लोग राज्य की जनता को तीसरा विकल्प देंगे। भारतीय जनतंत्र मोर्चा कम से कम 30 सीटों पर चुनाव लड़ेगा। मोर्चा सभी व्यक्तियों-सहमत पार्टियों के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ेगा।

मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि राँची लोकसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के अलावा नौ केंद्रीय मंत्री तथा कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों को चुनाव प्रचार करना पड़ा। इससे आप अंदाजा लगाएं कि रांची लोकसभा क्षेत्र में चुनाव कैसे हुए थे। उन्होंने कहा कि मुझे कुछ राजनीतिक दलालों ने भाजपा में शामिल होकर विधानसभा चुनाव लड़ने का प्रस्ताव भी दिया था।

उन्होंने कहा कि अब राजनीति का चेहरा विद्रूप हो चला है। मोर्चा के उपाध्यक्ष पी एन सिंह ने कहा कि हर बार का चुनाव कुछ नया सिखा कर जाता है। धर्मेन्द्र तिवारी जब लोकसभा का चुनाव रांची से लड़ रहे थे तब मैंने बहुत करीब से दो प्रचलित धाराओं के बीच तीसरे धारा को उभरते देखा था। यह तीसरी धारा भारतीय जनतंत्र मोर्चा है। मोर्चा के केंद्रीय महासचिव आशीष शीतल मुंडा ने सुझाव दिया कि हर विधानसभा में पांच-पांच बेदाग उम्मीदवारों की सूची तैयार करनी चाहिए।

डोरंडा में संपन्न कोर कमेटी की बैठक में केंद्रीय उपाध्यक्ष पी एन सिंह, मुकेश पांडे, केंद्रीय महासचिव आशीष शीतल मुंडा , संजीव आचार्य, केंद्रीय सचिव सोमेन दत्ता , मनोज सिंह के साथ सभी जिला अध्यक्ष मौजूद थे। स्वागत भाषण रांची के जिलाध्यक्ष अशोक ठाकुर तथा धन्यवाद ज्ञापन व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुशील कुमार ने किया।

## समाचार सार

### रातू : मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश



**रातू।** बाजार व भीड़ भाड़ वाले इलाके से मोबाईल चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश पुलिस द्वारा किया गया है। रातू पुलिस ने सूर्य नगर कमड़े में बिट्टू चौधरी के घर में कराते के रुप में रह रहे तीन पहाड़ साहेबगंज के छह लोगो को गिरफ्तार कर उनके घर से सैमसैंग, रियलमी, रेडमी, ओप्पो सहित अन्य कंपनी के 79 एंड्रायड मोबाईल जब्त किया है। इस संबंध में जेएसआई सतीश कुमार के ब्यान पर थाना में मामला दर्ज किया गया है। जिसमें कहा गया है कि रविवार को संडे मार्केट रातू से मोबाईल चोरी करते दो नाबालिग को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले किया गया था। उसके निशानदेही पर मंगलवार की रात्री को पुलिस ने बिट्टू चौधरी के किराये के घर में रह रहे लोगो के घर में छापेमारी की तो वहां सात लोग थे, जिसमें एक व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। घर से लड्डू नोनिया, जितेंद्र नोनिया, पुसवा नोनिया, अर्जुन नोनिया, मिथून दास व एक नाबालिग सभी तीन पहाड़ साहेबगंज निवासी को गिरफ्तार किया। जबकि रामू नोनिया फरार हो गया। पुलिस के तलाशी लेने पर प्लास्टिक थैला में सैमसंग, रियलमी, रेडमी, ओप्पो कंपन्नी का 79 एंड्रायड मोबाईल फोन बरामद किया। जिसका कागजात नही दिखा पाया। सभी मोबाईल फोन को रांची के विभिन्न बाजारो व भीड़ भाड़ वाले इलाके से विगत एक सप्ताह के अंदर चोरी किये गये है। ज्ञात हो कि रविवार को संडे से मोबाईल चोरी करते हुए दो नाबालिग को लोगो ने पकड़ कर पुलिस के हवाले किया गया था। उसके निशानदेही पर गठित टीम में शामिल पुअनि अनुरंजन कुमार, अवधेश पाठक, हवलदार चंद्रिका यादव, आरक्षी मनोज चौबे, नकुल यादव ने छापेमारी कर गिरफ्तार किया था। पुलिस ने पांच लोगो को जेल व तीन नाबालिग को बाल सुधार गृह भेजा गया।

### अपने भविष्य बनाने के लिए अनुशासन सबसे जरूरी : शालिनी विजय



**रातू।** गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल कमड़े रातू रांची में बुधवार को कक्षा 11वीं के नए सत्र 2024–25 के छात्रों के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अरदास एवं शबद से हुई। इसके बाद कक्षा 12वीं के छात्रों द्वारा कबीर के दोहे को गिटार के साथ गाकर प्रस्तुत किया गया। जिसकी सभी ने प्रशंसा की। उसके बाद ' करियर एंड गाइडेंस' पर एक पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। जिसमें छात्रों को अपने करियर चुनते समय किन–किन तथ्यों को ध्यान में रखना चाहिए। इस विषय पर छात्रों को सजग रहते हुए भविष्य की योजनाओं की तैयारी करनी चाहिए पर चर्चा की गई। विद्यालय की प्राचार्या शालिनी विजय ने नए छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि छात्रों को अपने भविष्य की योजना बनाने का यह सबसे सुनहरा मौका है। जिसमें अनुशासन एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। अनुशासन से किया गया कार्य में सफलता की गारंटी रहती है।आगे उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ–साथ छात्रों को सह शैक्षिक गतिविधियों में भाग लेते रहना चाहिए जिससे छात्रों के व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास होगा।

### गैंगस्टर अमन साहू के घर पर पहुंची एनआईए की टीम



**बुढ़मू।** बुधवार को अहले सुबह एनआईए की टीम ने गैंगस्टर अमन साहू के बुढ़मू के मतवे स्थित घर में दबिश दिया। घर में मौजूद सभी सदस्यों को कब्जे में लेकर घंटो पूछताछ किया गया। लगभग छः घंटे की लंबे छानबीन के बाद एनआईए द्वारा जमीन, ठेकेदारी समेत अन्य कई इन्वेस्टमेंट से संबंधित कागजात जब्त किये जाने की सूचना है। एनआईए के अधिकारी इस दौरान पत्रकारों को कुछ भी जानकारी देने से इनकार कर दिया। एनआईए की टीम ने घर से एक काले रंग की फॉर्च्यूनर गाड़ी जे एच 01ईभी 4900 भी जप्त किया है। यह गाड़ी किसी कंस्ट्रक्शन कंपनी के नाम से रजिस्टर्ड है। एनआईए के अधिकारियों को इस गाड़ी का उपयोग अमन साहू के दाहिने हाथ मयंक सिंह द्वारा भी किये जाने का अंदेशा है।

# टूटू सिंह के झामुमो में शामिल होने पर बढ़ा जनाधार, अगले विधानसभा चुनाव में मिलेगा लाभ

संजय सिंह / उमेश



**पलामू।** पलामू जिला परिषद के उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता कर हम कर लिया है वह भी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन का नेतृत्व में हुसैनाबाद की ऐतिहासिक धरती पर तीर धनुष को थम कल्पना सूर्य ने टूटू सिंह को माला पहनकर झारखंड मुक्ति मोर्चा में स्वागत किया। इस अवसर पर टूटू सिंह के हजारों समस्त कौन है झारखंड मूर्ति मोर्चा का जमुना थाना के बाद भूख अधूरी मुख अतिथि बटोरई कल्पना सोरेन ने कहा कि आलोक कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह एक युवा संघर्ष सेल ईमानदार जुझारू नेता है 3 महीना सिर्फ हुसैनाबाद बल्कि झारखंड को बदलने का माडा है टोटल संख्या आने से झारखंड मुक्ति मोर्चा पलामू जिला में नहीं बल्कि पूरे झारखंड में मजबूत हुआ है। आज झारखंड मुक्ति मोर्चा को टोटल सिंह जैसे कर्मठ व्यक्ति की आवश्यकता है जो गुरु जी के सपनों को साकार कर सके। आपको बता दे की पलामू जिला परिषद सदस्य फोटो से काफी मिलनसार बृजवासी हरदिल अजीज और माननीय सोच रखने वाले युवा नौजवान है। आने वाले दिनों में पार्टी इन है उचित स्थान और मान सम्मान देगा यह विश्वास विधायक कल्पना सोरेन ने टूटू सिंह को दिया इस पर टूटू सिंह ने कल्पना सोरेन का आभार व्यक्त किया। आपको बता दे की पलामू जिला परिषद के उपाध्यक्ष पद के चुनाव में पहली बार किस्मत आजमा कर टूटू सिंह ने जीत दर्ज कर जिला परिषद के उपाध्यक्ष बनाकर अपना कौशल दिखलाया। पलामू जिला परिषद के सभी सदस्यों ने टूटू सिंह को जिला परिषद का उपाध्यक्ष बनाया। क्योंकि पलामू जिला परिषद का सीट सुरक्षित है नहीं तो लोगों ने ही अध्यक्ष बनाते। जब से टूटू से राजनीतिक क्षेत्र में कदम रखा है पुत्र उत्तर विकास की ओर जा रहे हैं इसे न सिर्फ हुसैनाबाद भारती पूरे पलामू और झारखंड को विश्वास है की टूटू सिंह कुछ कर दिखाएंगे। दिन में कुछ कर दिखाने का जज्बा और हिम्मत भी है जिसे लोग स्वीकार करते हैं इनका राजनीतिक भविष्य उज्जवल है आने वाले दिनों में यह और परवान चढ़ेगा। ऐसी असर विश्वास लोग करते हैं।

### पलामू झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष गुड्डू सिन्हा ने टूटू सिंह के उज्जवल भविष्य की कामना की

झारखंड मुक्ति मोर्चा के पलामू जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा उर्फ गुड्डू सिन्हा ने कहा कि आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह एक सुलझे हुए राजनीतिक हस्ती है काफी सोच समझकर कदम उठाते हैं। उनके आने से पलामू में झारखंड मुक्ति का जनाधार बड़ा है। हमारी ताकत दुगनी हुई है। श्री सिन्हा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

# पलामू को नशामुक्त जिला बनाने के उद्देश्य से जागरूकता रथ रवाना

प्रातः आवाज




**पलामू।** पलामू को नशामुक्त जिला बनाने के उद्देश्य से बुधवार को उपायुक्त शशि रंजन ने समाहरणालय परिसर से मादक पदार्थ के रोकथाम हेतु जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रथ शहर से लेकर सुदूर गांव का भ्रमण कर लोगों को नशे के करण होने वाले विकृतियों के संबंध में अवगत करायेंगे। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि यह रथ जिले के सभी पंचायतों में जाकर लोगों को मादक पदार्थ का सेवन नहीं करने के संबंध में जागरूक करेगा। उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि जिले को नशामुक्त बनाने में आप सभी का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक नागरिक को इसके प्रति अपनी सहभागिता निभाई होगी। उन्होंने जिले के सभी अभिभावकों से अपने बच्चों पर कड़ी नजर रखने की बात कही ताकि वे गलत संगत में पड़कर नशे की तरफ न चले जायें। उन्होंने कहा कि बच्चे हमारे भविष्य है उन्होंने कहा कि बेहतर जिला,समाज और राज्य बनाने के लिए नशा पर नियंत्रण बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि नशे के कारण समाज में विभिन्न तरह के विकृतियों फैलती है साथ ही युवाओं में अपराध की प्रवृत्ति भी बढ़ती है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत जरूरी है कि हर तरह के नशे की प्रवृत्ति को रोका जाए। इसी कड़ी में आज यह जागरूकता रथ को रवाना किया गया है। मौके पर उप विकास आयुक्त रवि आंनद व जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय परामर्शदात्री सह जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक संपन्न

प्रातः आवाज




**पलामू।** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी)सह जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक हुई.बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने मुद्रा ऋण योजना, पीएमईजीपी, केसीसी, स्वयं सहायता समूह, पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई, एपीवाई, पीएमजेडीवाई, ऋण प्रवाह सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इा समीक्षा के दौरान एलडीएम ने बताया कि पूरे पलामू जिले में मार्च तिमाही में केसीसी लोन 45232 लोगों के बीच 49892 लाख रुपया, पीएमईजीपी के तहत 118 लोगों के बीच 258.95 लाख रु सहित कई अन्य योजनाओं के तहत लोन दिया गया है। उन्होंने केसीसी के समीक्षा के क्रम में कृषि क्षेत्र में किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ बढ़ाने को कहा। गाय-बकरी सहित अन्य पशुपालन योजनाओं से जुड़े लाभुकों के साथ-साथ मत्स्य पालकों को केसीसी से लाभान्वित करने की बात कही। उपायुक्त श्री रंजन ने विभिन्न विकास कार्यों के लिये उपलब्ध कराए जा रहे ऋण में सुधार करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी बैंकों से सीडी रेश्यो पर विशेष रूप से कार्य करने की बात कही। बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न विभागों के सभी पदाधिकारियों व बैंक प्रतिनिधियों को सक्रिय होकर आपस में बेहतर समन्वय के साथ काम करने की बात कही। बैठक में उपायुक्त शशि रंजन के एएसपी राकेश कुमार, डीडीएम नाबार्ड शालीन लकड़ा, एलडीएम, सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि समेत विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# खाद्य आपूर्ति, जन वितरण प्रणाली सहित कई योजनाओं का उपायुक्त ने की समीक्षा, दिये दिशा निर्देश

प्रातः आवाज




**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को झारनेट के सभागार में खाद्य आपूर्ति, जन वितरण प्रणाली दुकान से संबंधित मामले, धोती-साड़ी योजना समेत खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की समीक्षा की गयी। इस दौरान उप विकास आयुक्त रवि आनंद भी उपस्थित रहे। उपायुक्त रंजन ने प्रत्येक कार्डधारी लाभुकों को उचित दरों पर उचित मात्रा में समय खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करवाने पर बल दिया। इसके अलावे उन्होंने जून माह और जुलाई माह एनएफ एसए डोर स्टेप डिलीवरी के तहत विक्रेताओं को खाद्यान्न निर्गमन की समीक्षा की गयी। दस दिन के भीतर सभी सहायक गोदाम प्रबंधक को माह जुलाई 2024 तक का खाद्यान्न शत-प्रतिशत डोर स्टेप करने का निदेश दिया गया। जून और जुलाई माह 2024 का एनएफएसए के तहत खाद्यान्न वितरण का समीक्षा के दौरान पाया गया कि माह जुलाई 2024 का छतरपूर, मोहम्मदगंज, नावा बाजार, नवडीहा बाजार, पड़वा और पिपरा से एक-एक प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से बारी-बारी वितरण असंतोषप्रद रहने के कारण पूछा गया साथ ही वितरण कार्य में प्रगति लाने का निदेश दिया गया। माह अप्रैल 2024 का चना दाल, माह अगस्त 2023 का ग्रीन राशनकार्ड तथा सोना-सोबरन धोती साड़ी योजना अंतर्गत वस्त्रों के वितरण के संबंध में सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को निदेश दिया गया।

**पीवीटीजी डाकिया योजना की भी हुई समीक्षा**

माह जून 2024 का पीवीटीजी डाकिया योजना के तहत पीवीटीजी लाभुक परिवारों को खाद्यान्न वितरण की समीक्षा की गयी तथा दिनांक 25.04.2024 तक अनिवार्य रूप से वितरण कार्य पूर्ण करने तथा ऑनलाइन आहार पोर्टल पर अपलोड करने का निदेश दिया गया। उपायुक्त ने डीएसओ प्रीति किस्कू को वितरण कार्य में अनियमितता बरतने वाले जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के विरुद्ध कार्रवाई करने की बात कही। लाभुकों के तरफ से प्राप्त होने वाले शिकायतों की भी जांच करने को लेकर सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया।

**शत प्रतिशत आधार सीडिंग करने के निर्देश**

उपायुक्त द्वारा कार्डधारियों का आधार सिडिंग और मोबाइल सिडिंग कार्यों की समीक्षा की गयी तथा शत-प्रतिशत पूर्ण करने हेतु सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को निदेश दिया गया।हरा राशनकार्ड अंतर्गत माह अगस्त 2023 अंतर्गत अबतक वितरण कार्य असंतोष रहने के कारण, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, छतरपुर, मेदिनीनगर पड़वा और नावा बाजार को स्पष्टीकरण पूछने का निदेश जिला आपूर्ति पदाधिकारी को दिया गया।

बैठक में अनुपस्थित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी,पड़वा और सदर मेदिनीनगर का अगले आदेश तक वेतन अवरुद्ध करने का निदेश दिया गया। मौके पर विभिन्न प्रखंड आपुर्ति पदाधिकारी व सहायक गोदाम प्रबंधक उपस्थित रहे।

## आंतरिक रूप से मजबूत एवं पारदर्शी संस्थाएं धरातल पर बेहतर कार्य कर सकती है: मंजू



प्रातः आवाज

**पलामू।** संस्था विकास संबंधित एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला बुधवार को स्थानीय पांकी रोड स्थित महिला समग्र उत्थान समिति के प्रधान कार्यालय मे सम्पन हुआ। ध्वनि फाउंडेशन से मंजू पुश्चल ने महिला समग्र उथान समिति के कार्यकर्त्ता एवं पदाधिकारी सहित कार्यकारणी समिति के सदस्यो के लिए एक दिवसीय उनमुखीकरण कार्यक्रम में मुख्य भूमिका निभाई। ज्ञात हो की महिला समग्र उथान समिति पलामू, गढ़वा एवं लातेहार जिला मे विगत कई वर्षो से ग्राम विकास हेतु कार्य कर रही हैं। संस्था के कार्यकारी समिति के सदस्यों का कार्य एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। ध्वनि फाउंडेशन के राज्य प्रतिनिधि अनंगदेव सिंह ने कार्यकर्त्ताओं को प्रशिक्षित करते हुवे कहा की समय से रिपोर्टिंग प्लानिंग एवं क्रॉस चेक की प्रतिबद्धता से ही संस्था को आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्मुखीकरण कार्यक्रम मे संस्था कीअध्यक्ष कलावती देवी, डायरेक्टर मृत्युंजय रत्नाकर, निरंजन सिंह, साकेत कुमार, रागिनी सिंह रविन्द्र नाथ मंडल, ऋषभ कुमार, पुष्पलता देवी, राहुल कुमार एवं राजू कुमार समेत कई कार्यकर्ताओं ने भाग लिए।

# हमारे मेदिनीनगर में पेयजल संकट का मुख्य कारण है सरकारी उदासीनता : आशीष भारद्वाज

प्रातः आवाज



**मेदिनीनगर।** सरकारी उदासीनता पेयजलापूर्ति की पाईप लाइन मुख्य मार्ग से गुजरने के बावजूद बाईपास रोड के निवासी इसके कनेक्शन वंचित है। यह नगरनिगम कार्यालय की घोर लापरवाही है। बाईपास रोड स्थित बिजली आफीस एरिया, बारालोटा क्षेत्र में पानी यात्रा कर रहे युवाओं की टीम वहां की परिस्थितियों का अवलोकन कर काफी क्षुब्ध नजर आई। पानी यात्रा की अगुवाई कर रहे आशीष भारद्वाज ने कहा कि आज इस क्षेत्र में व्याप्त पेयजल समस्या कहीं न कहीं सरकार की लोगों के प्रति बेरुखी और नगरनिगम कार्यालय के उदासीनता की वजह से है। शहर का मुख्य हिस्सा होने के बावजूद भी इस क्षेत्र को अब तक वाटर कनेक्टिविटी से कनेक्ट नहीं किया जाना समझ से परे है। श्री भारद्वाज ने कहा कि निगम के अधिकारियों से इस संबंध में हम बहुत जल्द वार्ता कर समाधान का रास्ता तलाशेंगे। श्री भारद्वाज ने कहा कि ऐसे छोटे-छोटे पहलुओं को नजरंदाज किया जाना निगम क्षेत्र वासियों के साथ खिलवाड़ है, हम टैक्स देते है सारे नॉर्म्स पूरे करते है इसके बावजूद भी हमारे इस क्षेत्र के शहरवासियों की अनदेखी बर्दस्त से बाहर है। पानी यात्रा के आठवें दिन युवाओं की टोली सदर अस्पताल (एमएमसीएच) में व्याप्त घोर पेयजल संकट को सुन वहां भी पहूंची जहां के पानी की किल्लत की खबर सुर्खियों में भी बनी हुई है। इस दौरान युवाओं ने अस्पताल परिसर में मरीजों व उनके परिजनों से मुलाकात कर पानी की किल्लत पर बात किया। युवाओं की टीम ने सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह से मुलाकात कर, हॉस्पिटल सुप्रीटेंडेंट व हॉस्पिटल मैनेजर से बात कर पानी की सुविधा उपलब्ध कराने को कहा। सिविल सर्जन ने युवाओं को आश्वस्त किया कि बुधवार को शाम तक पेयजलापूर्ति प्रारंभ कर दिया जाएगा। बोरिंग का कार्य समाप्त हो गया है आज समरसेबल लगाने के साथ ही अस्पताल परिसर में पानी उपलब्ध करा दी जाएगी। यात्रा में नवीन तिवारी, शैलेश तिवारी, बब्लू चावला, साहेब सिंह नामधारी, रौशन तिवारी, राजन पंडित, संजीत तिवारी, राकेश तिवारी, शशांक सुमन, संदीप प्रसाद, दीपक प्रसाद, आनंद दूबे, सोनू पाण्डेय, सुनील तिर्की, अविनाश पाण्डेय, संजीत पाण्डेय, प्रभात सिंह, आकाश विश्वकर्मा, ज्ञानेश तिवारी, राहुल गुप्ता, सुरज सिंह, प्रकाश विश्वकर्मा, नवनीत मेहता, रौशन पाठक, रिशू दूबे, धीरु मेहता, गोलू मेहता सहित कई युवा समाजिक कार्यकर्ता शामिल थे।

## समाचार सार

### भवन निर्माण विभाग पलामू में कार्यपालक अभियंता एवं उनके अधीनस्थ कर्मचारियों के मिलीभगत से अंधेर नगरी कायम



**पलामू।** पलामू भवन निर्माण विभाग पलामू की अजब कहानी है रविवार यानी 16 जून को 3 महीने पुरानी वितीय वर्ष 2023-24 की निविदा को आमंत्रित किया जाता है। सोमवार को बकरीद की छुट्टी है। और 18/06/2024 मंगलवार को निविदा विपत्र खरीदने का आमंत्रण दिया जाता है निविदा विपत्र न तो भवन निर्माण विभाग के कार्यालय से बेचा जाता है नहीं पुलिस अधीक्षक के कार्यालय से बेचा जाता है। संवेदक दिन भर परेशान रहे कि निविदा विपत्र कहां प्राप्त होगा। सबसे आश्चर्य की बात कि बिना निविदा विपत्र बिक्री किये ही मनमाने तरीके से अपने मनचाहे संवेदक को रात के अंधेरे मे निविदा विपत्र देकर 19/06/2024 को निविदा विपत्र जमा भी करवाया जा रहा है। ऐसी अराजकता कार्यपालक अभियंता एवं कुछ दबंग संवेदको की मिली भगत से अवैध उगाही करने के कारण फैलाई जा रही है।

### नियमावली के अनुसार हर वर्ष जनवरी माह से चार प्रतिशत मानदेय में वृद्धि हो जानी चाहिए : बिनोद तिवारी



**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य सहयोगी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष बिनोद तिवारी के साथ पलामू जिला सहायक अध्यापक संघ के प्रतिनिधि मंडल जिला शिक्षा अधीक्षक रणधीर कुजुर जी से मिला। एडीपिओ अशोक कुमार रजक की उपस्थिति में वार्ता किया गया। जिला शिक्षा अधीक्षक से प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमलोग को नियमावली के अनुसार हर वर्ष जनवरी माह से चार प्रतिशत मानदेय में वृद्धि हो जानी चाहिए। लेकिन जिला कार्यालय की अकर्मण्यता के कारण जून महीना तक भी मानदेय वृद्धि का आदेश प्रखंड को नहीं दिया गया है।यह जिला कार्यालय का बड़ा ही अमानवीय व्यवहार है। जिला शिक्षा अधीक्षक श्री कुजुर जी ने तत्काल आज ही संबंधित पत्र निर्गत करने का आदेश अशोक कुमार रजक को दिया। दूसरी समस्या यह बतलाया गया की पलामू जिला सहायक अध्यापक का मानदेय भुगतान एडभाईस हर माह विलंब से जाता है। पलामू जिला से विलंब होने के कारण कभी कभी पुरे राज्य का भुगतान बड़े बड़े पर्व में नही हो पाता है जो बडा कष्टदायक हो जाता है। अशोक कुमार रजक जी ने कहा कि इस माह का एडभाइस आज भेज दिए हैं। एकबार पहले भेजा गया था लेकिन किसी कारणवश राज्य से लौटा दिया गया था। जिला शिक्षा अधीक्षक रणधीर कुजुर जी ने कहा कि अभी तक जो हुआ उसे छोडीए अगले बार से ससमय मानदेय का एडभाइस जाएगा जिस प्रखंड का जिला में आने में विलंब होगा उसका जिम्मेवार वहां के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी होंगे। अगले महीना से समय पर जितने प्रखंड का एडभाइस आएगा उतना का ही जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में झारखंड राज्य सहयोगी शिक्षक संघ पलामू जिला कोषाध्यक्ष इमामुद्दीन अंसारी, जिला उपाध्यक्ष जनेश्वर सिंह, विजय तिवारी, रामाश्रय प्रसाद और दीनानाथ प्रसाद उपस्थित हुए।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पहले आओ-पहले पाओ के तर्ज पर बंटेगा टोपी व टी शर्ट

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त ने की अधिकारियों संग बैठक

### शहर के शिवाजी मैदान में आयोजित होगा कार्यक्रम

प्रातः आवाज



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त ने शहर के शिवाजी मैदान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को आयोजित करने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शिवाजी मैदान की साफ सफाई, बैठने की व्यवस्था, लाइट एंड साउंड, मंच, पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही एम्बुलेंस तथा फर्स्ट एड व्यवस्था के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक में उपायुक्त ने आयुर्वेद विभागाध्यक्ष को समन्वय के साथ सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 06 बजे से लेकर 07 बजे तक किया जायेगा। तत्पश्चात न्यू टाउन हॉल में सभी लोगों को योग के ऊपर बनाये गये कुछ चुनिंदा वीडियो को दिखाया जायेगा तथा स्नेक्स की व्यवस्था की जायेगी।

पहले आओ-पहले पाओ के तर्ज पर 500 लोगों के बीच टोपी व टी शर्ट किया जायेगा वितरित।

बैठक में डीसी श्री रंजन ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आमजन की अधिक से अधिक भागीदारी हेतु पहले आओ-पहले पाओ के तर्ज पर 500 लोगों के बीच टोपी व टी शर्ट वितरित करने की बाते कही। इसके साथ ही सभी विभागीय अधिकारी- कर्मचारी भी इस योग दिवस के अवसर पर अनिवार्यतः मौजूद रहे। जिला मुख्यालय के साथ ही ब्लॉक तथा सभी ग्राम पंचायतों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग का अभ्यास करवाने हेतु संबंधितों को निर्देशित किया।

बैठक में उपायुक्त के अतिरिक्त सहायक पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह, सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी बिनय कुमार श्रीवास्तव, एनडीसी विक्रम आनंद, सहायक नगर आयुक्त फैजुर अहमद सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### आपसी भाईचारा बिगाड़ने वाले को चिन्हित कर गिरफ्तार करें एसपी : रूचिर तिवारी



**पलामू।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने पांकी अंचल के नौडीहा बहेरा में एक व्यक्ति के गौशाला में प्रतिबंधित मांस का टुकड़ा मिलने एवं कुएं में प्रतिबंधित मवेशी का हड्डी मिलने की घटना को शर्मसार बताया है और उन्होंने कहा कि ऐसा करने वाले व्यक्ति न सिर्फ अपने कौम का बल्कि वह पूरे समाज का दुश्मन है जिस प्रकार से आपसी प्रेम ,भाईचारा एवं सौहार्द को बिगड़ने का काम किसी शरारती तत्वों के द्वारा किया गया है उसकी अभिलंब गिरफ्तारी आवश्यक है पलामू आरक्षी अधीक्षक ऐसे शरारती तत्वों को चिन्हित कर उन पर कार्रवाई करें इसके साथ ही पांकी अंचल में विशेष कैंप करें ताकि पांकी क्षेत्र में में अमन चैन एवं शांति व्यवस्था बनी रहे।

आम के आम गुठली के दाम : लोहरदगा की बाजारों में स्थानीय आम ही बिकते हैं, पहले मालदा, आम्रपाली बाहरी आम ही बिकते थे

# लोहरदगा में आम की बागानों ने बिखेरी मिठास

**आम्रपाली, चौसा, फजलि, मालिका, कानपुरी, लंगड़ा आम का बागान से कर रहे हैं लाखों रुपए की आमदनी**

**झारखंड सरकार पलायन रोकने के लिए आम बागान की खेती में करेंगी सहायता : मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव**

**आम किसान की सिंचाई में जिला प्रशासन करेंगे सहयोग : डीडीसी दिलीप सिंह शेखावत**

**प्रशासन सिंचाई के लिए ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दे तो लोहरदगा को पंजाब और हरियाणा बना देंगे : किसान गंगा उरांव**

किशोर वर्मा, अनामिका भारती





**लोहरदगा (प्रातः आवाज)।** लोहरदगा प्रखंड के भक्सो गांव में स्वर्गीय महादेव उरांव का परिवार ने आम के बागान की खेती करके अपना जीवन स्तर सुधारने में अहम भूमिका निभाई है। आज लाखों रुपए की आमदनी करके बच्चों को अंग्रेजी मीडियम के प्राइवेट स्कूल में अपने बच्चों की पढ़ाई कर अपना जीवन स्तर सुधारने की कोशिश कर रहे है। स्वर्गीय महादेव उरांव के चार पुत्र स्वर्गीय फूलदेव उरांव, स्वर्गीय बासुदेव उरांव और जोगेन्दर उरांव है। उनमें से स्वर्गीय फूलदेव उरांव के तीन पुत्र विष्णु उरांव, क्रिस्तो उरांव, महेन्दर उरांव तथा स्वर्गीय बासुदेव उरांव के दो पुत्र गंगा उरांव तथा दवाल उरांव, जोगेन्दर उरांव का पुत्र शिवनाथ उरांव, जीतेश्वर उरांव तथा विष्णु उरांव का पुत्र जसेन उरांव एवं पत्नी सुनीता उरांव, फूलमणि उरांव, मांगो उरांव जो मैट्रिक पास है ने मिलकर अपनी 22 एकड़ जमीन में से 06 एकड़ में सुनीता उरांव, फूलमणी उरांव, मनीता उरांव और जोशेन उरांव द्वारा जय सरना बागवानी महिला, खुशबु, छोटी और शांति मण्डल भक्सो डुमर टोली के नाम से 'प्रदान' संस्था के सौजन्य से समिति खोला और प्रदान संस्था जो कल्याण विभाग के इंडिया ट्राइबल ट्रेडक्शन एजेंसी (मेसो) समेकित विकास विकास योजना जो अब मनरेगा के नाम से जाना जाता है के तहत 'प्रदान' संस्था के द्वारा रांची के नगड़ी में प्रशिक्षण दिया गया था और प्रशिक्षण के उपरांत धनामुंजी गांव के किसान बुधराम उरांव तथा हिरही गांव के विजय उरांव एवं स्वयं गंगा उरांव सहित बंगाल के मालदा में जाकर प्रशिक्षण प्राप्त किया था। प्रशिक्षण के उपरांत आम की बेस्ट क्वालिटी का आम पेड़ रोपने निमित्त प्रदान किया गया था जो निशुल्क प्रदान किया गया था। साथ में खेती पटवण निमित्त दो कुआं प्रदान कर सिंचाई की व्यवस्था कराई गयी थी जो अब वहीं छोटा सा आम का पेड़ आज बड़ा आम का पेड़ बन कर घर परिवार का पालन पोषण सहित खुशयाली प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर भक्सो डुमर्टली आम किसान गंगा उरांव ने ब्यूरो चीफ किशोर कुमार वर्मा की टीम के सदस्यों को बताया कि पहले एक आम खाने के लिए ऊपर वालों पर निर्भर रहना पड़ता था, आज हम सब आम के बागान पर निर्भर हैं। बस तीन महीना अच्छे से देखभाल करना पड़ता है। मार्च से जून तक सुरक्षा के साथ आम के पेड़ों के साथ-साथ उनके अगल-बगल समेकित खेती बागवानी करते है। जहां साग सब्जी की खेती से भी सालों भर खाने को सब्जी उपज हो जाती है और सब्जी के लिए जो खाद्य -पानी पटवण किया जाता है उसे ही आम के पेड़ अपने में समा लेता है और उसी से प्रत्येक साल आम की खेती होते रहती है। एक एकड़ में एक लाख रुपए की कमाई होती है। हमलोग सभी परिवार के सदस्य मिलजुल कर छह एकड़ में आम की खेती से लगभग छह लाख रुपए की आमदनी कर लेते हैं और साथ में बागवानी से साग सब्जी भी खाने को सालों भर प्राप्त हो जाता है। इसलिए कहता हूं कि आम की खेती करो लखपति बनो और आम के आम गुठली के दाम प्राप्त करो।

गंगा उरांव तथा पूरा परिवार चाहता है कि हम और आगे बढ़े, लेकिन जिला प्रशासन बाजार उपलब्ध कराये तथा सिंचाई के लिए 65 केवी या 100 किलोवाट्स का ट्रांसफार्मर दें, तब हमलोग और तरक्की करेंगे खूब मेहनत करेंगे। बागवानी और बढ़ा कर सब्जी बाजार को भी उपलब्ध कराएंगे। आम की खेती भी और 22 एकड़ में करेंगे, उसके लिए कुसुम योजना के तहत सॉलर बोरिंग की व्यवस्था किया जाय इससे अन्य किसानों को भी प्रेरित किया जा सकेगा की घर बैठे ही आप लखपति बन सकते हैं। अन्य राज्यों में पलायन भी रुकेगा और गांव, शहर, जिला तरक्की कर धनवान बनेगा। उन्होंने बताया कि मैं हार्टीकल्चर और एग्रीकल्चर दोनों साथ-साथ करना चाहता हूं। प्रशासन और सरकार मदद करेगा तब लोहरदगा को भी पंजाब और हरियाणा जैसा समृद्धि राज्य व जिला बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पूर्व में महुवा माजी जो अब सांसद हैं ने भी आकर हम सबको प्रेरणा दी थी, ताकि खेती कर स्वावलम्बी बन सकूं, लेकिन सरकार बाजार उपलब्ध नहीं करा पा रही है जिसके कारण स्वयं लोहरदगा के बाजारों में खुदरा आम बिक्री करना पड़ता है। व्यापारी उचित दाम नहीं देते हैं, पहले लोहरदगा में कानपुर और बंगाल के मालदा आम की भरमार हुआ करती थी, लेकिन अब लोहरदगा के स्थानीय आम के किसान चाहे धनामुंजी के हो हिरही या भक्सो के आम, किसान के ही आम बाजारों में उपलब्ध रहता है जो मिठास लिए हुए जिला को मीठी खुशबु और आर्थिक स्वावलम्बी बनने को प्रेरणा देती है।

इस सम्बन्ध में डीडीसी दिलीप सिंह शेखावत ने कहा कि आम किसान की मांग जायज है। जिला प्रशासन जरूर उनकी मदद करेगा और किसान की आमदनी बढ़ाने में सहयोग करेंगी ताकि अन्य को भी प्रेरणा मिलेगा। इस सम्बन्ध में स्थानीय विधायक सह झारखण्ड सरकार के वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने कहा कि झारखण्ड सरकार ऐसे अच्छे सोच और मेहनती किसान की मदद करेगा और पूरे झारखण्ड में आम की खेती को प्रोत्साहित किया जायेगा ताकि झारखण्ड से कोई पलायन नहीं करे और स्वयं खेती कर गंगा जैसे किसान लखपति बन सके।

## सभी को मिलकर लोहरदगा की प्राकृतिक छटा को बचाए रखना है: धीरज प्रसाद साहू

प्रातः आवाज



**लोहरदगा।** ग्रीन लोहरदगा कैंपेन के तहत विभिन्न क्षेत्रों में एक हजार पौधरोपण का लक्ष्य इमरजेंसी केयर संस्था ने रखा है, जिसकी शुरूआत मंत्री रामेश्वर उरांव, पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू और डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने बीएस कॉलेज परिसर में एक-एक पौधा लगाकर की।

रामेश्वर उरांव ने इमरजेंसी केयर के सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्तमान में पौधे लगाना और बचाना हमसब का दायित्व है। पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि लोहरदगा जितना खूबसूरत शहर आसपास देखने को नहीं मिलेगा। यहां का नजारा और प्राकृतिक छटा बड़े-बड़े हिल स्टेशन के समकक्ष है। ऐसे में जितना ज्यादा पेड़ होगा यहां का मौसम उतना अच्छा होगा। सभी को मिलकर इसे बचाए रखना है।

डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने इमरजेंसी केयर के काम की सराहना की और कहा कि पेड़ से जलस्तर सही रहता है। वायुमंडल में प्रदूषण की मात्रा कम होती है। अशोक यादव और निशीथ जायसवाल ने भी एक-एक पौधा लगाए और इस नेक काम में सहयोग देने की बात की। इमरजेंसी केयर सचिव देशराज गोयल ने सभी अतिथियों को धन्यवाद दिया। इस मौके पर अशोक यादव, निशित जायसवाल, निखिल बर्मन, नंदलाल तिवारी, रंजीत साहू, अरविंद कुमार, आशीष कुमार, अमित कुमार, किशोर कुमार, जयजित चौबे, अजय, धैर्य और भावेश सहित अन्य उपस्थित रहे।

## एकल विद्यालय समिति की हुई बैठक



**लोहरदगा।** लोहरदगा के मिशन चौक में सतीश जायसवाल के आवास में एकल विद्यालय समिति की बैठक हुई। एकल विद्यालय गांव-गांव में महिला समिति द्वारा संचालित होती है, जो ग्रामीण बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान करती है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा तथा पंचमुखी शिक्षा के तहत देशभक्ति की भावना पूर्ण आदि विषय पर अधिक ध्यान देगी और बच्चों के सर्वांगीण विकास कराएगी। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के सदस्य सचिन कुमार, जितेंदर सिंह, अरविन्द दुबे, सत्येंद्र मिश्रा, किशोर बंका, नन्दलाल उरांव, गुड्डू रॉय, रंजीत यादव तथा अध्यक्ष सतीश जायसवाल थे।

## मानसिक एवं शारीरिक सुख का आधार है योग : सुधा झा

प्रातः आवाज



**लोहरदगा।** स्वामी रामदेव एवं देश के प्रधानमंत्री के सफल प्रयास से योग दिवस का आयोजन पूरे विश्व में सफलीभूत हुआ है। इस क्रम में महिला पतंजलि योग समिति झारखंड, पश्चिम बंगाल एवं बिहार के राज्य प्रभारी सुधा झा का आगमन लोहरदगा जिला में हुआ। लोहरदगा डाक बंगला में श्री राम समिति के सुषमा सिंह एवं समाजसेवी मंजू जायसवाल के द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

महिलाओं को राज्य प्रभारी सुधा झा ने योग करने की आवश्यकता को बताते हुए प्रत्येक महिला के लिए योग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि परिवार को स्वस्थ रखना महिलाओं की ही जिम्मेदारी है। लोहरदगा जिला में प्रत्येक प्रखंड में योग का प्रचार प्रसार करते हुए 20000 महिलाओं का योग से जोड़ने का आह्वान किया गया। पूरे झारखंड में सन 2025 मार्च तक 5 लाख महिलाओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। समिति के पुनर्गठन भी किया गया, उपस्थित सभी महिलाओं को योग के कार्यों को विस्तार देने के लिए कार्यभार सौंपा गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रतिमा देवी, मंजू जायसवाल, सुषमा सिंह, पूर्व अध्यक्ष सतीश जायसवाल, लखन लाल मांझी, पवन कुमार, आशा सोनी, इंदु देवी, वैशाली कुमारी, नैना, सुधा शिखर, विष्णु देवी, मधु खत्री, बसंती देवी, निधि कुमारी सहित काफी महिलाओं ने योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रतिमा देवी एवं धन्यवाद ज्ञापन मंजू जयसवाल के द्वारा किया गया।

## समाचार सार

### सखी मंडल की दीदीयों ने मादक पदार्थ का सेवन नहीं करने की ली शपथ



**लोहरदगा (प्रातः आवाज)।** मादक पदार्थों के सेवन के विरुद्ध जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को जेएसएलपीएस द्वारा लोहरदगा जिला के कुड़ू, भंडरा एवं किस्को प्रखण्ड में सखी मंडल की दीदीयों द्वारा जीवन में कभी मादक पदार्थों का सेवन नहीं करने की शपथ ली गयी। इसके बाद ग्राम क्षेत्र में जागरुकता रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरुक भी किया गया।

### युवा कांग्रेस ने राहुल गांधी के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर एवं पौधरोपण किया



**लोहरदगा (प्रातः आवाज)।** बुधवार को प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर युवा कांग्रेस लोहरदगा के द्वारा पौधरोपण और रक्तदान शिविर लगाकर 12 युवा साथियों के द्वारा 12 यूनिट रक्तदान किया गया। जिसमें मुख्य रूप से शामिल सास्वत सिद्धार्थ भगत, सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर अमस अंसारी, नकीब अंसारी, जिला सचिव सुहैल अख्तर, जिला महासचिव इमरोज अंसारी, प्रत्यूष पांडे, दीपेश उरांव, वकील खान, विनोद भगत, जाहिद अंसारी, मोबिन अंसारी, सादाब रजा, आसिफ खान, फागु उरांव, असीस लकड़ा, मुराद अंसारी, मनिया कुरैशी, लछु उरांव, इमरान अंसारी इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### लोहरदगा को किया जायेगा अतिक्रमण मुक्त : नगर प्रशासक



**लोहरदगा (प्रातः आवाज)।** बुधवार को नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत पुराना नगर परिषद, सोमवार बाजार, बड़ा तालाब होते हुए अपर बाजार तक अतिक्रमण मुक्त हेतु अभियान चलाया गया। जिसमें नाली/सड़क पर जिन दुकानदारों के द्वारा अतिक्रमण किया गया है उसे मुक्त कराते हुए अंतिम चेतावनी दी गई और दंड शुल्क भी वसूला गया। उक्त अतिक्रमण में नगर प्रबंधक विजय कुमार, अनिल उरांव, कनीय अभियंता सुशील कुमार, विक्रम कुमार, आलोक कुमार, अभिषेक कुमार तथा नगर परिषद के कर्मी उपस्थित थे। इस अवसर पर लोहरदगा नगर प्रशासक जय पाल सिंह मुंडा ने कहा कि लोहरदगा को अतिक्रमण मुक्त किया जायेगा। लोहरदगा में ट्रैफिक व्यवस्था ठीक करने तथा सुंदरीकरण निमित्त जो भी अतिक्रमण हुआ है स्वयं अपने से लोहरदगा के हित में हटा लें अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

### मादक पदार्थो पर रोक विषयक कार्यशाला नगर भवन में आज

**लोहरदगा (प्रातः आवाज)।** मादक पदार्थों के दुरुपयोग पर रोक लगाने के विषय पर कार्यशाला नगर भवन, लोहरदगा में आज सुबह 11.30 बजे निर्धारित है। इसकी जानकारी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा दिया गया है।

### शिक्षक रामबिलास की दोनों बेटियों ने मां-पिता का बढ़ाया गौरव




**लोहरदगा (प्रातः आवाज)।** लोहरदगा के शिक्षक रामबिलास सिंह की दोनों बेटियों ने अपने मां और पिता का गौरव सम्मान बढ़ाया। लोहरदगा सदर प्रखंड स्थित नवाडीपाड़ा के रहने वाले रामविलास सिंह की दो बेटियों ने पुरस्कार जीती हैं। रामविलास सिंह की पुत्री पल्लवी कुमारी सिंह ने लोहरदगा - कला के क्षेत्र में एक उभरती कलाकार हैं जिन्होंने सरकार थीम पर एक चित्र बनाया, जिसमें झारखण्ड स्तर पर द्वितीय प्रस्थान प्राप्त हुआ। उनको काला कोष रांची लालपुर के द्वारा प्रिया कुमारी सिंह और विकास अग्रवाल ने पल्लवी सिंह को द्वितीय स्थान के लिए सम्मानित किया। वहीं राम विलास सिंह की दूसरी बेटी रितिका सिंह को एक अखबार द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। रितिका सिंह ने डीएवी पब्लिक स्कूल में पढ़ते हुए बारहवीं क्लास में 92.6% मार्क्स लाकर यह सम्मान प्राप्त किया है।

## टीएलएम निर्माण ऐसा करे जिससे सरलतम तरीके से बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान रोचक हो : नीलम आइलीन

प्रातः आवाज




**लोहरदगा।** निपुण भारत मिशन कार्यक्रम के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्य स्तर पर तीन दिवसीय निपुण समागम 2024 का आयोजन चार जुलाई 2024 तक किया जाना है। इस समागम राज्य के सभी 24 जिलों द्वारा टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मैटेरियल्स) प्रदर्शनी लगायी जानी है। इस समागम का मुख्य उद्देश्य राज्य में बुनियादी शिक्षा एवं साक्षरता के प्रति शिक्षकों एवं समुदाय को जागरूक करते हुए जिसके सभी कक्षा 1 से पांच तक के विद्यार्थियों को निपुण बनाना है। राज्य स्तरीय समागम की सफलता पूरी तरह से जिलों की प्रतिभागिता एवं जिलों के द्वारा लगाये जाने वाले प्रदर्श पर निर्भर करती है। इस जिला स्तर पर समयबद्ध तरीके से दिनांक 19 से 22 जून 2024 तक जिला स्तरीय स्तरीय चार दिवसीय की एलटीएम निर्माण कार्यशाला आयोजित कर टीएलएम निर्माण करते हुए जिला स्तरीय निपुण समागम टीएलएम मेला की आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने की दिशा में किया गया कार्य है। दिनांक 19 जून 2024 को डाएट चिरी में नीलम आईलिन टोप्पो, जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर चार दिवसीय टीएलएम निर्माण कार्यशाला का उद्घाटन किया। कार्यशाला की सफलता हेतु अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि इसमें भाग लेनेवाले शिक्षकों के द्वारा इस प्रकार का टीएलएम निर्माण करें जिसमें पूर्व, प्राथमिक एवं प्राथमिक कक्षाओं में अध्ययनरत बच्चे सरलतम तरीके से बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान को रोचकता के साथ सीख सकें।

अभिषेक झा, अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा कर्यशाला की महत्ता बताते हुए कहा कि सभी प्रतिभागी शिक्षक अपने विद्यालय के बच्चों की स्तर को दृष्टिपथ रखते हुए सरल गतिविधि आधारित टीएलएम को निर्माण करें। जिसमें पठन-पाठन की क्रिया को रोचक बनाया जा सके। अशोक कुमार पाण्डेय, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा कार्यशाला में 03 क्षेत्रों में टीएलएम निर्माण करने की बात कही। ये तीन क्षेत्र क्रमशः भाषा हिंदी व अंग्रेजी जनजातीय भाषा कुडुख, संख्या ज्ञान विषय से संबोधित टीएलएम निर्माण किया जाना है। इस कार्यशाला में जिले के प्राथमिक कक्षाओं में पढ़ानेवाले सौ शिक्षकों के माध्यम से टीएलएम निर्माण किया जा रहा है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर सीजेएम ने की पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक

प्रातः आवाज




**लोहरदगा।** नालसा नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देशानुसार आगामी 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। इसे लेकर लोहरदगा के सभी थाना प्रभारियों के साथ सीजेएम कृष्णकांत मिश्रा, वरीय सिविल जज अर्चना कुमारी, डालसा सचिव राजेश कुमार, न्यायिक मजिस्ट्रेट जया स्मिता तिर्की एवं अनुमंडलीय न्यायिक मजिस्ट्रेट अमित कुमार गुप्ता ने बैठक की। पुलिस पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए सीजेएम ने सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित एक्शन प्लान के तहत जिन दांडिक वादों को चिन्हित किया गया है उनसे संबंधित अभियुक्त एवं गवाहों को ससमय न्यायालय में उपस्थित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही साथ आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जो नोटिस विभिन्न न्यायालयों द्वारा जारी किए जा रहे हैं उसे अविलंब तामिल कराकर न्यायालय को वापस करें, ताकि ज्यादा से ज्यादा मामलों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत में हो सके।

डालसा सचिव राजेश कुमार ने सभी थाना प्रभारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि जिन अभियुक्त को थाना द्वारा पकड़ा जाता है और जिन्हें जेल भेजना अनिवार्य है, गिरफ्तारी मेमो बनाते समय ही एलएडीसीएस के अधिवक्ताओं को उनके मोबाइल पर सूचना दी जाए, ताकि वह रिमांड के समय उपस्थित रह सके। मीटिंग में वरीय सिविल जज अर्चना कुमारी ने भी कोर्ट संबंधित समस्याओं की चर्चा की। चेक बाउंसिंग के बढ़ते हुए मामलों को देखकर पुलिस को यह हिदायत दी गई कि वह चेक मामलों के केस में यदि न्यायालय द्वारा अजमानतीय वारंट जारी कर दिया जाता है तो थाने पर से उसे बेल न दिया जाए। उसे न्यायालय में आत्मसमर्पण करने को कहा जाए, ताकि चेक अनादरण से संबंधित ज्यादा से ज्यादा मामलों को शुरुआती स्तर पर ही सुलझाए जा सके। मौके पर पुलिस अधिकारियों ने भी अपनी समस्याओं को रखा। अधिवक्ता विवेक कुमार भी मीटिंग में उपस्थित थे।

मादक पदार्थों के इस्तेमाल के विरूद्ध एक सप्ताह तक चलेगा जागरूकता अभियान

# लोहरदगा जिला को बनाना है नशामुक्त : डीडीसी दिलीप

- उप विकास आयुक्त ने जागरूकता रथ को दिखायी हरी झंडी

प्रातः आवाज




**लोहरदगा।** राज्य सरकार के निदेश पर लोहरदगा जिला को नशामुक्त बनाने की दिशा में अभियान की शुरुआत के रूप में सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय की ओर से जागरुकता रथ को उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि राज्य सरकार ने पूरे राज्य को नशामुक्त बनाये जाने का संकल्प लिया है। इस दिशा में जिला प्रशासन लोहरदगा की ओर से लोहरदगा जिला में भी जागरूकता अभियान 19 से 26 जून 2024 तक जिला स्तर से लेकर प्रखण्ड व पंचायत स्तर तक चलाया जाएगा। इस अभियान में महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सूचना एवं जनसम्पर्क, नगर परिषद, पुलिस विभाग, जेएसएलपीएस के अलावा कई संस्थाएं भी अपने-अपने स्तर से जागरूकता अभियान में शामिल होंगे।

उप विकास आयुक्त ने कहा कि आजकल सोशल मीडिया के दौर में बच्चे आसानी से नशे की लत में आ जा रहे हैं। किशोरों में आज यह तेजी से बढ़ा है। लोहरदगा जिला प्रशासन ने यह संकल्प लिया है कि लोहरदगा जिला में मादक पदार्थों के इस्तेमाल पर रोक लगायी जाए ताकि नशे से छुटकारा मिल सके। स्कूल व कॉलेज में भी यह जागरूकता अभियान चलाया जाएगा जिसमें युवाओं को जागरूक करने में मदद मिलेगी। यह अभियान एक सप्ताह चलेगा। अगर कोई नशा के प्रभाव में बच्चे/युवा या कोई व्यक्ति पाया जाता है उन्हें नशामुक्त किया जाएगा। सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय की ओर से जागरूकता रथ लोहरदगा जिला में 20 जून को कैरो प्रखण्ड, 21 जून को किस्को प्रखण्ड, 22 जून को कुडू प्रखण्ड, 23 जून को भण्डरा प्रखण्ड, 24 जून को पेशरार प्रखण्ड, 25 जून को सेन्हा प्रखण्ड और 26 जून को कुडू प्रखण्ड में भ्रमणशील रहेगा।

### नशीला पदार्थ से ही समाज में बुराई फैलती है : सीता पुष्पा

**लोहरदगा।** जिला के डीएमएफटी मद से पेशरार प्रखण्ड के सहेदापाट में तैयार आंगनवाड़ी केंद्र भवन का शुभारंभ आज बुधवार को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा द्वारा किया गया। शुभारंभ के उपरांत पदाधिकारी द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र के लाभार्थियों को मादक पदार्थों के इस्तेमाल के विरूद्ध चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के बारे जानकारी दी गई। बताया गया कि यह जागरूकता अभियान दिनांक 19 से 26 जून तक चलाया जाएगा। उन्होंने इस मौके पर नशीले पदार्थों के सेवन से होनेवाले नुकसान के बारे मे बताया और युवाओं को नशीले पदार्थों से दूर रहने की सलाह दी गई। पदाधिकारी द्वारा विभाग की योजनाओं यथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सावित्रीबाई फुले योजना, शून्य से पांच वर्ष के बच्चों की वृद्धि निगरानी, आधार सत्यान आदि की जानकारी दी गईं।

# अथ श्री विक्रम-बेताल जल कथा



**सुनील कुमार महला**

हर बार की तरह राजा विक्रम फिर बेताल को पेड़ से नीचे उतारता है और पीठ पर लादकर उसे योगी के पास ले जाने के लिए चल देता है। ऐसे में एक बार फिर बेताल राजा विक्रम को बोलने पर विवश करने के लिए एक नई कहानी कहना शुरू करता है। कहानी है, जल की। बेताल बोला - गर्मी का मौसम है और इस भीषण गर्मी में इन दिनों चहुंओर जल संकट है। यहां तक कि राजधानी दिल्ली भी इससे अछूती नहीं रही है। बेचारे कभी हरियाणा से तो कभी हिमाचल से पानी मांग रहे हैं। सरकार पशोपेश में है कि आखिर पानी की समस्या का हल हो तो कैसे हो ? सभी जल संकट पर यू-टर्न लेते नजर आ रहे हैं। बेताल, विक्रमादित्य की पीठ पर लदा, कहानी सुना रहा था और कहानी सुनाने के बाद दहाड़ती हुई हंसी के साथ महान् ज्ञानी न्यायप्रिय राजा विक्रमादित्य से बेताल ने पूछा -बताओ राजा जी ! देश वासियों के पास इस जल संकट का क्या हल है ? राजा विक्रम बेताल से कहने लगे - तुम कहते हो देश में पानी की कमी है।

देशवासी तो यूं ही पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। आज मेट्रो शहरों में एयर कंडीशनर बहुत हैं। घरों में, दफ्तरों में। हर जगह एसी ही एसी बिखरे पड़े हैं। कुकुरमुत्ते भी इन एसी की संख्या को देखकर शर्माने लगे हैं। हर तरफ गली-गली, मोहल्ले-मोहल्ले एसी ही एसी पसरे पड़े हैं। यहां तक कि सड़क पर चलती बसों, कारों यहां तक कि हरेक प्रकार की गाड़ियों में एसी लगे हैं। एसी से गर्मी के कारण खूब पानी निकलता है, यदि इस पानी को इकट्ठा कर लिया जाए तो देश के लोगों का काम आसानी से व बखूबी चल सकता है। वो क्या है कि इन सभी एसी का पानी यूं ही व्यर्थ सड़कों पर बहता रहता है। ये जल को संरक्षित करने का जमाना है। एक और बात बताऊं-ज बेताल क्या तुम्हें नहीं पता ट्रेनों के एसी कोचों में भी बड़े व रईस लोग बोतल से पानी पीकर आधी से अधिक मिनरल वाटर बोटल को यूं ही छोड़ देते हैं। इस पानी को इस्तेमाल में लाया जाना चाहिए। मिनरल वाटर पीना चाहिए, पानी के बिना यूं ही मरना क्यों ? आजकल घर-घर, दफ्तर दफ्तर वाटर फिल्टर लग गये हैं। इतने कि हर कमरों तक में वाटर प्योरीफायर लगे हैं। बिजली कंपनियों के इससे मौज लगी है, बिजली खपत से खूब पैसा कमा रहीं हैं। इधर वाटर फिल्टर एक बाल्टी वाटर फिल्टर करता है, चार बाल्टी खराब पानी बहा देता है। इस अनफिल्टर्ड वाटर से कितने ही लोगों की जरूरतें पूरी हो सकती है। वैसे शहरों में आज अनेकानेक स्वीमिंगपूल खुले हैं, कारें धोई जा रही हैं, लोन सींचे जा रहे हैं। बेताल ! तुम पानी के पीछे पड़े हुए हो। तुम विकास देखो, विकास। पानी की कमी कहां है ? हम लोगों ने तो चांद तक पर पानी ढूढ़ लिया है। जमीं पर तो पानी की कोई कमी है ही नहीं। कमी होती तो क्या हम धड़ाधड़ पेड़ काटते ? हम नदियों को इसीलिए तो ईमानदारी से साफ नहीं करते। पानी तो जगह-जगह बिखरा पड़ा है। तुम नहीं देखते हमारे अधिकतर सार्वजनिक नल खुले पड़े रहते हैं और उनसे निरंतर पानी यूं ही रात-दिन बहता रहता है। रेलवे स्टेशन हो या बस स्टैंड या अन्य कोई भी स्थान। हम एक बाल्टी से नहीं कई-कई बाल्टियों से मजे से नहाते हैं। रसोईघर में अनलिमिटेड पानी बहाते हैं।

बेताल भाई हम तो पानी का विलासिता से उपयोग करते हैं। हम फैक्ट्रियों का रासायनिक कचरा मजे से नहरों और नदियों में डालते हैं। हम सीवर लाइनों का मुंह नदियों की ओर खोलते हैं। हमारे राजनेता वोट की राजनीति के लिए पानी मुफ्त बांटते हैं। भले ही पानी के लिए हमारी आंखों में पानी नहीं है लेकिन हमें पानी की बिल्कुल भी चिंता नहीं है। बहरहाल, वो हमारे मंत्रियों के बेरोजगार पुत्रों ने भी आजकल कमाल कर दिया है, वो अनेक मेट्रो शहरों में जगह जगह पैक्जेड वाटर की फैक्ट्रियां लगवा रहे हैं। इससे शहरों के पीने के पानी की कमी दूर हो गई है। वो उपहार स्वरूप जगह जगह पैक्जेड वाटर की बोतलें बांटते हैं और शहरों में पीने के पानी की कमी दूर करने में अपना योगदान दे रहे हैं। विक्रमादित्य ने बेताल से आगे कहा -सरकारों व प्रशासन को लोगों की खूब चिंता है, वे पानी नहीं छोड़ते। वो क्या है कि पानी छोड़ने से बाढ़(फ्लड) की समस्या पैदा हो सकती है। लोग भले ही प्यासे मरें, लेकिन बाढ़ से नहीं मरने चाहिए। विक्रम से जल की समस्या पर जवाब पाकर बेताल कहता है, च्बहुत खूब विक्रम, तूने सही जवाब दिया, लेकिन तू भूल गया, मैंने कहा था कि तू बोला तो मैं चला।ज इतना कहकर बेताल फिर वहीं पेड़ पर जाकर उल्टा लटक जाता है। आपके दिमाग का दही करने के बाद अब हम भी इस व्यंग्य को लिखने के बाद कमरे में बंद हो जाते हैं, क्यों कि हमें डर है कि आप भी कहीं बेताल की तरह हमसे प्रश्न न पूछने लगें। तो ऐसा है कि हम तो चले। जय राम जी की। गुस्ताखी माफ।

**20 जून, प्रातः आवाज के स्वयं के ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस के उद्घाटन समारोह पर विशेष**

# प्रातः आवाज के बढ़ते कदम से गौरान्वित हुआ हजारीबाग



**विजय केसरी**

हजारीबाग से प्रकाशित हिंदी दैनिक प्रातः आवाज के बढ़ते कदम से हजारीबाग की धरती गौरवान्वित होती चली जा रही है। सीमित संसाधनों के बीच पत्र के प्रकाशक हेमंत कुमार, संपादक वरिष्ठ पत्रकार नीलेंदु जयपुरियार और सहयोगी राकेश रंजन ने इसकी आधारशिला 15 नवंबर 2021 को रखी थी। यह तिथि कई मायने में झारखंड प्रांत के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण तिथि के रूप में याद की जाती है। लंबे संघर्ष के बाद 15 नवंबर 2000 में झारखंड अलग प्रांत का गठन हुआ था। वहीं 15 नवंबर 1875 के ही दिन भगवान बिरसा मुंडा का भी जन्म इसी झारखंड की पवित्र भूमि पर हुआ था। भगवान बिरसा मुंडा ने अपने पराक्रम से ब्रिटिश हुकूमत की नींव हिला डाली थी। संभवतः यह पत्र भगवान बिरसा मुंडा से प्रेरणा लेकर अपने स्थापना कल से ही प्रातः आवाज को जन-जन तक पहुंचाने का जो संकल्प लिया था, अब वह सच होता दिखाई दे रहा है। हजारीबाग से प्रातः आवाज के प्रकाशन के एक वर्ष बाद ही रांची एडिशन की शुरुआत हो गई थी। यह प्रातः आवाज की पूरी टीम की कर्मठता को दर्शाती है। छः माह पूर्व से प्रातः आवाज संथाल एडिशन के रूप में देवघर से प्रकाशित हो रहा है ।

पत्र के प्रकाशक हेमंत कुमार एवं संपादक निलेन्दु जयपुरियार ने संयुक्त रूप से बताया कि बहुत शीघ्र प्रातः आवाज मगध एडिशन के रूप में नवादा से प्रकाशित होने जा रहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि प्रातः आवाज इस पत्र को झारखंड सहित देश के अन्य प्रांतों के सुधी पाठकों तक अपनी पहुंच बनाना चाहता है। यही कारण है कि यह पत्र एक के बाद एक नए एडिशन की शुरुआत कर पाठकों के बीच लोकप्रिय होता चला जा रहा है। पाठक गण भी प्रातः आवाज को सहर्ष स्वीकार कर रहे हैं । यह इस पत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। मैंने पूर्व में जिक्र किया कि सीमित संसाधनों के बीच प्रातः आवाज का प्रकाशन प्रारंभ हुआ था। लेकिन पत्र की पूरी टीम की कड़ी मेहनत और लगन से जो उपलब्धि हासिल होने जा रहा है, इससे हजारीबाग की धरती गौरवान्वित होने जा रही है। अब प्रातः आवाज खुद के ऑफसेट मशीन पर मुद्रित होकर पाठकों तक पहुंच पाएगा। 20 जून को स्थानीय डेमोटांड़ स्थित प्रातः आवाज के स्वयं के ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस का उद्घाटन झारखंड के विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो के कर कमलों द्वारा होने जा रहा है। इस दिन को यादगार बनाने के लिए प्रातः आवाज परिवार ने एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया है। विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो के कर कमलो द्वारा ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस के उदघाटन के बाद रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। इस उद्घाटन समारोह में झारखंड के कई लोकप्रिय नेता गण, साहित्यकार, शिक्षाविद, समाजसेवी, पत्रकार, उद्यमी, व्यवसायी आदि सम्मिलित होंगे। प्रातः आवाज के स्वयं के ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस के उद्घाटन से पत्र ने एक इतिहास रच दिया है। देश की आजादी के बाद हजारीबाग की धरती से कई हिंदी साप्ताहिक पत्रों का प्रकाशन हुआ। इसमें अधिकांश पत्र कुछ साल और महीने चलकर समाप्त हो गए। लेकिन अभी भी कुछ पत्र अनवरत प्रकाशित हो रहे हैं। हजारीबाग की एक चीर लंबित मांग थी कि यहां से रेलवे का परिचालन प्रारंभ हो। झारखंड अलग प्रांत के अस्तित्व में आने और केंद्र में अटल बिहारी वाजपेई की सरकार की पहल पर हजारीबाग को रेलवे लाइन से जोड़ने का कार्य प्रारंभ हुआ था। 20 फरवरी 2015 को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हजारीबाग में रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया। लंबे संघर्ष और इंतजार के बाद हजारीबाग वासियों का रेल का सपना साकार हो पाया। ठीक उसी प्रकार हजारीबाग के शिक्षाविदों, समाजसेवियों, नेताओं, उद्यमियों, व्यवसयियों सहित आम पाठकों का एक सपना था कि हजारीबाग से एक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र का प्रकाशन प्रारंभ हो। हजारीबाग में कई बड़े उद्यमी और व्यवसायी हैं, लेकिन दैनिक अखबार निकालने की कोई जोखिम उठाना नहीं जा रहे थे। लेकिन रेल की तरह सबों का सपना था कि हजारीबाग से एक हिन्दी दैनिक अखबार का प्रकाशन हो। हजारीबाग वासियों के इस सपने को उद्यमी हेमंत कुमार और वरिष्ठ पत्रकार नीलेन्दु जयपुरियार ने 15 नवंबर 2021 को हजारीबाग से प्रातः आवाज दैनिक समाचार पत्र का प्रकाशन प्रारंभ कर पूरा किया था।



यहां यह लिखना जरूरी हो जाता है कि प्रातः आवाज के प्रकाशन के साथ ही कई लोगों ने यह आशंका जताई थी कि हजारीबाग से प्रकाशित होने वाले अन्य साप्ताहिक पत्रों की तरह ही यह पत्र ज्यादा दिनों तक चल नहीं पाएगा। कुछ लोगों ने यहां तक कहा था कि जब हजारीबाग से साप्ताहिक अखबार नहीं चल पाए तब हेमंत कुमार और नीलेन्दु जयपुरियार भारी भरकम खर्च वाला दैनिक अखबार कैसे चला पाएंगे ? निश्चित तौर पर हेमंत कुमार और निलेन्दु जयपुरियार के लिए प्रातः आवाज समाचार पत्र का हर दिन प्रकाशन करना एक बड़ी चुनौती के समान था। लेकिन उन दोनों ने इस चुनौती का सामना बड़े ही धैर्य और साहस के साथ किया। उन दोनों ने मिलकर प्रातः आवाज की एक मजबूत टीम का गठन किया। इस टीम में ऐसे तेज तर्रार युवा और अनुभवी पत्रकारों को जोड़ा कि प्रातः आवाज पूरे दमखम के साथ अपने पैरों पर खड़ा हो गया है। एक जमाना था, जब रांची से अखबार मुद्रित होकर हजारीबाग आते थे। 20 जून से प्रातः आवाज के स्वयं के ऑब्जेक्ट प्रिंटिंग प्रेस के उद्घाटन के बाद यह पत्र हजारीबाग से मुद्रित होकर झारखंड सहित अन्य प्रांतो के पाठकों तक पहुंचेंगे।

प्रातः आवाज ने हजारीबाग के कई पत्रकारों के सपनों को साकार किया है। हजारीबाग के कई पत्रकारों ने हजारीबाग से साप्ताहिक पत्रों का प्रकाशन प्रारंभ किया था।? जिनका सपना था कि आगे चलकर इस साप्ताहिक पत्र को दैनिक अखबार में तब्दील करेंगे। लेकिन उनका सपना, सपना ही बनकर रह गया। हजारीबाग के एक वरिष्ठ पत्रकार ब्रजमोहन जो अब इस दुनिया में नहीं रहे । इनका संपूर्ण जीवन हिंदी पत्रकारिता को समर्पित रहा था। स्वर्गीय ब्रजमोहन ने हजारीबाग से मुनी प्रिंटर्स के मलिक स्वर्गीय दुर्गा प्रसाद गुप्ता के साथ मिलकर छोटानागपुर दर्पण साप्ताहिक पत्र का प्रकाशन प्रारंभ किया था। लेकिन अर्थाभाव के कारण कुछ अंकों के प्रकाशन के बाद ही इस पत्र का प्रकाशन बंद हो गया था। बाद के कालखंड में स्वर्गीय ब्रजमोहन ने मयूर पंख नाम से एक साप्ताहिक पत्र का प्रकाशन प्रारंभ किया था। वे इस पत्र के प्रकाशक, मुद्रक और संपादक भी थे। इस पत्र के लिए उन्होंने एक मुद्रणालय भी खोल दिया था। उन्होंने इस पत्र को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी पूरी शक्ति लगा दी थी। लेकिन तीन से चार वर्षों के बीच में ही मयूर पंख का प्रकाशन बंद हो गया। उनकी इक्षा थी कि हजारीबाग से कोई एक हिन्दी दैनिक अखबार का प्रकाशन हो। इस निमित्त उन्होंने मुझसे भी अपनी मन की बात साझा की थी। आज ब्रजमोहन हमारे बीच नहीं है। प्रातः आवाज उनके सपने न सिर्फ साकार किया है, बल्कि स्वयं के ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस से प्रातः आवाज मुद्रित होकर झारखंड सहित देश के अन्य प्रांत्रों के पाठकों तक पहुंचने जा रहा है।

प्रातः आवाज के संपादक नीलेन्दु जयपुरियार ने सोशल मीडिया में जैसे ही यह सूचना दी कि शीघ्र ही स्वयं के ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस से प्रातः आवाज का प्रकाशन प्रारंभ होगा। सैकड़ो की संख्या में लोगों ने अपनी ओर से शुभकामना प्रकट की। वहीं लोगों में प्रातः आवाज ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस को देखने की उत्सुकता बढ़ी हुई है। लोग अखबार को अपनी आंखों से छपते हुए देखना चाह रहे हैं। हजारीबाग वासियों के इस सपने को भी प्रातः आवाज पूरा करने जा रहा है। सच मायने में 20 जून हजारीबाग वासियों के लिए एक सपना के सच होने के दिन के समान प्रतीत हो रहा है।

हजारीबाग की धरती प्रारंभ से ही साहित्य और कल रंगमंच की धरती के रूप में जानी जाती रही है। हजारीबाग अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए भी जाना जाता है। हजारीबाग को आज की बदली परिस्थिति में भी देश का दूसरा शिमला के नाम से जाना जाता है। हजारीबाग में स्थापित सेंट्रल जेल और नेशनल पार्क राष्ट्रीय स्तर पर मशहूर है। भारत स्वाधीनता आंदोलन के कई स्वाधीनता सेनानी संघर्ष करते हुए हजारीबाग सेन्ट्रल जेल में बंद हुए थे। जिनमें प्रमुख रूप से शालिग्राम सिंह, रामवृक्ष बेनीपुरी, डॉ श्रीकृष्ण सिंह, डॉ0 राजेंद्र प्रसाद, लोकनायक जयप्रकाश नारायण, केबी. सहाय, राहुल सांकृत्यायन, बाबू रामनारायण सिंह आदि बड़े नेता बंद थे। इसी कालखंड में हजारीबाग से पहला कारागार नाम से एक हस्तलिखित पत्र का प्रकाशन हुआ था, जो गुप्त रूप से विभिन्न कैदियों के बीच वितरित होता हुआ बाहर स्वाधीनता सेनानियों के बीच एक संदेश दिशा निर्देश के रूप में बाहर आता था। इस पत्र को ढूंढने की मैंने कोशिश बहुत की लेकिन हाथ नहीं लग पाया है। देश की आजादी के बाद हजारीबाग से कुछ पत्रिकाओं का प्रशासन जरूर हुआ, लेकिन ये पत्रिकाएं भी कुछ अंकों के बाद ही कालकलवित हो गई। आजादी के लगभग 27 वर्षों बाद हजारीबाग से पहला हिंदी साप्ताहिक छोटानागपुर दर्पण का प्रकाशन प्रारंभ हुआ था । 1975 में इमरजेंसी की घोषणा के बाद भी इस पत्र का प्रकाशन बखूबी होता रहा था । लेकिन इसी कालखंड में इस पत्र का प्रकाशन भी बंद हो गया था। बाद में मयूर पंख नामक साप्ताहिक पत्र का प्रकाशन हुआ, जो भी तीन-चार साल के बाद बंद हो गया था। इसी दौरान स्वर्गीय अजय कुमार सिंह ने छोटानागपुर वाणी नाम से हिंदी साप्ताहिक पत्र का प्रकाशन प्रारंभ किया था । कुछ अंक निकालने के बाद इसका भी प्रकाशन बंद हो गया था। इसी कालखंड में हजारीबाग के एक जुझारू समाजसेवी पवन कुमार अग्रवाल ने इंकलाब नाम से एक साप्ताहिक पत्रिका प्रकाशन किया था। यह पत्र भी दो सालों के बाद बंद हो गया था। 19 नवंबर 1985 श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती पर वरिष्ठ पत्रकार सहदेव प्रसाद लोहानी ने रजरप्पा टाइम्स नाम से हिंदी साप्ताहिक पत्र का प्रकाशन प्रारंभ किया, जिसका प्रकाशन आज भी अनवरत जारी है। इसके बाद सुबोध सिंह शिवगीत ने हजारीबाग टाइम्स नामक साप्ताहिक पत्र का प्रकाशन किया था। लेकिन कुछ सालों के बाद ही इस पत्र का प्रकाशन बंद हो गया था। इसी कालखंड में छोटानागपुर टाइम्स का भी प्रशासन हुआ, जो एक साल में ही बंद हो गया था। मणिकांत त्रिपाठी ने तक्षशिला टाइम्स नाम से एक साप्ताहिक पत्र का प्रकाशन किया था। उन्होंने तक्षशिला टाइम्स को दैनिक समाचार पत्र के रूप में तब्दील जरूर कर दिया था, लेकिन सिर्फ दो अंक निकालने के बाद इसका प्रकाशन बंद हो गया था। प्रमिला गुप्ता ने समस्या और समाधान नाम से एक साप्ताहिक पत्र का प्रकाशन किया था, जो दो वर्ष में ही बंद हो गया। अरविंद कुमार झा ने पहला सवाल नाम से एक साप्ताहिक पत्र का प्रकाशन किया, जो एक वर्ष के बाद ही बंद हो गया था।

उपरोक्त उद्धारणों से प्रतीत होता है कि अनेक खुबियों को सहजे हजारीबाग की धरती हिंदी साप्ताहिक और दैनिक पत्रों की उर्वरा भूमि नहीं रही है। इस कहावत को प्रातः आवाज की मजबूत टीम ने झूठा साबित कर दिया। बिना रुके, बिना झुके, बिना समझौता किए, एक निष्पक्ष दैनिक अखबार के रूप में अपनी पहचान बनाने में प्रातः आवाज शत प्रतिशत सफल रहा है। आज इसी का प्रतिफल है कि यह अखबार पाठकों की पहली पसंद बनता चला जा रह है। प्रातः आवाज जैसे हिंदी दैनिक का प्रकाशन अपने आप में हजारीबाग के लिए एक बड़ी उपलब्धि के समान है। जिस धरती पर दर्जन भर से अधिक साप्ताहिक पत्रों का प्रकाशन हुआ, जिनमें अधिकांश बंद हो गए।? उस धरती पर प्रातः आवाज सफलतापूर्वक आगे बढ़ते जा रहा है। इस सफलता का संपूर्ण क्रेडिट प्रातः आवाज की पूरी टीम को जाता है। प्रातः आवाज की टीम की कर्मठता, धैर्य और साहस सकल समाज के लिए अनुकरणीय है। 20 जून को प्रातः आवाज ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस उद्घाटन की सफलता के लिए मेरी ओर से ढेर सारी मंगल कामनाएं।

# क्या भाजपा गैर-आदिवासी मुख्यमंत्री का प्रयोग दोहराएगी?



**प्रातः आवाज के लिये**
**अशोक वर्मा**

झारखंड में भाजपा के लिए आदिवासी अबूझ पहेली बन गए हैं। झारखंड के आदिवासी न तो भाजपा के आदिवासी नेतृत्व को भाव दे रहे हैं और ना ही मोदी जी के आदिवासी कार्ड को। भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व किंकर्तव्यविमूढ़ स्थिति में है कि करें तो क्या करें। आदिवासी नेतृत्व को आगे बढ़ा कर संदेश दें कि झारखंड में भी मुख्यमंत्री आदिवासी ही बनेगा अथवा 2014 के गैर आदिवासी मुख्यमंत्री के प्रयोग को दोहराएं।

भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व को हैरानी इस बात की है कि मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा की तरह झारखंड के आदिवासी उसके पाले में क्यों नहीं आ रहे। सात महीने पहले ही भाजपा ने झारखंड के पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में आदिवासी मुख्यमंत्री बनाया है। भाजपा का इरादा झारखंड और ओडिशा के आदिवासियों को भी साधने का था। ओडिशा में भाजपा को सफलता मिली। उत्कल प्रदेश में आदिवासी मुख्यमंत्री बना कर भी भाजपा ने झारखंड के आदिवासियों को संदेश देने की कोशिश की है कि आपके यहां भी आदिवासी ही मुख्यमंत्री बनेगा।

तमाम राजनीतिक कलाबाजियों के बावजूद झारखंड में भाजपा का आत्मविश्वास डगमगाया हुआ है। लोकसभा चुनाव में सभी आदिवासी सीटों पर मुंहकी खाने के बाद शायद भाजपा को अहसास हुआ है कि एक सिटिंग आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल में डालना मंहगा पड़ा है। लोकसभा चुनाव परिणामों के बाद भाजपा नेता और कार्यकर्ता दबी जुबान में इसे स्वीकार भी करते हैं। भाजपा को लगा था कि आदिवासी जमीन लूटने के आरोप में जेल भेजने से हेमंत सोरेन की आदिवासियों के बीच बदनामी होगी। आदिवासी हेमंत सोरेन से विमुख हो जाएंगे। लेकिन लोकसभा चुनाव में आदिवासियों का मूड भाजपा की आशा के विपरीत था। वे हेमंत सोरेन को जेल भेजने से गुस्से में थे। चुनाव परिणाम ने एक तरह से यह भी साबित कर दिया है कि पिता शिबू सोरेन के बाद हेमंत सोरेन आदिवासियों के एकछत्र नेता के रूप में उभरे हैं। तभी भाजपा को 2019 लोकसभा चुनाव में जीती तीन आदिवासी सीटें भी गंवानी पड़ी। इस विपरीत परिणाम से भाजपा सकते में है।




लोकसभा चुनाव में हेमंत फैक्टर के कारण भाजपा के सारे दिग्गज आदिवासी नेता निष्प्रभावी साबित हुए। एक समय था जब मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी दुमका में सबसे बड़े आदिवासी नेता शिबू सोरेन को चुनाव में मात दे चुके हैं। इस बार दुमका सीट जीतने के लिए बाबूलाल मरांडी ने बड़ा दांव खेलते हुए शिबू सोरेन की असंतुष्ट बड़ी बहू और संताल परगना की जामा विधायक सीता सोरेन को तोड़ कर पार्टी का उम्मीदवार बना दिया। पर बाबूलाल का यह दाव विफल रहा। चुनाव में हारने के बाद सीता सोरेन ने यह कह कर बाबूलाल को ही कटघरे में खड़ा कर दिया है कि प्रदेश नेतृत्व ने सहयोग नहीं किया। मोदी-2 सरकार में आदिवासी कल्याण मंत्रालय संभालने वाले और दो बार मुख्यमंत्री रहे अर्जुन मुंडा को खूंटी में शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। भाजपा जनजातीय प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव भी चुनाव हार बैठे। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रहे ताला मरांडी को भी राजमहल में हार का मुंह देखना पड़ा। कुल मिलाकर प्रदेश भाजपा का आदिवासी नेतृत्व बुरी तरह विफल साबित हुआ।

भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व को जरूर अहसास हो रहा होगा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भी उसे आदिवासियों का अपेक्षित समर्थन नहीं मिलेगा। भाजपा को बखूबी मालूम है कि झारखंड में 28 आदिवासी सीटों से होकर ही सत्ता का द्वार खुलता है। 2019 चुनाव में भी भाजपा को आदिवासी सीटों पर भारी नुकसान उठाना पड़ा था। उसे सिर्फ दो सीटों पर जीत मिली थी। 26 सीटें झामुमो और कांग्रेस गठबंधन को मिलीं थीं। 2019 के विधानसभा चुनाव परिणामों और 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजों को लेकर भाजपा में गहन मंथन हो रहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव में कौन सी रणनीति कारगर साबित होगी। भरोसेमंद सूत्रों की मानें तो आदिवासी मोर्चे पर निराशा से भरी भाजपा 2014 के गैर-आदिवासी मुख्यमंत्री बनाने के प्रयोग की ओर वापस जाने की सोचने लगी है। भाजपा की ऐसी सोच के पीछे लोकसभा चुनाव के आंकड़े हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा को सामान्य और अनुसूचित जाति की 50 विधानसभा क्षेत्रों में लीड मिली थी। लीड का मार्जिन भी अच्छा खासा था। भाजपा इसी आंकड़े के सहारे गैर-आदिवासी मुख्यमंत्री का दांव चलना चाहती है। सरकार बनाने के लिए बहुमत का आंकड़ा 42 है। भाजपा की सोच है कि 2019 की तरह 35-36 सीटें आ जाएं तो सरकार बन ही जाएगी। 2019 में भाजपा ने ऑपरेशन लोटस के सहारे बाबूलाल मरांडी की पार्टी झारखंड विकास मोर्चा के छह विधायकों को तोड़कर सरकार बना ली थी। भाजपा की उम्मीदें जयराम महतो पर भी टिकी होंगी।

2019 के लोकसभा चुनाव में मिली बंपर जीत तथा नरेंद्र मोदी की अपार लोकप्रियता से बौराई भाजपा ने गैर-आदिवासी मुख्यमंत्री के रूप गलत चयन कर लिया।

# आज का राशिफल




**मेष**

मेष : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी।

**वृषभ**

वृष : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

**मिथुन**

मिथुन : कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**कर्क**

कर्क : परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा।

**सिंह**

सिंह : व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**कन्या**

कन्या : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है।

**तुला**

तुला : आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**वृश्चिक**

वृश्चिक : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी।

**धनु**

धनु : खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें।

**मकर**

मकर : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें।

**कुंभ**

कुंभ : शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी।

**मीन**

मीन : आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### तपती सड़कों पर ग्राहकों को तरसे रेहड़ी-पटरी वाले, घर खर्च चलाना मुश्किल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भीषण गर्मी के बीच लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है, जिसका असर कारोबार के सभी क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है। इसका सबसे ज्यादा असर रेहड़ी-पटरी लगाने वाले लोगों के जीवन पर पड़ रहा है। गर्मी के कारण ग्राहकों की संख्या में भारी गिरावट हुई है, जिससे आय में भी कमी आई है। तेज धूप से बचने के लिए उनके पास कोई इंतजाम भी नहीं है। मंगलवार को 'हिन्दुस्तान' टीम ने दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में स्ट्रीट वेंडरों से बात की तो उन्होंने अपनी परेशानी को बयां किया... बीते चार साल से कालिंदी कुंज मेट्रो स्टेशन के पास ठेला लगाने वाले मुनीश बताते हैं कि वह बर्गर, टिक्की और गोलगप्पे बेचते हैं। यहां पर हमेशा काम चलता रहता था, लेकिन गर्मी के चलते बिक्री में कमी आई है। अब केवल शाम के समय ही लोग थोड़ा बहुत खाने आते हैं। शाम के वक्त भी जितने लोग मार्च के महीने में आ रहे थे, उसके मुकाबले करीब 50 प्रतिशत से कम हैं। गर्मी के चलते सामान खराब होने का खतरा कहीं ज्यादा रहता है। इसलिए थोड़ा बनाकर लाते हैं, लेकिन गर्मी से बचाने के लिए उसमें भी करीब 100 रुपये का बर्फ खर्च हो जाता है। शाहदरा के वेस्ट गोरखपार्क इलाके में रेहड़ी पर सब्जी बेचने वाले महेश कुमार का 20 फीसदी तक काम प्रभावित हो गया है। गर्मी के चलते ग्राहक सब्जी खरीदने के लिए पहले की तरह नहीं आ रहे हैं। दिन में दस घंटे रेहड़ी पर महेश कुमार सब्जी की बिक्री करते हैं। इसमें सुबह-शाम दो-दो घंटे गलियों में घूमकर और बाकी घटों में अपने निर्धारित ठीये पर सब्जी बेचते हैं। महेश ने बताया कि गर्मी के चलते अब पहले जैसा काम नहीं है। गलियों में भी ज्यादा फेरे नहीं लगा पा रहा हूं। लू से खुद को भी बचाना जरूरी है। ठीये पर शाम सात बजे के बाद ही खरीदार सब्जी खरीदने के लिए आते हैं। गर्मी की वजह से सब्जी भी जल्दी खराब हो जाती है। उसका नुकसान भी उठाना पड़ता है। पहले की तुलना में सब्जी की बिक्री 20 फीसदी तक घट गई है।

### मॉनसून के लिए दिल्ली तैयार, एमसीडी ने जलभराव से निपटने का बनाया एक्शन प्लान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली नगर निगम ने मानसून के दौरान जलभराव रोकने के लिए कार्य योजना तैयार की है। इसके तहत नालों और नालियों की सफाई की जा रही है। महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने मंगलवार को निगम मुख्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान निगम प्रशासन की तैयारियों पर चर्चा की। इस दौरान उनके साथ नेता सदन मुकेश गोयल भी उपस्थित रहे। महापौर ने बताया कि निगम के अधीन चार फीट से ऊपर के 713 नाले हैं, जिनकी लंबाई लगभग 460 किलोमीटर है।

चार फीट से नीचे के लगभग 21 हजार नाले हैं। जिनकी लंबाई लगभग 6600 किलोमीटर है। इन नालों की सफाई का काम दो चरणों में करते हैं। पहले चरण में मानसून से पहले नालों की सफाई होती है और दूसरे चरण में मानसून के खत्म होने के बाद सफाई होती है। पहले चरण में चार फीट से ऊपर के नालों की सफाई का काम 92 से 93 फीसदी तक हो चुका है। चार फीट से नीचे के नालों की सफाई काम काम 85 फीसदी तक पूरा हो चुका है।

महापौर ने कहा कि पिछले वर्ष जिन स्थानों पर जलभराव हुआ था। वहां पर विशेष ध्यान देंगे। मानसून के दौरान सभी स्थायी पंपिंग स्टेशनों पर 24 घंटे और सातों दिन स्टाफ उपलब्ध रहेगा। निगम के अधीन कुल 70 से 80 पंप हैं। अस्थाई पंप की संख्या 450 से 500 है। वार्ड स्तर पर जोनल टीम बनाई गई हैं, जिसमें जूनियर इंजीनियर, सफाई कर्मचारी, नाला बेलदार और रखरखाव और डेम्स विभाग के कर्मचारी शामिल किए हैं। महापौर ने बताया कि जलभराव की समस्या से निपटने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया टीम (क्यूआरटी) का गठन किया है। हर जोन में एक नोडल अधिकारी भी नियुक्त किया है। अधिकारी की जिम्मेदारी जोन में जलभराव वाले स्थानों को चिह्नित कर निगरानी करनी होगी।

# घर के छूटे कामकाज, टैंकर पर सुबह-सुबह ही लग जाती है लंबी लाइन

## दिल्ली में पानी की किल्लत से बुरा हाल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के लोग भीषण गर्मी की तपिश झेलने के साथ ही पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे हैं। घर के काम छोड़कर सुबह से ही पानी भरने के लिए टैंकर की लाइन में लगे लोग दिखना आम बात हो गई है। जिस तरह से इस साल पानी कि किल्लत हो रही है उससे जल्द ही हालात में सुधार आने के आने की गुंजाइश कम लग रही है। सुबह दक्षिण पश्चिम दिल्ली के वसंत विहार में कुसुमपुर पहाड़ी से लेकर पूर्वी दिल्ली में गीता कॉलोनी और दक्षिण पूर्वी दिल्ली में ओखला तक लोग लाइन में डिब्बे और बाल्टियां थामे दिखे। पानी के टैंकरों के आसपास काफी भीड़ दिखी।

### पानी को तरसे कई इलाके

गर्मी के मौसम की शुरुआत से ही राजधानी के कई इलाकों में ऐसे नजारे आम हो गए हैं। चाणक्यपुरी का संजय कैंप, पूर्वी दिल्ली की गीता कॉलोनी, पटेल नगर, महरौली और छतरपुर राष्ट्रीय राजधानी के कुछ ऐसे इलाके हैं जो भीषण जल संकट से जूझ रहे हैं। ओखला के एक स्थानीय निवासी ने अपनी दुर्दशा बताते हुए कहा कि विरोध प्रदर्शन करने के बजाय सभी राजनीतिक दलों को एक साथ खड़े होकर इस समस्या का समाधान निकालना चाहिए।

### सांसद भी करें पानी का इंतजाम

उन्होंने कहा, हर साल मई और जून में दिल्ली में जल संकट होता है। मानसून शुरू होते ही यह समस्या खत्म हो जाएगी। दिल्ली सरकार द्वारा किए गए इंतजाम से हमें पानी मिल रहा है।

लोकसभा चुनाव में दिल्ली से भाजपा ने सभी सातों सीटें जीती हैं। सभी दलों को विरोध करने के बजाय एक-दूसरे का सपोर्ट करना चाहिए। मटका फोड़ प्रदर्शन करने से कुछ नहीं होगा। सांसदों को भी शहर में पानी की व्यवस्था करनी चाहिए। इस बीच, हरियाणा ने मौजूदा जल संकट के बीच मानवीय आधार पर दिल्ली को अतिरिक्त जलापूर्ति करने से मना कर दिया है।

### हरियाणा प्रधान सचिव के साथ बैठक

राजधानी में पानी की किल्लत को दूर करने के लिए दिल्ली सरकार के अधिकारियों के एक हाई लेवल प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा सरकार के प्रधान सचिव (जल संसाधन) के साथ बैठक की। दिल्ली सरकार ने हरियाणा सरकार से दिल्ली के लिए अतिरिक्त पानी छोड़ने की मांग की। यह बैठक मंगलवार को चंडीगढ़ में हुई। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने भीषण गर्मी की वजह से जल संकट को कम करने के लिए समन्वय की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। आप नेता ने दिल्ली के नागरिकों की तकलीफ को कम करने के लिए तत्काल मदद का आह्वान किया और संकट के कम होने तक यमुना जल वितरण पर चर्चा स्थगित कर दी।

## महामाया फ्लाईओवर से जुड़ेगा नोएडा जंगल ट्रेल, इसी हफ्ते शुरू होगा काम; वाहनों के लिए बंद होगी एक लेन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नोएडा जंगल ट्रेल पार्क के लिए अंडरपास बनाने का काम इसी सप्ताह शुरू हो जाएगा। ओखला पक्षी विहार के पास बनने वाले वेस्ट टू वंडर पार्क को महामाया फ्लाईओवर के नीचे अंडरपास से जोड़ा जाएगा। अंडरपास का काम शुरू होते ही यहां वाहनों के लिए एक लेन बंद कर दी जाएगी। एक लेन में दिल्ली के कालिंदी कुंज से दलित प्रेरणा स्थल की ओर ट्रैफिक आता रहेगा। अंडरपास के जरिए लोग पार्क के एक-दूसरे हिस्से में जा सकेंगे। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि अंडरपास के निर्माण में करीब दो करोड़ रुपये की लागत आएगी।

कालिंदी कुंज से आकर दलित प्रेरणा स्थल की ओर जाने वाली सड़क पर फर्नीचर मार्केट के पास यह अंडरपास बनाया जाएगा। यह करीब सात मीटर चौड़ा और 24.40 मीटर लंबा होगा। काम शुरू होने पर पांच-छह महीने में अंडरपास का काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। अधिकारियों ने बताया कि अंडरपास के जरिए पार्क में अपने वाहनों से आने वाले लोग एक से दूसरे हिस्से में आ-जा सकेंगे। वेस्ट टू वंडर पार्क के नाम में बदलाव कर नोएडा जंगल ट्रेल कर दिया गया है।

प्राधिकरण की तरफ से बताया गया कि पार्क निर्माण को जेड-टेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एजेंसी का चयन हो चुका है। यह एजेंसी पहले दिल्ली में भारत दर्शन पार्क और वर्ल्ड ऑफ सेवन वंडर्स पार्क भी बना चुकी है। ये पार्क बनाने के लिए प्राधिकरण ने दिल्ली के वेस्ट टू वंडर पार्क का मॉडल देखा था। पार्क 18.27 एकड़ में बनेगा। पीपीपी मॉडल पर बनने वाले इस पार्क में भविष्य में नाइट सफारी भी बनाने की योजना है।

नाइट सफारी शुरू होने पर रात 11 बजे तक पार्क खुलेगा। जंगल ट्रेल में लगने वाली आकृतियों को तैयार करने का काम संबंधित एजेंसी कर रही है। महामाया फ्लाईओवर के नीचे खाली पड़ी जगह में आकृति तैयार की जा रही है। इसके अलावा एक दूसरी जगह स्टोर में भी यह काम चल रहा है।

## आइएएस अश्विनी कुमार बने एमसीडी के नए आयुक्त, 1992 बैच के वरिष्ठ अधिकारी हैं कुमार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने वरिष्ठ आइएएस अधिकारी अश्विनी कुमार को एमसीडी (दिल्ली नगर निगम) का आयुक्त नियुक्त किया है, वे अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश कैडर के 1992 बैच के आइएएस अधिकारी हैं। वे भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी ज्ञानेश भारती का स्थान लेंगे, जिन्हें मार्च में अतिरिक्त सचिव के रूप में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में स्थानांतरित किया गया था।

गृह मंत्रालय ने मंगलवार को तत्काल प्रभाव से आइएएस अश्विनी कुमार को नियुक्त किया है। वह बुधवार से कार्यभार संभाल सकते हैं। इस संबंध में उपराज्यपाल कार्यालय को भी मंत्रालय की तरफ से सूचना भेज दी गई है।

अश्विनी कुमार पहले भी निगम प्रशासन की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। केंद्र सरकार ने उन्हें वर्ष 2022 में विशेष अधिकारी के पद पर नियुक्त किया था। महापौर चुनाव होने तक उन्होंने ही नगर निगम प्रशासन का कार्यभार संभाला था। पूर्ववर्ती तीनों नगर निगमों- पूर्ववर्ती उत्तरी दिल्ली नगर निगम, पूर्ववर्ती दक्षिणी दिल्ली नगर निगम और पूर्ववर्ती पूर्वी दिल्ली नगर निगम का अप्रैल 2022 में एकीकरण हुआ था। तब से लेकर दिसंबर 2022 तक अश्विनी कुमार निगम के विशेष अधिकारी रहे थे। इसी दौरान आइएएस अधिकारी ज्ञानेश भारती को एकीकृत निगम के आयुक्त के पद पर कार्यभार संभालने की जिम्मेदारी दी गई थी।

विशेष अधिकारी के तौर पर अश्विनी कुमार को निगम की सबसे ताकतवर समिति, स्थायी समिति की शक्तियां भी प्रदान की गई थी। जिसके तहत वह निगम की विभिन्न बड़ी परियोजनाओं पर फैसले लेने के लिए स्वतंत्र थे।

**2023-24 वित्तीय बजट पर लिया था फैसला:** एकीकृत निगम के 7 दिसंबर 2022 को हुए चुनाव के बाद फरवरी 2023 तक आइएएस अधिकारी अश्विनी कुमार ने अपनी जिम्मेदारियों को देखा। इस दौरान उन्होंने 15 फरवरी 2023 से पहले तक निगम के 2023-24 वित्तीय वर्ष के बजट पर फैसला लिया था। जिसमें उन्होंने संपत्तिकर व अन्य करों को निर्धारित किया था। साथ ही निगम के सभी विभागों की निधि को भी तय किया था।

**अभी इन पद पर हैं तैनात:** इससे पहले आइएएस अधिकारी अश्विनी को अक्टूबर 2022 में दिल्ली सरकार के प्रधान सचिव पद पर केंद्र सरकार ने नियुक्ति दी थी। इस दौरान वह दिल्ली सरकार के कई बड़े विभागों की भी अहम जिम्मेदारियों को संभाल रहे थे। अश्विनी कुमार वर्तमान में दिल्ली सरकार के राजस्व व?भाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव और मंडलायुक्त का पद संभाल रहे हैं। गृह मंत्रालय द्वारा राज निवास को भेजे गए आदेश के अनुसार, मुझे यह कहने का निर्देश दिया गया है कि सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन के साथ, अश्विनी कुमार आइएएस , 1992 को तत्काल प्रभाव से दिल्ली नगर निगम का आयुक्त नियुक्त करने का निर्णय लिया गया है।

## अरुंधति के खिलाफ 1 हजार पेज की चार्जशीट, भड़काऊ भाषण मामले में पुलिस अगले हफ्ते कर सकती है दाखिल




**नईदिल्ली, एजेंसी।** अतंर्राष्ट्रीय लेखिका व सामाजिक कार्यकर्ता अरुंधति रॉय और कश्मीर के एक पूर्व प्रोफेसर के कथित भड़काऊ भाषणों को लेकर यूएपीए (गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम) अधिनियम के तहत दर्ज मामले में दिल्ली पुलिस अगले सप्ताह आरोप पत्र दाखिल कर सकती है। दिल्ली पुलिस के आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को इस बारे में जानकारी दी। बता दें कि यह मामला साल 2010 का है, जब नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में इन दोनों ने कश्मीर को लेकर वह भड़काऊ भाषण दिया था।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, इस मामले में क्राइम ब्रांच ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एक हजार से अधिक पन्नों की चार्जशीट तैयार की है, जिसमें रॉय और हुसैन पर कई वीडियो और फोरेंसिक सबूतों के आधार पर आरोप लगाए गए हैं। सूत्रों का यह भी कहना है कि पुलिस ने 6 से अधिक चश्मदीदों के बयानों का हवाला भी दिया है, साथ ही सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो के जांच की फोरेंसिक रिपोर्ट भी पुलिस ने उपलब्ध कराई है।

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने शुक्रवार को यूएपीए की धारा 45 (1) के तहत उन पर मुकदमा चलाने की मंजूरी दी थी।

अरुंधति रॉय और कश्मीर केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर शेख शौकत हुसैन पर 21 अक्टूबर, 2010 को कोपरनिकस मार्ग स्थित एलटीजी ऑडिटोरियम में आजादी - द ओनली वे के बैनर तले आयोजित एक सम्मेलन में कथित रूप से भड़काऊ भाषण देने के लिए मामला दर्ज किया गया था।

इस मामले में नई दिल्ली के मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत के आदेश के बाद कश्मीर के एक सामाजिक कार्यकर्ता सुशील पंडित की शिकायत पर तिलक मार्ग पुलिस स्टेशन में FIR दर्ज की गई थी। बाद में मामले को आगे की जांच के लिए दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा को सौंप दिया गया था।

## इजरायल और हमास के बीच जंग जारी, नेतन्याहू ने जो बाइडन पर लगाया हथियार आपूर्ति रोकने का आरोप



**यरुशलम, एजेंसी।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को दावा किया कि अमेरिका हथियार रोके हुए है। नेतन्याहू ने एक वीडियो जारी कर हथियारों के हस्तांतरण में अड़चनों को लेकर बाइडन की आलोचना की। नेतन्याहू ने यह नहीं बताया कि कौन से हथियार रोके जा रहे हैं। नेतन्याहू के विदेश नीति सलाहकार ने इस बारे में पूछे गए सवाल का जवाब नहीं दिया। नेतन्याहू ने यह भी दावा किया कि अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने हाल ही में इजरायल की यात्रा के दौरान कहा था कि हथियार आपूर्ति में देरी की समस्या को समाप्त करने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं। हालांकि, ब्लिंकन ने मंगलवार को विदेश विभाग में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इजरायल को हथियार भेजने में एकमात्र रुकावट मई से भारी बमों से संबंधित थी। गौरतलब है कि राष्ट्रपति जो बाइडन ने गाजा में नागरिकों की हत्या की चिंताओं के कारण मई से इजरायल को हथियार देने में देरी की है। रफाह सहित पूरे दक्षिणी हिस्से में इजरायली सैनिकों और फलस्तीनी लड़ाकों के बीच लड़ाई जारी है। इजरायली सेना ने कहा है कि वह पूर्व की भांति खुफिया सूचनाओं पर आधारित कार्रवाई रफाह और अन्य जगहों पर जारी रखेगी।

## चीन में शादी से कुछ दिन पहले लड़का-लड़की की दर्दनाक मौत, याद में घरवालों ने कराया भूत विवाह



**बीजिंग, एजेंसी।** कार हादसे में मारे गए लड़का-लड़की की दर्दनाक मौत हो गई। जोड़ा तीन साल से एक-दूसरे को डेट कर रहा था और जल्द ही शादी करने वाला था। लेकिन, इससे पहले ही अनहोनी हो गई। हालांकि दोनों के घरवालों ने उनकी याद में भूतिया शादी का आयोजन किया। शादी के मंडप पर उनकी साथ वाली तस्वीरें रखी गई। परिवारवालों का कहना है कि वे चाहते थे कि वे अपने एक-दूसरे के बने रहें और हमने उनकी आखिरी इच्छा को पूरा किया है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट में छपि खबर के मुताबिक, मलेशियाई जोड़े यांग जिंगशान और ली जुएयिंग तीन साल से अधिक समय से डेटिंग कर रहे थे और शादी करने की योजना बना रहे थे। यांग जिंगशान ने 2 जून 2024 को बैंकॉक में अपना जन्मदिन मनाने की योजना बनाई थी। यह जन्मदिन इसलिए भी खास था क्योंकि उसने अपनी प्रेमिका को शादी का प्रस्ताव देने की योजना बनाई थी। हालांकि, चीजें अचानक से तब बदल गई जब 24 मई को दोनों की एक कार हादसे में मौत हो गई। हादसा उत्तर-पश्चिमी मलेशिया के पेराक शहर में हुआ। दोनों की कार पलट गई और कोई भी जीवित नहीं बचा।

# कनाडाई संसद में आतंकी निज्जर के लिए मौन रखा गया

## हत्या के 1 साल पूरे, ट्रूडो बोले- नई भारत सरकार के साथ सुरक्षा पर चर्चा करेंगे

**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा की संसद में मंगलवार (18 जून) को खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के एक साल पूरे होने पर एक मिनट का मौन रखा गया। कनाडाई संसद हाउस ऑफ कॉमन्स में पहले स्पीकर ग्रेग फर्गस ने शोक संदेश पढ़ा और उसके बाद सभी सांसदों से निज्जर के लिए मौन रखने को कहा गया।

दरअसल, 18 जून 2023 की शाम को कनाडा के सरे शहर के एक गुरुद्वारे से निकलते समय निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने पिछले साल 18 सितंबर को भारत सरकार पर निज्जर की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया था, जिसे भारत ने खारिज किया था।

मामले में एक्शन लेते हुए कनाडा की ट्रूडो सरकार ने भारत के एक सीनियर डिप्लोमैट को देश से





निकाल दिया था। इसके बाद से दोनों देशों के बीच विवाद बढ़ता चला गया। हालांकि बाद में ट्रूडो ने कई बार भारत से रिश्ते बनाए रखने की बात कही थी।

### ट्रूडो बोले- हमारे भारत के साथ गहरे संबंध

ट्रूडो ने कहा कि जी7समिट में मुझे कई सारे देशों से बातचीत करने का मौका मिला। उनमें से एक भारत भी था। हमारे भारत के साथ गहरे और महत्वपूर्ण आर्थिक संबंध हैं।

उन्होंने कहा कि भारत में मोदी तीसरी बार चुनाव जीत चुके हैं, तो मुझे लगता है कि हमारे लिए बातचीत के रास्ते खुले हैं। हम दोनों देशों के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा, कनाडाई नागरिकों की सुरक्षा और कानून के शासन जैसे अहम मुद्दे पर बातचीत करेंगे।

इससे पहले जी 7 समिट के दौरान पीएम मोदी ने कनाडाई प्रधानमंत्री ट्रूडो से मुलाकात की। यह खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या से भारत-कनाडा के बीच शुरू हुए विवाद के बाद पहला मौका था, जब दोनों नेता मिले थे।

कनाडा ने पिछले महीने ही निज्जर हत्याकांड मामले में 4 भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया था। एडमॉन्टन में रहने वाले 22 साल के करण ब्रार, 22 साल के कमलप्रीत सिंह और 28 साल के करणप्रीत सिंह पर फर्स्ट-डिग्री हत्या और हत्या की साजिश रचने के आरोप में लगे थे। इसके बाद एक और भारतीय अमनदीप सिंह को कनाडाई अधिकारियों ने कुछ दिन बाद गिरफ्तार कर लिया था।

## ईरान के अस्पताल में आग लगने से जिंदा जलकर मर गए 9 मरीज

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के उत्तरी हिस्से में स्थित एक अस्पताल में आग लग गई, जिससे 9 मरीजों की जिंदा जलने से मौत हो गई। सरकारी मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सरकारी टेलीविजन ने बताया कि राजधानी तेहरान से उत्तर-पश्चिम में लगभग 330 किलोमीटर (लगभग 205 मील) दूर रश्त शहर के कायम अस्पताल में स्थानीय समयानुसार कल देर रात एक बज कर करीब तीस मिनट पर आग लग गई, जिसमें छह महिलाओं और तीन पुरुषों की मौत हो गई।

शहर के अग्निशमन विभाग के प्रमुख शाहराम मोमेनी ने सरकारी टीवी पर कहा कि बेसमेंट में बिजली का शॉर्ट सर्किट हुआ जिससे आग लग गई। वहीं पर गहन चिकित्सा इकाई स्थित है। मोमेनी ने कहा कि आपातकालीन कर्मचारियों ने वहां फंसे 140 से ज़्यादा लोगों, मरीज़ों और अस्पताल के कर्मचारियों को निकाला और उनमें से 120 को अन्य चिकित्सा सुविधाओं में भर्ती कराया गया। उन्होंने कहा कि घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। ऑनलाइन पोस्ट किए गए एक वीडियो में आधी रात को अस्पताल से धुआं निकलता हुआ दिखाई दिया।

## समाचार सार

### अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलटी एसयूवी कार



**लोहरदगा (प्रातः आवाज)।** कुडू लोहरदगा मुख्य पथ के चिरी पुल के समीप तीखे घुमाव पर लोहरदगा की ओर जा रही एक तेज रफ्तार महिंद्रा एसयूवी 700 कार निबंधन संख्या सीजी08वीए - 3366 अचानक अनियंत्रित होकर खड्डे में चली गई। गनीमत रही कि उसमें सवार दो लोग बाल-बाल बच गए। उन्हें सामान्य चोटें आई है। वहीं दुर्घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंचे कुडू थाना के एएसआई सुकु सोरेन और श्रीकांत दास ने कार सवारों को बाहर निकाला और कार को कब्जे में लेकर थाना लाया।

### कैफे में पुलिस का छापा, शराब और गांजा बरामद

**रांची (प्रातः आवाज)।** अरगोड़ा थाना पुलिस ने अशोक नगर रोड नंबर दो के समीप स्थित कैफे में छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब सहित अन्य सामान बरामद किया है। इनमें बीयर 24 पीस, मेक डबल व्हिस्की एक, टीचर्स एक बोतल, गांजा 418 ग्राम बरामद किया गया है। मामले को लेकर कैफे संचालक सन्नी कुमार के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत बुधवार को मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि कैफे संचालक की तलाश की जा रही है।

### घरेलू कामगारों ने मांगों के समर्थन में निकाला जुलूस, श्रम अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन



**खूंटी (प्रातः आवाज)।** अंतरराष्ट्रीय घरेलू कामगार दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय घरेलू कामगार संगठन के बैनर तले क्षेत्र के घरेलू कामगारों ने बुधवार को खूंटी में जुलूस निकालकर श्रम अधीक्षक बबन कुमार सिंह को अपनी पांच सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शामिल पांच सूत्री मांगों में घरेलू कामगारों को शेड्यूल करने और उन्हें न्यूनतम मजदूरी देने, नियोक्ता के घर को कार्यस्थल घोषित करने, घरेलू कामगारों को इएसआई और पीएफ में शामिल करने, शहरों में आवास उपलब्ध कराने तथा राज्य स्तरीय कानून बनाने की मांग शामिल है। इससे पूर्व शहर के बड़ाईक टोली से नेताजी चौक, भगत सिंह चौक होता हुआ श्रम अधीक्षक कार्यालय तक जुलूस निकाला गया। राष्ट्रीय घरेलू कामगार संगठन के राज्य संयोजक सिस्टर अंशु और संगठन के खूंटी जिला एनिमेटर अंजनी कुमारी के नेतृत्व में निकाले गए जुलूस में बड़ी संख्या में घरेलू कामगार महिलाएं शामिल हुईं। जुलूस में शामिल घरेलू कामगार महिलाएं बैनर व मांगों से संबंधित तख्तियां पकड़े नारेबाजी करते हुए चल रही थीं। कार्यक्रम में संगठन के रांची एनिमेटर रीना किस्पोट्टा, रेणुका केरकेट्टा, आशा टोप्पो सहित संगठन के अन्य लोग भी शामिल हुए।

### विधानसभा चुनाव तक आराम न करें झामुमो कार्यकर्ता : जुबैर अहमद



**खूंटी (प्रातः आवाज)।** झामुमो के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ने कार्यकताओं का आह्वान किया है कि विधानसभा चुनाव तक आराम न करें। जिलाध्यक्ष तोरपा में बुधवार को आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में लोकसभा चुनाव की समीक्षा की गयी तथा आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति बनाई गयी। समीक्षा के दौरान विभिन्न प्रखंडों से आये कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव की रिपोर्ट बैठक में रखी। उन्होंने विभिन्न प्रखंड में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को मिले वोट की चर्चा की। जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और लगन की बदौलत इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को तोरपा विधानसभा में रिकॉर्ड मत मिले। खूंटी तथा तोरपा विधानसभा क्षेत्र में इंडिया गठबंधन का विधायक नहीं होने पर भी दोनों क्षेत्र में रिकार्ड बढ़त मिली। उन्होंने कहा की आगामी विधानसभा चुनाव में इस बढ़त को बनाकर रखना है। पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य सुदीप गुड़िया ने कहा कि कार्यकर्ता अभी से विधानसभा चुनाव की तैयारी में लग जायें। बैठक में 20 जून को तोरपा में आयोजित होनेवाले विजय जुलूस में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन प्रखंड अध्यक्ष रुबेन तोपनो तथा धन्यवाद ज्ञापन अमृत हेमरोम ने किया।

### वज्रपात की चपेट में आने से तोरपा के तीन लोग घायल

**खूंटी (प्रातः आवाज)।** तोरपा प्रखंड के अलग-अलग गांव में बुधवार की शाम को वज्रपात की चपेट में आने से तीन लोग घायल हो गये। टाटी टुराटोली में उसी गांव के बिरसा आईंद (55) ठनका की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार वह मवेशी चराकर घर लौट रहा था। घर पहुंचने के पूर्व अचानक ठनका गिरा, जिसकी चपेट में बिरसा आ गया। उसे एम्बुलेंस से तत्काल रेफरल अस्पताल तोरपा लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल खूंटी भेज दिया गया। एक अन्य घटना में चुरगी गांव के पास वज्रपात की चपेट में आने से सुसारी कंडुलना ( 15) तथा संगीता गुड़िया ( 14) घायल हो गयी। सुसारी रनिया थाना क्षेत्र के बनई तथा संगीता तपकारा तुबीटोली की रहने वाली है। जानकारी के अनुसार दोनों चुरगी की तरफ घूमने गयी थी। उसी बीच बारिश होने लगी। बारिश होने पर वे वहीं सड़क किनारे एक घर में रुक गयी। उसी दौरान वज्रपात हो गया और उसकी चपेट में दोनों आ गयी। दोनों को रेफरल अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

### मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए खूंटी में 26 जुलाई तक चलेगा विशेष अभियान

**खूंटी (प्रातः आवाज)।** मादक पदार्थों के दुरुपयोग को समाप्त करने और इसको लेकर जागरूकता के लिए जिला प्रशासनन द्वारा विशेष अभियान चलाया जायेगा। अभियान के तहत जिले में 18 जून से अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस 26 जून तक जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। यहा जानकारी उपायुक्त लोकश मिश्रा ने बुधवार को समाहरणालय में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में दी। उपायुक्त ने बताया कि अभियान के 18 और 19 जून को क्विज और पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता, 20 जून को निबंध लेखन, 22 जून को प्रभातफेरी, स्लोगन लेखन, भाषण प्रतियोगिता और चित्रांकन, 24 जून को स्कूली बच्चों द्वारा साइकिल रैली, 25 जून को प्रार्थना सभा में जिला के पदाधिकारियों द्वारा बच्चों का उन्मुखीकरण और 26 जून को अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर ई-शापथ और विद्यालय स्तर पर संपन्न प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण किया जायेगा। डीसी ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों को मादक द्रव्यों के दुरुपयोग और इसके उपयोग से होनेवाले नुकसान की जानकारी देना है। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत मादक पदार्थ के उपयोग पर रोक लगाने के लिए चर्चा-चौपाल आयोजित किया जायेगा।

उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में एनसीओआरडी की जिला स्तरीय बैठक आयोजित, कहा

# विभिन्न पर्यटन स्थलों में मादक पदार्थ पर लगाएं रोक : डीसी

- नशा के खिलाफ पंचायत स्तर पर लोगों को करें जागरूक
- 26 जून तक मादक पदार्थ के खिलाफ होगा जागरुगता कार्यक्रम

प्रातः आवाज




**चाईबासा।** जिला समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में बुधवार को जिला उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में एनसीओआरडी की जिला स्तरीय बैठक आयोजन किया गया। बैठक में जिला उपायुक्त के द्वारा जानकारी दिया गया कि जिले में वृहद स्तर पर नशा मुक्ति अभियान आज से प्रारंभ होकर 26 जून तक विभिन्न स्तरों पर आयोजित किया जाएगा। नशा मुक्ति अभियान में वृहद स्तर पर जागरूकता फैलाने के लिए ग्राम स्तर पर चौपाल का आयोजन, पंचायत स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम, प्रखंड स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम, जिला स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम के साथ-साथ हाट बाजार में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया।

जिला उपायुक्त के द्वारा संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया कि जिले में अवस्थित पर्यटन स्थलों पर किसी भी प्रकार के मादक पदार्थ के आवागमन पर पूर्णत प्रतिबंध लगाया जाए और पर्यटन स्थलों पर मादक पदार्थ से बचने हेतु जागरूकता के मध्य नजर साइनस भी लगाया जाए। पुलिस विभाग आपसी सामंजस्य स्थापित करते हुए सूचना प्राप्त होते ही मादक पदार्थ के विरुद्ध रेड का संचालन करेंगे।

कृषि विभाग को निर्देशित किया गया कि अफीम की खेती करने वाले कृषकों को वैकल्पिक फसल मुहैया कराया जाए ताकि वे अफीम की खेती छोड़ वैकल्पिक फसल के माध्यम से अपनी आजीविका का संचालन कर सके। जिला उपायुक्त के द्वारा सभी अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि स्कूल/ कॉलेज/ शैक्षणिक संस्थान के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू उत्पाद की बिक्री पर पूर्णत प्रतिबंध लगाएंगे। बैठक के उपरांत जिला उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में नशा मुक्ति के विरुद्ध उपस्थित सभी पदाधिकारी और कर्मचारियों को शपथ दिलाया गया। बैठक में मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी सदर चाईबासा अनिमेष रंजन, सहायक समाहर्ता अर्णव मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी जगन्नाथपुर मुकेश मछुआ, पुलिस उपाधीक्षक विशेष शाखा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### बंधु तिर्की ने की कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने बुधवार को नई दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की। मुलाकात के बाद तिर्की ने कहा कि बातचीत बहुत ही सकारात्मक रही और इस दौरान झारखंड में कांग्रेस पार्टी के संगठन के साथ ही हाल के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के परिप्रेक्ष्य में इसके प्रदर्शन पर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान उन्होंने खड़गे को झारखंड में कांग्रेस संगठन की गतिविधियों के साथ ही कार्यकताओं की भावनाओं से भी अवगत कराया। तिर्की ने कहा कि खड़गे ने विशेष रूप से प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र के संदर्भ में कांग्रेस के प्रदर्शन पर विचार विमर्श करने के साथ ही इंडिया गठबंधन के साथी दलों के प्रदर्शन पर भी बातचीत की। तिर्की ने कहा कि 2019 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने उन 28 विधानसभा क्षेत्र में से 26 सीटों पर विजय प्राप्त की थी और इस बार भी यही अपेक्षा है। इस संदर्भ में मल्लिकार्जुन खड़गे ने नये सिरे से झारखंड विधानसभा चुनाव के संदर्भ में रणनीतिक तैयार करने के लिये कई निर्देश दिये।

भंडरा प्रखंड के रिहायशी इलाके में 17 हाथियों के झुंड आने से लोग भयभीत

## जब तक हाथी को परेशान नहीं करेंगे तब तक इंसान को नुकसान नहीं करेगा : डीएफओ

प्रातः आवाज

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला में सोमवार सुबह कैरो सुकरहूटू गांव के रास्ते से करीब 17 की संख्या में हाथियों के झुंड भंडरा प्रखंड के बिल्कुल नजदीक रिहायशी इलाके में पहुंचने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। भंडरा के मकुंदा गांव मे 17 की संख्या में हाथियों के झुंड को गांव के इतने करीब पहुंचने की सूचना पर हाथियों को घरों से दूर रखने के लिए गांव के ग्रामीणों ने अपने अपने घरों के बाहर आग जला दी और फटाका फोड़ना शुरू कर दिया। इधर भंडरा प्रखंड के मकुंदा गांव के सैंकड़ों ग्रामीण और वनकर्मी के प्रयास से हाथियों को खदेड़ने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इस दौरान कई बार वे आक्रामक हुए और भीड़ को दौड़ाने का भी प्रयास किया। फिलहाल लोहरदगा वन विभाग के वनकर्मी हाथियों के झुंड को अमलीया जंगल की ओर भेजने की तैयारी जुटे हुए हैं। वहीं बता दे कि लगातार लोहरदगा



जिले में हाथियों का झुंड आक्रामक होता नजर आ रहा है। देर रात भी कुडू प्रखंड के सीमाने पर कुडू पतरा टोली जंगल में 22 हाथियों का झुंड आया हुआ था और अंधेरे में कई घरों को हाथियों द्वारा ध्वस्त किया था। बात करें भंडरा प्रखंड की तो पिछले वर्ष 2023 में गुस्साए गजराज ने 3 लोगों को कुचलकर मार डाला था। इस सम्बन्ध में डीएफओ अरविन्द कुमार ने दूरभाष से जानकारी देते हुए कहा कि हाथियों को छेड़छाड़ न करे यदि हाथी आपकी फसल या बागान बर्बाद कर देता है तो सरकार मुआवजा देगी लेकिन हाथियों के नजदीक न जाएं। इससे जानमाल का नुकसान हो सकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि दिनभर हाथी आराम करता है। शाम को हाथियों का झुंड जंगल की ओर चलना प्रारम्भ करता है। हम सभी वन पदाधिकारी कर्मी बराबर नजर राख रहे है और लोगों को हिदायत दे रहे हैं कि अपने घरों के आगे मशाल जलाएंगे, टायर भी जलाएं और यदि उसमें लाल सूखा मिर्ची डाल कर आग जलाएंगे तो उसकी छांच से भी हाथी घर के नजदीक नहीं आता है। साथ ही शाम के समय यदि हाथी नजदीक आता है तो टीना पीटना भी कर सकते है। उन्होंने बताया कि कुडू में कुछ घरों को तोड़ा है और भंडरा में आम बागान की टहनियों को तोड़ा गया है। जानकारी प्राप्त हुआ है कि और कोई नुकसान नहीं हुआ है। हाथी को नुकसान नहीं करेंगे तब तक इंसान का नुकसान नहीं करता है।

## जनता की उम्मीदों को पूरा करना मेरी नैतिक जिम्मेवारी : कालीचरण

प्रातः आवाज



**खूंटी।** लोकसभा चुनाव जीतने के बाद मतदाताओं का आभार जताने सांसद कालीचरण मुंडा बुधवार को मुरहू पहुंचे। मेन रोड पर स्थित गोड़ाटोली से ढ़ाई किमी पैदल चल कर उन्होंने मतदाताओं के सामने हाथ जोड़ा और मुरहू वासियों ने भी उनका गोड़ाटोली, मुरहू चौक, सरवादा मोड़ और डुडरी में भव्य स्वागत किया। मुरहू के लोगों ने कालीचरण मुंडा को फुल मालाओं से लाद दिया।

मुरहू के डुडरी में जनता को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों ने जिन उम्मीदों के साथ उन्हें अपना सांसद चुना है, उन उम्मीदों को पूरा करना उनकी नैतिक जिम्मेदारी है, जिसे वे निभाएंगे। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकताओं में किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाना प्रमुख है। उन्होंने कहा कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र के 85 प्रतिशत लोग किसान हैं। उनका पूरा जीवन खेती-बारी पर निर्भर है। खेतों को पानी मिलेगा, तो किसानों के खेतों में हरियाली व घरों में खुशहाली आएगी।

उन्होंने कहा कि किसानों को बाजार उपलब्ध कराने का काम भी उनके द्वारा किया जाएगा, ताकि किसान अपने उत्पाद अच्छे मुल्य में बेच सकें। सांसद ने कहा कि संपुर्ण लोकसभा क्षेत्र में शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाया जाएगा। सांसद ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए पंचायत सचिवालयों का क्रियाशील होना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि बड़ी दुःख की बात है कि आज अधिकतर पंचायत सचिवालय सप्ताह में एक दिन खुलते हैं। कई पंचायत ऐसे भी हैं, जहां पंचायत सचिवालय भवन ही नहीं है। उन्होंने कहा कि पंचायत सचिवों की बहाली कराने के साथ पंचायत सचिवालयों को क्रियाशील किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन ने खूंटी सीट में ऐतिहासिक जीत हासिल की है। जनादेश का एक नया कीर्तिमान कायम किया है। कार्यक्रम के उपरांत राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया गया। मौके पर कालीचरण मुंडा ने केक काटा और इंडिया गठबंधन के कार्यकताओं को केक खिलाया। कांग्रेस कार्यकताओं ने राहुल गांधी की लंबी उम्र की कामना की।

## सरकार, प्रशासन एवं ग्रामीणों के बीच कड़ी का काम करते हैं जन प्रतिनिधि : मसीह गुड़िया

प्रातः आवाज

**खूंटी।** जिला परिषद खूंटी के अध्यक्ष मसीह गुड़िया की अध्यक्षता में बुधवार को जिला परिषद सभागार में परिषद की बैठक आयोजित हुई। बैठक में पूर्व की बैठक की कार्यवाही के अनुपालन की समीक्षा की गई। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा संचालित याजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। जिला परिषद, अध्यक्ष ने कहा कि जनप्रतिनिधि सरकार, प्रशासन एवं ग्रामीणों के बीच कड़ी का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में योजनाओं के सफल कार्यान्वयन के लिए जिला परिषद सदस्यों सहित अन्य ग्रामीण जन प्रतिनिधियों को अपने कर्तव्य और कार्य क्षेत्र की जानकारी होनी चाहिए। मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद सह उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम ने कहा कि प्रंखड एवं पंचायत स्तर पर योजनाओं के चयन एवं कार्यान्वयन में जनप्रतिनिधियों की अहम भूमिका होती है। उन्होंने ग्रामीण जनप्रतिनिधियों से प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं का चयन एवं कार्यान्वयन की अपील की। बैठक में उन्होंने अनुपालन प्रतिवेदन की जानकारी देते हुए बताया गया कि जिले की सभी जनवितरण प्रणाली के विक्रेता को दुकान स्थल पर सभी कार्डधारियों की सूची लगाने का निर्देश दिया गया है।

### स्वस्थ समाज के लिए नशापान त्यागें : विकास

**खूंटी।** रनिया थाना की पुलिस ने बुधवार को रनिया स्थित किसान भवन में प्रखंड क्षेत्र के महिला समूहों के सदस्यों के साथ बैठक का आयोजन किय। बैठक में महिलाओं को नशा, अफीम की खेती से होने वाले दुष्परिणाम, डायन बिसाही कुप्रथा, यातायात नियमों का पालन करने और वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने के सम्बन्ध में उन्हें जागरूक किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रनिया के थाना प्रभारी विकास जयसवाल ने कहा कि नशा से न सिर्फ एक व्यक्ति का जीवन बर्बाद होता है, बल्कि पूरा परिवार और समाज प्रभावित होता है।

## राहुल गांधी के जन्मदिन पर युवा कांग्रेस ने अस्पताल में बांटे फल

प्रातः आवाज

**खूंटी।** खूंटी जिला युवा कांग्रेस कमेटी की ओर से बुधवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और रायबरेली के सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया गया। इसके उपलक्ष्य में खूंटी के सदर अस्पताल में मरीजों और बच्चों के बीच फल और खाद्य सामग्रियों का वितरण किया गया। खूंटी जिला युवा कांग्रेस कमेटी ने राहुल गांधी की लंबी आयु की कामना की गई। मौके पर युवा कांग्रेस के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अरूण संगा ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी के कारण ही कांग्रेस को इतनी बड़ी जीत मिली। चुनाव में लोकतंत्र की जीत हुई है। संगा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा है कि गरीब, दलित और शोषित समाज के लोगों की मदद करना। उन्होंने कहा कि खूंटी में कांग्रेस की बड़ी जीत ने साबति कर दिया कि इस क्षेत्र के आदिवासियों को कांग्रेस की नीतियों और राहुल गांधी के नेतृत्व में भरोसा है। मौके पर खूंटी जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष कुणाल कमल कच्छप ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब परे देश में कांग्रेस का शासन होगा।

लोहरदगा प्रीमियर लीग का फाइनल मैच वर्षा के कारण हुआ रद्द, दोनों टीमों को संयुक्त विजेता घोषित किया गया

# लोहरदगा के विकास में साहू परिवार का रहा है बहुत बड़ा सहयोग : डॉ. रामेश्वर उरांव

- लोहरदगा को खेल हब बनाने की मेरी दिली इच्छा है, प्रयास जारी है : धीरज प्रसाद साहू
- लोहरदगा के खिलाड़ियों में प्रतिभा है, इंफ्रास्ट्रक्चर भी है आगे जरूर बढ़ेंगे : डीडीसी दिलीप सिंह शेखावत
- लोहरदगा में रणजी मैच खेल हेतु एसोसिएशन लाएगा प्रस्ताव : पीएन सिंह





प्रातः आवाज

**लोहरदगा।** लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित लोहरदगा प्रीमियर लीग का फाइनल मैच वर्षा के कारण रद्द हो गया। इसके बाद लोहरदगा लाइन्स और लोहरदगा सुपर किंग क्रिकेट दोनों टीमों को संयुक्त विजेता घोषित किया गया। इस अवसर पर वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव, राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, डीडीसी दिलीप सिंह शेखावत, पीएन सिंह जॉइंट सचिव झारखण्ड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन तथा रणजी खिलाड़ी आशीष कुमार, अमित कुमार, अशोक यादव, निशीथ जायसवाल समेत अन्य गन्य मान्य उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ. रामेश्वर उरांव स्थानीय विधायक सह वित्त मंत्री झारखण्ड सरकार ने कहा कि लोहरदगा का इतिहास जानना चाहिए जब तक कोई अपना इतिहास नहीं जानेगा तब तक इतिहास नहीं रचेगा। लोहरदगा बलदेव साहू महाविद्यालय साहू परिवार ने बनवाया ताकि यहां के बच्चे अच्छी शिक्षा ग्रहण करें। रेलवे बड़ी लाइन पूर्व सांसद स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू का देन रहा है। कितने मध्य और उच्च विद्यालय खुलवाये ताकि जिला का विकास हो सके। जिला बनाया ताकि लोग दूर प्रशासनिक सुधार हेतु नहीं जाना पड़े। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के चयन में पक्षपात और पैरवी से नहीं होना चाहिए ताकि किस बच्चे में कैसी प्रतिभा है उसे कुंठित न करे बल्कि प्रोत्साहित करें। खिलाड़ी भी गंभीरता से खेले और आगे बढ़े, छोटे से छोटे भी जॉब मिलता है तो कीजिए। उसी में मेहनत कीजिए आगे जरूर ही बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि खेल को रोजगार से झारखण्ड सरकार ने जोड़ा है। 2% नौकरी खिलाड़ियों को मिलेगी। इस अवसर पर पूर्व राज्य सभा सांसद सह जिला क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि लोहरदगा को मेरी दिली इच्छा है की खेल हब बनाया जा सके। इसके लिये क्रिकेट स्टेडियम, फुटबॉल स्टेडियम और राइफल सूटिंग सहित अन्य खेलों निमित्त कार्य कर रहा हूं। जनवरी में क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन ऐतिहासिक होगा और आईपीएल के तर्ज पर भारतीय स्तर तथा अंतराष्ट्रीय खिलाड़ियों से सुज्जित टीमों का खेल लोहरदगा में होगा। जिसका आयोजन भव्य होगा। अगले बार किसी कारणवश खेल का आयोजन स्थगित किया गया था।

इस अवसर पर डीडीसी दिलीप सिंह शेखावत ने कहा कि लोहरदगा में खिलाड़ियों में प्रतिभा है और साथ में खेलों का इंफ्रास्ट्रक्चर भी है। इसलिए जरूर एक दिन राष्ट्रीय अंतराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी लोहरदगा के होंगे। इस अवसर पर झारखण्ड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन के जॉइंट सचिव पीएन सिंह ने कहा कि लोहरदगा पूरे झारखण्ड के सबसे अच्छे चार जिलों में इंफ्रास्ट्रक्चर मौजूद है। मुझे खुशी है कि लोहरदगा में राजनीतिक लोग इतना इंट्रेस्ट लेते हैं और खूबसूरत स्टेडियम निर्माण कराये है। एसोसिएशन जरूर भविष्य में रणजी मैच कराएगी और कुरैटर से टर्फ विकेट बनाया जायेगा। मंच संचालन क्रिकेट एसोसिएशन के जिला सचिव अलोक रॉय तथा धन्यवाद ज्ञापन क्रिकेट एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष भाष्कर दास गुप्ता द्वारा किया गया। लोहरदगा लियोन तथा लोहरदगा सुपर किंग जॉइंट विजेता घोषित हुए। इस अवसर पर अशोक यादव, निशीथ जायसवाल, सतीश वर्मा, मुकेश दुबे, किशोर वर्मा एवं सरोज प्रजापति उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

## आजसू के कार्यक्रमों का रोडमैप जारी

### सुदेश बोले- राजनीतिक दायित्वों को आगे बढ़कर निभाएंगे

रांची। झारखंड में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि राजनीतिक दायित्वों का बेहतर रूप से निर्वहन करने के लिए पार्टी ने कई कार्यक्रम तय किए हैं। पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में महतो ने कहा कि इसमें राज्य के लोगों के विचारों से जुड़ना हमारी प्राथमिकता है। साढ़े चार साल में सरकार की नीतियों और कामकाज के तौर तरीके से राज्य



में निराशा है। इसलिए पार्टी हर वर्ग की आवाज को मजबूती प्रदान करने की पक्षधर है। उन्होंने भावी कार्यक्रमों से जुड़े रोडमैप की जानकारी दी। साथ ही बताया कि राज्य के सामने जो चुनौतियां हैं, उसे पीछे छोड़ना ही हमारा उद्देश्य है। वहीं सुदेश महतो ने बताया कि 22 जून को पार्टी की स्थापना दिवस के मौके पर राज्य भर में बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। सभी विधानसभा क्षेत्रों में वीडियो चित्रण का प्रदर्शन किया जाएगा। राज्य के हर युवाओं के जेहन में यह रहना चाहिए कि झारखंड गठन की वेदना, कल्पना और इतिहास रहना चाहिए। इसी दिन हर विधानसभा में 100 पौधे लगाए जाएंगे।

## चंद्रगुप्त बने आजसू स्कूल जमशेदपुर पूर्वी के कार्यक्रम प्रभारी

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिला आजसू जिला समिति द्वारा 22 जून से 16 अगस्त तक प्रखंड और पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मंगलवार को बिष्टुपुर तुलसी भवन में आयोजित कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह और पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने



यह जानकारी दी। नेताओं ने बताया कि आजसू की स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। दूसरी ओर 26 जून से 26 जुलाई तक सभी विधानसभा क्षेत्र में ग्राम प्रभारी चूल्हा प्रमुख और पिलर मेंबर का सम्मेलन होगा। इसकी जिम्मेदारी फनी भूषण महतो डोमन टुडू मुन्ना सिंह चंदेश्वर पांडे गणेश कर्मकार बुद्धेश्वर मुर्मू को सौंपा गया है। कन्हैया सिंह ने बताया कि आज सुख सभी कार्यकर्ता अपने विधानसभा क्षेत्र में पर्यावरण सुरक्षा के लिए 100 पौधे लगाएंगे।

## अफीम, डायन-विसाही व यातायात को लेकर चला जागरुकता अभियान

रांची। रनिया थाना क्षेत्र के बनई पंचायत अंतर्गत रंगरोड़ी गांव में मंगलवार को रनिया के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रशांत डांग एवं थाना प्रभारी के द्वारा संयुक्त रूप से क्षेत्र के ग्रामीणों संग बैठक कर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान डायंगेर, मनहातू, ईटम, लोहागड़ा, डुमरटोली व सरनाटोली के ग्रामीणों के बीच नशाखोरी, अफीम की खेती नहीं करने, डायन विसाही सहित अन्य सामाजिक कुरीतियों तथा यातायात के नियमों का पालन करने से सम्बंधित जानकारियां देते हुए जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों को गांव में नशा पान नहीं करने की शपथ भी दिलायी गई।

झारखंड में बड़ा हादसा

# टक्कर के बाद कार के उड़े परखच्चे, 4 लोगों की मौत



**धनबाद।** झारखंड के धनबाद में मंगलवार की रात एक कार ट्रक से टकरा गई। भीषण एक्सीडेंट के बाद कार के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है। यह बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के लोहारबरवा में जीटी रोड की घटना है। घटना मंगलवार की देर रात 12 बजे लोहारबरवा के पास स्नेहा क्लीनिक के सामने जीटी रोड पर हुई। हादसे का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें देखा जा सकता है कि कार को क्रेन से बांध कर उठाया जा रहा है।

**रॉन्ग साइड में चल रही थी कार-** बरवाअड्डा के किसान चौक की ओर से ब्रेजा कार (जेएच10 सीएल 3689) सवार पांच युवक राजगंज की ओर जा रहे थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि उनकी कार रॉन्ग साइड में थी। इस दौरान राजगंज की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने कार को चपेट में ले लिया। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए, जबकि ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। मृतकों में एक की पहचान जोड़ाफाटक निवासी राहुल गुप्ता व एक अन्य की पहचान गांधीनगर निवासी अंकित कुमार के रूप में हुई है। रांगाटांड़ बाजार में राहुल का चूड़ी का कारोबार है।

### कार में बुरी तरह फंसे चार शव

घटना की सूचना पाकर बरवाअड्डा पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से राहत कार्य शुरू किया गया। सभी को बाहर निकलने में मशक्कत करनी पड़ी। कार के अंदर खून से लथपथ चार लोगों के शव बुरी तरह फंसे थे। सबसे पहले पीछे की सीट पर बैठे एक घायल को बाहर निकल गया। फिर उसे अस्पताल पहुंचाया गया। बाद में शवों को एसएनएमएमसीएच भेजा गया। इधर, जोड़ाफाटक से राहुल गुप्ता और गांधीनगर के अंकित कुमार के परिजन देर रात अस्पताल पहुंचे। शव को देखते ही परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे। बाकी अन्य दोनों की पहचान राहुल के स्टाफ के रूप में हुई है। हादसे में ट्रक का गैस टैंक टूट कर गिरा टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक में लगे दो गैस टैंक टूट कर गिर गए। गैस टैंक से हादसे का अनुमान लगाया जा रहा है।

# झारखंड में तीन फेज में होगी मॉनसून की एंट्री

रांची समेत राज्य के कई जिलों में बारिश हुई



**रांची।** झारखंड के 13 जिलों में मंगलवार को भी भीषण गर्मी की आफत बनी रही। जबकि, बारिश होने और हवा के रुख में बदलाव के कारण 11 जिलों में गर्मी से थोड़ी-बहुत राहत मिली है। पलामू और गढ़वा में भीषण उष्ण लहर मंगलवार को भी जारी रहा। बारिश होने के बावजूद पलामू में गर्मी से राहत नहीं मिली। गढ़वा का तापमान 43.7 और पलामू का 43 डिग्री दर्ज किया गया। गर्मी से गढ़वा में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

रांची समेत राज्य के कई जिलों में बारिश हुई। इस कारण गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के अधिकांश भागों में बुधवार को बादल छाए रहेंगे। राज्य में कुछ स्थानों पर तेज हवा और गरज के साथ कहीं-कहीं वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जबकि, पलामू और आसपास के क्षेत्रों समेत उत्तरी भागों में गर्मी के येलो अलर्ट की चेतावनी दी गई है। मंगलवार को गढ़वा, पलामू व रामगढ़ में भीषण उष्ण लहर और चतरा, लातेहार, लोहरदगा, जामतारा, देवघर, गिरिडीह, गोड्डा, पाकुड़, हजारीबाग में उष्ण लहर की स्थिति रही।

### कहां कितनी बारिश

मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में पिछले 24 घंटे के दौरान कई जगहों पर आंधी के साथ बारिश हुई। इसमें ओरमांझी में सबसे अधिक 32.6 मिमी बारिश हुई। जबकि, पलामू के चैनपुर में 24.2 मिमी, सिमडेगा के बानो और जमशेदपुर में 11 मिमी से अधिक बारिश हुई। इसके अलावा सरायकेला, गुमला, चाईबासा, रामगढ़, बोकारो आदि जिलों में भी तेज हवा और गरज के साथ हल्की बारिश हुई। बोकारो में तेज हवा की रफ्तार 50 किमी प्रतिघंटा रही। पलामू, गुमला और खूंटी में हवा की रफ्तार 30 से 40 किमी प्रतिघंटा की रही।

### तीन फेज में होगी मॉनसून की एंट्री

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, पिछले 24 घंटे के दौरान मानसून की प्रक्रिया में तेजी आयी है। इस कारण झारखंड के पश्चिम बंगाल से सटे इलाकों में बादल छा रहे हैं। राज्य में यह तीन चरणों में प्रवेश करेगा। पहले चरण में संताल और कोल्हान के कुछ हिस्सों में इसका प्रवेश होगा। दूसरे चरण में रांची समेत झारखंड के अधिकांश जिले और तीसरे चरण में पलामू-गढ़वा समेत पूरे राज्य में आच्छादित होगा।

**झारखंड में मॉनसून की एंट्री कब-** राज्य में पश्चिमी हवा के साथ दक्षिण-पश्चिमी हवा का भी प्रवाह है। स्थिति अनुकूल बन रही है। अगले तीन से चार दिनों के दौरान इसके झारखंड में प्रवेश की संभावना बन रही है। राज्य में अगले दो दिनों में अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री की कमी आने की संभावना है। मॉनसून की प्रक्रिया में तेजी आयी है। राज्य में अगले तीन दिनों के दौरान बादल छाएंगे और कुछ स्थानों पर तेज हवा और गरज के साथ कहीं वज्रपात होने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

## संयोजिका को प्रधानाध्यापक नहीं देते एमडीएम की जानकारी

**रांची/कर्रा।** कर्रा प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बिरदा के प्रधान अध्यापक नागेंद्र तिवारी मध्यान भोजन का संचालन स्वंय करते हैं, वे इसकी कोई भी जानकारी संयोजिका को नहीं देते। संयोजिका बसंती देवी कहतीं हैं कि पूछने पर भी प्रधानाध्यापक हिसाब नहीं बताते। वे स्वंय दाल, चावल, सब्जी आदि खरीदकर लाते हैं और आदेश करते हैं कि किस दिन भोजन में क्या बनेगा। संयोजिका ने बताया कि मेनू में मंगलवार को दाल, चना, आलू की सब्जी एंव सलाद देना होता है। लेकिन शिक्षक द्वारा सूखा हुआ चना दिया गया है। जो ठीक से नहीं पक पाया है।

उन्होंने बताया कि कभी भी मध्याह्न भोजन की राशि के खर्चे की जानकारी उन्हें नहीं दी जाती। वहीं प्रधानाध्यापक ने कहा कि छुट्टी के बाद विद्यालय का प्रथम दिन है। इसलिए चना नहीं फुलाया गया था। उन्होंने कहा कि आज सलाद भी नहीं दिया जा रहा है। बताया कि वर्ग एक से पांच में 168 एवं छह से आठ वर्ग में 222 छात्र-छात्राएं नामांकित है। उन्होंने भी कहा कि विद्यालय में चलने वाले मध्याह्न भोजन के मेनू के बारे में भी जानकारी नहीं है।

विधानसभा चुनाव में दिख सकता है जयराम फैक्टर

# झारखंड में 55 सीटों पर चुनाव लड़ने का एलान

- **कुरमी वोट पर कर सकते हैं सेंधमारी**

**रांची।** लोकसभा चुनाव के परिणाम आ चुके हैं। केंद्र में सरकार भी बन चुकी है। झारखंड की 14 लोकसभा सीटों में से एनडीए के हिस्से नौ और इंडिया गठबंधन के हिस्से पांच सीटें आई। राज्य में नवंबर-दिसंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। पार्टियां अब विधानसभा चुनाव में लग चुकी हैं। आत्ममंथन और समीक्षा का दौर जारी है।

इस लोकसभा चुनाव के परिणाम चाहे जो भी हुआ हो पर झारखंड की राजनीति में एक नए चेहरे ने अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज की है। यह चेहरा है जयराम महतो। जयराम झारखंडी भाषा संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) नाम की पार्टी के प्रमुख हैं। इन्हें आगामी विधानसभा में एक %%फैक्टर%% के रूप में देखा जा रहा है। जानकार यह भी मानते हैं कि इस विधानसभा चुनाव में जयराम एनडीए और इंडिया दोनों के लिए खतरे की घंटी बनेंगे।

इधर जयराम महतो ने इस बात की घोषणा की है कि झारखंडी भाषा संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) राज्य के 55 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

**जयराम महतो की चर्चा क्यों-** नई पार्टी लेकर और नए लीडर के रूप में लोकसभा चुनाव में सामने आए 29 साल के जयराम महतो ने पहली बार में ही अप्रत्याशित मत लाए हैं। इनकी पार्टी आठ लोकसभा में अपने उम्मीदवार उतारी और पांच जगहों पर तीसरे नंबर पर रही। खुद जयराम गिरिडीह लोकसभा से चुनाव लड़े और जेएमएम के कद्दावर नेता मथुरा महतो से महज 20 हजार वोटों से पीछे रहे।



वे युवाओं के बीच काफी पॉपुलर हैं। राज्य के निर्णायक मतदाता माने जाने वाले कुरमी समुदाय से आते हैं। यही वजह है कि उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव में %फैक्टर% के रूप में देखा जा रहा है।

### कौन हैं जयराम महतो

1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति, नियोजन नीति, रोजगार जैसे मुद्दों को लेकर छात्र आंदोलन से शुरुआत की। वह मूल रूप से धनबाद के तोपचांची के रहने वाले हैं। लगभग दो साल तक इन्हीं मुद्दों पर आंदोलन किया। इसके बाद 18 जून 2023 को उन्होंने धनबाद के बलियापुर हवाई पट्टी मैदान में राज्य स्तरीय अधिवेशन किया। यहीं उन्होंने झारखंडी भाषा संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) नाम से पार्टी बनाई। हालांकि उनकी पार्टी को मान्यता नहीं मिली है। इस लोकसभा में उन्होंने गिरिडीह लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा है।

**आठ सीटों पर जयराम की पार्टी ने लड़ा चुनाव-** बतौर पहला चुनाव उनकी पार्टी जेबीकेएसएस ने आठ लोकसभा सीटों में उम्मीदवार उतारे। इन आठ में से पांच लोकसभा में उनकी पार्टी तीसरे नंबर पर रही। जयराम की पार्टी ने गिरिडीह, रांची, धनबाद, चतरा, हजारीबाग, सिंहभूम, दुमका और कोडरमा लोकसभा में उम्मीदवार उतारे थे।

## मवेशी से टकराई बाइक, एक की मौत, एक घायल

रांची/खूंटी। खूंटी सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत चुकरू मोड़ के समीप सोमवार की रात हुई एक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई, वहीं एक युवक घायल हो गया। मृतक युवक की पहचान बुढ़ाडीह गांव का निवासी मनीष मुंडा के रूप में की गई। इस संबंध में बताया गया कि मनीष मुंडा अपने एक दोस्त के साथ शादी समारोह में हिस्सा लेने गया था। जहां से वह सोमवार की रात लगभग आठ बजे वापस लौट रहा था। इसी क्रम में चुकरू मोड़ के पोटमगड़ा के पास सड़क के बीचोबीच भैंस आ गयी। रात होने के कारण मनीष मुंडा की बाइक भैंस से टकरा गई, जिससे मौके पर ही मनीष की मौत हो गई। स्थानीय लोग मृतक के शव व उसके घायल दोस्त को लेकर खूंटी सदर अस्पताल पहुंचे। घायल युवक का प्राथमिक उपचार करने के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया। मनीष मुंडा की दुर्घटना में मौत की खबर मिलने पर विधायक प्रतिनिधि एवं प्रदेश किसान मोर्चा उपाध्यक्ष काशीनाथ महतो सदर अस्पताल पहुंचकर परिजनों को ढांढ़स बंधाया। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार किया गया।

# आदर्श विद्यालय के शिक्षकों का कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरु



**देवघर।** आर मित्रा जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय एवं मातृ मंदिर बालिका मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय देवघर में मंगलवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी देवघर विनोद कुमार के निर्देश पर जिले के आदर्श विद्यालय परियोजना के तहत तीन उत्कृष्ट विद्यालय के 30 शिक्षकों एवं 9 प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालय के 34 शिक्षकों का कम्प्यूटर विषय पर 10 दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर जिला शिक्षा परियोजना कार्यालय देवघर के सहायक कंप्यूटर प्रोग्रामर सह जिले के आईसीटी प्रभारी अनिल कुमार, आर मित्रा जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य सह ट्रेनिंग के वेन्यू इंचार्ज अमित कुमार सिंह एवं मातृ मंदिर बालिका मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय देवघर की प्राचार्या सह ट्रेनिंग के वेन्यू इंचार्ज बिशु किरण के द्वारा दोनों प्रशिक्षण केन्द्रों पर संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मिली जानकारी के अनुसार इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों के पेशेवर विकास को प्रोत्साहित करना और उनकी शैक्षिक दक्षता को उन्नत करना है। यह कार्यक्रम शिक्षकों के कौशल विकास और शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित स्कूलनेट इंडिया लिमिटेड के डिस्ट्रिक्ट एजुकेशन फैसिलिटेटर सह जिला समन्वयक अमित कुमार सिन्हा और मास्टर ट्रेनर सह आईसीटी इंस्ट्रक्टर रमाकांत मंडल, प्रीतम रानी, विनय कुमार चौधरी, प्रदीप कुमार और संदीप कुमार सिंह ने सभी शिक्षकों को शिक्षा में तकनीक के महत्व को बताया। इस संबंध में डिस्ट्रिक्ट एजुकेशन फैसिलिटेटर सह जिला समन्वयक ने कहा कि स्कूलनेट इंडिया लिमिटेड द्वारा राज्य के सभी 24 जिलों में 439 विद्यालयों को आदर्श विद्यालय के तौर पर विकसित किया जा रहा है। जिसमें देवघर जिले के तीन उत्कृष्ट विद्यालयों में आर मित्रा जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय देवघर, मातृ मंदिर बालिका मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय देवघर एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय देवघर शामिल है। उन्होंने कहा कि देवघर जिले में सभी 10 प्रखंडों में 13 प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालय को विकसित किया गया है।

# आठ लेन का अंधेरा छीन रहा जिंदगी दो विभागों के बीच फंसी रोशनी

**धनबाद।** 400 करोड़ की आठ लेन सड़क लगभग बनकर तैयार है। चौड़ी सड़कों पर गाड़ियां रफ्तार पकड़ रही हैं। वहीं शाम ढलने के बाद अंधेरे में डूबी यह सड़क लोगों की जिंदगी छीन रही है। अंधेरे की वजह से लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। आठ लेन सड़क पर रोशनी लाने की योजना दो विभागों के बीच फंसकर रह गई है। सड़क का निर्माण पिछले एक साल से लगभग पूरा हो गया है, लेकिन अबतक स्ट्रीट लाइट में कनेक्शन नहीं होने की वजह से शाम ढलने पर सड़क अंधेरे में डूब जा रही है। धनबाद की गोल बिल्डिंग से कतरास के काको मोड़ तक 20 किलोमीटर की सड़क को आठ लेन किया जा रहा है। सड़क का काम पूरा हो चुका है। सिर्फ लेमन चिल्ली होटल के समीप 150 मीटर सड़क अधूरी है। यहां डीवीसी के 32 हजार का तार गया है। इसकी शिफ्टिंग का काम भी शुरू हो गया है। सड़क तो बन गई है, लेकिन स्ट्रीट लाइट में रोशनी नहीं है। सड़क निर्माण एजेंसी स्टेट हाइवे ऑथरिटी ऑफ झारखंड (साज) का कहना है कि बिजली कनेक्शन के लिए 40 लाख रुपए का भुगतान बिजली विभाग को कर दिया गया है। दो महीने पहले भुगतान किया गया, लेकिन अबतक स्ट्रीट लाइट में रोशनी नहीं आई है।

**1325 स्ट्रीट लाइट को है रोशनी का इंतजार-** आठ लेन सड़क पर 1325 स्ट्रीट लाइट लगाई गई है। वहीं छह चौक-चौराहे पर हाई मास्ट लाइट लगाई गई है। एक साल पहले यह लाइट लगा दी गई है, लेकिन बिजली कनेक्शन के अभाव में अबतक रोशनी नहीं आई है। लोग अंधेरी सड़क पर गिरकर मर रहे हैं, लेकिन देखने वाला कोई नहीं है। पिछले शनिवार को पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल ने डीसी से मिलकर स्ट्रीट लाइट में कनेक्शन की मांग की थी।

## संक्षिप्त समाचार

**यूरो 2024**

### फ्रांस के एमबाप्पे नाक की चोट के कारण ग्रुप चरण के शेष मैच नहीं खेल पाएंगे

**डसेलडॉर्फ, एजेंसी।** फ्रांस के कप्तान किलियन एमबाप्पे नाक की चोट के कारण यूरो कप के शेष ग्रुप चरण के मैच नहीं खेल पाएंगे। एमबाप्पे को यह चोट ऑस्ट्रिया के खिलाफ सोमवार रात उनके मैच के दौरान लगी थी जिसे फ्रांस ने 1-0 से जीता था। एमबाप्पे को यह चोट ऑस्ट्रिया के डिफेंडर केविन डोन्सा से टकराने से लगी थी जिसके बाद उन्हें बाहर जाना पड़ा था। द गार्जियन



की एक रिपोर्ट के अनुसार एमबाप्पे ग्रुप चरण के शेष दो मैच नहीं खेल पाएंगे और नॉकऑउट चरण में टीम के मैच के लिए उपलब्ध होंगे। फ्रेंच फुटबाल महासंघ ने एक बयान में पुष्टि की है कि स्ट्राइकर की नाक टूट गयी है और वह राष्ट्रीय टीम बेस कैंप में लौटेंगे। फिलहाल उनकी सर्जरी की जरूरत नहीं है। बयान में कहा गया इस सोमवार को डसेलडोर्फ में आयोजित ऑस्ट्रिया-फ्रांस मैच के दूसरे हाफ के दौरान किलियन एमबाप्पे की नाक टूट गई। फ्रांस के कप्तान का इलाज सबसे पहले मेडिकल स्टाफ और डॉ. फ्रैंक ले गाल ने किया, जिन्होंने उनकी नाक में फ्रैक्चर का पता लगाया। एमबाप्पे को अगले कुछ दिनों में इलाज मिलेगा, लेकिन तत्काल भविष्य में उनकी सर्जरी नहीं होगी।

### सुपर-8 में विराट कोहली रच सकते हैं इतिहास

- **8 चौके लगाते ही बन जाएंगे नंबर वन**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली टी20 वर्ल्ड कप 2024 के ग्रुप स्टेज में पूरी तरह फ्लॉप दिखाई दिए. लेकिन टूर्नामेंट के सुपर-8 चरण से पहले किंग कोहली ने कमर कल ली है. सुपर-8 से पहले कोहली नेट्स में जमकर पसीना बाहा रहे हैं, जिससे वह एक बार फिर लय और फॉर्म हासिल कर सकें. भारतीय टीम सुपर-8 के ग्रुप-1 में मौजूद और उनकी पहली भिड़ंत 20 जून, गुरुवार को अफगानिस्तान के खिलाफ होगी. इस मैच में किंग कोहली एक बेहद ही खास रिकॉर्ड अपने नाम कर इतिहास रच सकते हैं. ग्रुप स्टेज में फ्लॉप रहने वाले किंग कोहली अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर-8 के पहले मैच में बड़ी पारी खेल सकते हैं।

# वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के लिए खतरे की घंटी...

**उस मैदान पर उतरेगी, जहां अब तक नहीं जीते**



नईदिल्ली, एजेंसी। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सुपर-8 में एंट्री कर ली है. यहां उसका पहला मुकाबला 20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ होगा. यह मैच बारबाडोस की राजधानी ब्रिजटाउन के केनिंग्सटन ओवल मैदान पर खेला जाएगा. भारतीय टीम के लिए यह मैदान अब तक बेहद अनलकी रहा है. उसने इस मैदान पर अब तक एक भी टी20 मुकाबला नहीं जीता है. यानी जीत का खाता तक नहीं खुला. ऐसे में टीम के लिए पहले ही खतरे की घंटी बज गई है.

### ब्रिजटाउन में भारत अब तक टी20 मैच नहीं जीता

भारतीय टीम ने ब्रिजटाउन के केनिंग्सटन ओवल मैदान पर अब तक 2 ही टी20 मुकाबले खेले हैं और दोनों में हार मिली. यह दोनों मुकाबले मई 2010 में खेले थे. इसके बाद से अब तक टीम ने यहां कोई भी टी20 मैच नहीं खेला. यानी भारतीय टीम इस मैदान पर 14 साल बाद कोई टी20 मैच खेलने उतरेगी.

**इस मैदान पर दो टी20 मैच खेले**

- ब्रिजटाउन के केनिंग्सटन ओवल मैदान पर भारतीय टीम ने अपना पहला टी20 मैच 7 मई 2010 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था, जिसमें 49 रनों से हार झेलनी पड़ी थी. तब महेंद्र सिंह धोनी ही कप्तान थे.
- इसके बाद केनिंग्सटन ओवल मैदान पर भारतीय टीम ने अपना दूसरा टी20 मुकाबला 9 मई 2010 को वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था.

### टी20 वर्ल्ड कप खत्म होते ही रिटायर हो जाएगा ये ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी

**करियर पर लगा है एक बड़ा दाग**

पर्थ, एजेंसी। टी20 वर्ल्ड कप का सुपर 8 राउंड शुरू होने वाला है। टूर्नामेंट के सुपर 8 में पहुंची ऑस्ट्रेलियाई टीम के एक खिलाड़ी ने बड़ा बयान दिया है। यह खिलाड़ी कोई और नहीं बल्कि डेविड वॉर्नर हैं। डेविड वॉर्नर इस बात से राहत महसूस कर रहे हैं कि वह टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद संन्यास ले लेंगे। आपको बता दें कि वॉर्नर ने वर्ल्ड कप शुरू होने से पहले ही इस बात का ऐलान कर दिया था कि वह वर्ल्ड कप खत्म होते ही संन्यास का ऐलान करेंगे। वॉर्नर का मानना है कि असली क्रिकेट फैंस उन्हें ऐसे खिलाड़ी के रूप में देखेंगे जिसने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से खेल को बदलने की कोशिश की जबकि वह एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिसे आलोचनाओं का सामना करना पड़ा।

**वॉर्नर पर लगा था बैन**

वॉर्नर ने इस साल की शुरुआत में ही टेस्ट और वनडे फॉर्मेट से संन्यास ले लिया था। अब वह अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले जा रहे वर्ल्ड कप के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। 37 साल के वॉर्नर को साल 2018 में सैंडपेपर गेट प्रकरण में शामिल होने के कारण क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक साल के लिए बैन किया गया था, लेकिन नेशनल टीम में वापसी के बाद से उन्हें काफी सफलता मिली है।

वर्ल्ड कप के बीच वॉर्नर ने अपने एक बयान के दौरान कहा कि वापसी करते हुए 2018 से मैं शायद अकेला ऐसा खिलाड़ी रहा हूं जिसने बहुत आलोचना झेली है। जब मैं वापस आया तो मेरे लिए चीजें आसान नहीं थी और मुझे यह पता था।

**टी-20 वर्ल्ड कप में खराब प्रदर्शन के बाद**

## केन विलियमसन ने छोड़ी न्यूजीलैंड टीम की कप्तानी...



**सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट भी ठुकराया**

नईदिल्ली, एजेंसी। आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2024 में न्यूजीलैंड का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा और वह सुपर 8 में भी नहीं पहुंच सकी. न्यूजीलैंड को पहले अफगानिस्तान के खिलाफ 84 रनों से हार झेलनी पड़ी. फिर उसे सह मेजबान वेस्टइंडीज ने 13 रनों से हरा दिया. कीवी टीम ने इसके बाद युगांडा को 9 विकेट और पापुआ न्यू गिनी को सात विकेट से हराया. मगर ये सुपर 8 में पहुंचाने के लिए नाकाफी था. ग्रुप सी से अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज ने प्लेऑफ में जगह बनाई.

**विलियमसन के इंटरनेशनल करियर का क्या होगा?**

न्यूजीलैंड के टी20 वर्ल्ड कप से जल्दी बाहर होने के बाद केन विलियमसन ने वनडे और टी20 टीम की कप्तानी छोड़ दी है. साथ ही विलियमसन ने 2024-25 सीजन के लिए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट भी ठुकरा दिया. विलियमसन टेस्ट टीम की कप्तानी पहले ही छोड़ चुके थे. हालांकि विलियमसन ने कहा कि वह कप्तानी छोड़ने और सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर निकलने के बावजूद तीनों फॉर्मेट में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे.

## कोच पद छिनने के बाद इगोर स्टिमैक ने दी AIFF को चेतावनी

**कहा- 10 दिन में भुगतान करो नहीं तो..**

नई दिल्ली, एजेंसी। स्टिमैक पिछले साल सैफ चैम्पियनशिप, त्रिकोणीय सीरीज और इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीतकर एक साल में तीन ट्रॉफी जीतने वाले पहले भारतीय कोच बने थे। हालांकि, भारत इस साल एएफसी एशियाई कप में आस्ट्रेलिया, सीरिया और उज्बेकिस्तान से हार गया था। भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व मुख्य कोच इगोर स्टिमैक और अखिल भारतीय फुटबॉल संघ के बीच ठन गई है। दिग्गज ने हेड कोच पद से बर्खास्त किए जाने के बाद एआईएफएफ को चेतावनी दी है कि



10 दिन में उनका बकाया भुगतान नहीं किया गया तो वह फीफा ट्रिब्यूनल में उसके खिलाफ मामला दर्ज करेंगे।

दरअसल, हाल ही में हुए फीफा विश्व कप 2024 क्वालिफायर में टीम इंडिया का प्रदर्शन खराब रहा था। इसके बाद एआईएफएफ ने स्टिमैक को हेड कोच पद से बर्खास्त कर दिया था। भारतीय टीम ने दूसरे राउंड में कुवैत से ड्रॉ खेला था, जबकि कतर से अहम मुकाबले में हार गई थी। ऐसे में टीम इंडिया ने पहली बार फीफा विश्व कप क्वालिफायर के तीसरे दौर में जगह बनाने का मौका गंवा दिया था।

**स्टिमैक ने दी चेतावनी**

स्टिमैक ने एआईएफएफअध्यक्ष कल्याण चौबे पर भड़ास निकालते हुए उनका अनुबंध कई बार तोड़ने का आरोप लगाया। इसके अलावा उन्होंने क्वालिफायर में भारत के दूसरे दौर से आगे नहीं जा पाने के लिए चौबे को ही जिम्मेदार ठहराया। स्टिमैक ने कहा, मैं समय से पहले इस तरह अपना अनुबंध खत्म किये जाने के कारण दस दिन के भीतर अपना बकाया भुगतान किये जाने के लिये कह रहा हूं। यह रकम वही होगी जो अनुबंध के कार्यकाल में मुझे मिलनी थी। ऐसा नहीं करने पर मैं फीफा की ट्रिब्यूनल में एआईएफएफ के खिलाफ मामला दर्ज करूंगा।

**स्टिमैक के नेतृत्व में कई खिताब जीते**

स्टिमैक पिछले साल सैफ चैम्पियनशिप, त्रिकोणीय सीरीज और इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीतकर एक साल में तीन ट्रॉफी जीतने वाले पहले भारतीय कोच बने थे। हालांकि, भारत इस साल एएफसी एशियाई कप में आस्ट्रेलिया, सीरिया और उज्बेकिस्तान से हार गया था। इसके बाद विश्व कप क्वालिफायर में खराब प्रदर्शन ने एआईएफएफ को उन्हें बर्खास्त करने के लिए मजबूर कर दिया।

**स्टिमैक ने चौबे पर लगाया बड़ा आरोप**– स्टिमैक ने आगे कहा, अध्यक्ष चौबे ने भारतीय खेल प्राधिकरण के साथ मिलकर एशियाई खेलों के लिये मेरी खिलाड़ियों की सूची बदल दी और तीन सीनियर खिलाड़ियों को शामिल किया। इसके साथ ही आईएसएल क्लबों ने तय किया कि एशियाई खेल में कौन से खिलाड़ी उतरेंगे ।

## व्यापार

### सेबी ने ओपी जिंदल समूह की कंपनी, अन्य पर 35 लाख रुपए का जुर्माना लगाया

**नई दिल्ली**, एजेंसी। बाजार नियामक सेबी ने ओपी जिंदल समूह की कंपनी हेक्सा ट्रेडेक्स लिमिटेड, इसके प्रवर्तकों एवं निदेशकों पर गैर-सूचीबद्धता मानकों और अन्य खुलासा नियमों का उल्लंघन करने के लिए कुल 35 लाख रुपए का जुर्माना लगाया। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने हेक्सा ट्रेडेक्स, इसके चेयरपर्सन राज कमल अग्रवाल, रविंदर नाथ लीखा, विनीता झा, गिरीश शर्मा और प्रवेश श्रीवास्तव पर दो लाख से लेकर पांच लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा हेक्सा ट्रेडेक्स की प्रवर्तक फर्म सिद्धेश्वरी ट्रेडेक्स प्राइवेट लिमिटेड, ईनॉक्स ग्लोबल मल्टीवेंचर्स, ओपेलिना सस्टेनेबल सर्विसेज और जेएसएल लिमिटेड को भी बाजार नियामक ने दंडित किया है। सेबी ने जुलाई, 2022 में मिली शिकायत के आधार पर बीएसई और एनएसई में सूचीबद्ध हेक्सा ट्रेडेक्स लिमिटेड (एचटीएल) की सूचीबद्धता खत्म किए जाने के संबंध में जांच शुरू की थी। सेबी ने अपने गैर-सूचीबद्धता नियमों और अन्य मानदंडों के प्रावधानों के कथित उल्लंघन पर नोटिस भेजकर जवाब मांगा था। सेबी के निर्णायक अधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने अपने आदेश में कहा, ''हेक्सा ट्रेडेक्स लिमिटेड के निदेशक मंडल के सदस्यों ने तर्कसंगत सिफारिशों पर जोर नहीं दिया।

## शीर्ष स्तर के ज्यादातर अधिकारियों की जीएसटी को लेकर राय सकारात्मक: सर्वे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में बड़ी संख्या में शीर्ष प्रबंधन स्तर के अधिकारी (सी-सूट) माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के बारे में सकारात्मक धारणा रखते हैं। डेलॉयट के एक सर्वे में यह तथ्य सामने आया है। इनमें से कई अधिकारियों ने जीएसटी 2.0 के तहत कर दरों को तर्कसंगत बनाने और विवाद निपटान के लिए एक प्रभावी प्रणाली की वकालत की है। बुधवार को जारी डेलॉयट जीएसटीञ्च7 सर्वेक्षण में ऑनलाइन माध्यम से सी-सूट और सी-1 स्तर के अधिकारियों को शामिल किया गया। ये अधिकारी विभिन्न उद्योग क्षेत्रों से जुड़े हैं। इसमें उन चीजों का उल्लेख किया गया है जो जीएसटी के प्रति बढ़ते भरोसे को दर्शाता है। सर्वेक्षण में शामिल 84 प्रतिशत अधिकारियों ने 2024 में जीएसटी को लेकर सकारात्मक राय जताई। 2023 में यह संख्या 72 प्रतिशत और 2022 में 59 प्रतिशत थी। ई-चालान सहित कर अनुपालन के स्वचालन को शीर्ष प्रदर्शन वाला क्षेत्र करार दिया गया है। सर्वेक्षण में हितधारकों के बीच लगातार परामर्श, स्पष्टीकरण परिपत्र/निर्देशों को नीति निर्माण के लिए सकारात्मक कदम माना गया। सर्वेक्षण में उन क्षेत्रों पर जिक्र है जहां अधिक सुधारों की जरूरत है।

### विराट कोहली फिर बने बाजार के सरताज! शाहरुख खान की लंबी छलांग, रणवीर सिंह दूसरे नंबर पर खिसके

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्रांड एंडोर्समेंट के मामले में भले ही क्रिकेटर आगे रहते हों, लेकिन साल 2023 में असली धूम बॉलीवुड ने मचाई है। एंडोर्समेंट में सबसे ज्यादा इजाफा यहीं हुआ है। क्रॉल के सेलिब्रिटी ब्रांड वैल्यूएशन स्टडी के मुताबिक, पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली एक बार फिर भारत के सबसे ज़्यादा दमदार सेलिब्रिटी ब्रांड बन गए हैं। साल 2023 में उनकी ब्रांड वैल्यू करीब 228 मिलियन रही है। हालांकि असली उछाल बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान ने लगाई है। शाहरुख की ब्रांड वैल्यू .120.7 मिलियन तक पहुंच गई है, जिसकी बदौलत वो 2022 की 10वीं पोजीशन से सीधे 2023 में तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। क्रोल के एमडी (मूल्यांकन सलाहकार सेवाएं) अविरल जैन ने टीओआई को बताया कि साल 2023 किंग्स - विराट, शाहरुख और बॉलीवुड की वापसी का साल रहा है। इस साल देश में सेलिब्रिटी उद्यमिता में इजाफा देखने को मिला है। जहां कलाकार अपने प्रभाव का दायरा बढ़ा रहे हैं और मनोरंजन और व्यापार के बीच की सीमाएं कम हुई हैं। आजकल कई कलाकार सिर्फ फिल्मी पर्दे तक ही सीमित नहीं है। वह अब बिजनेस की दुनिया में भी अपना जलवा दिखा रहे हैं। इसे ही सेलिब्रिटी उद्यमिता का नाम दिया जा रहा है। कुछ कलाकार अपने खुद के ब्रांड लॉन्च कर रहे हैं तो कुछ स्टार्ट-अप्स में पैसा लगा रहे हैं। उदाहरण के तौर पर, अक्षय कुमार ने अपना स्पोर्ट्सवियर ब्रांड फोर्स ढ्ढङ्ग लॉन्च किया है। वहीं करीना कपूर खान ने अपना कोरियन स्किनकेयर ब्रांड क्वेंच बोटैनिक्स लॉन्च किया और दीपिका पादुकोण ने लग्जरी स्किनकेयर ब्रांड 82एश्व लॉन्च किया है। अविरल जैन के मुताबिक, सेलेबप्रेन्योरशिप के चलते कई कलाकार अब फिल्मों से इतर कारोबार में भी कदम रख रहे हैं। ये ट्रेंड अब सिर्फ टॉप के चार-पांच कलाकारों तक सीमित नहीं रहा है। हॉलीवुड के टॉप 50 सितारों के 80 स्टार्ट-अप्स का अध्ययन करने के बाद हमने पाया कि वहां भी कई कलाकार अलग-अलग उद्योगों में बिजनेस कर रहे हैं।

## अब ताज दुनिया का सबसे मजबूत होटल ब्रांड

**टाटा ने अपने अपमान का लिया बदला**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया भर के होटलों में सबसे मजबूत ब्रांड के रूप भारत का ताज है। वर्ल्ड स्टेटिस्टिक्स के मुताबिक टॉप-10 सबसे मजबूत होटल ब्रांड्स में ताज का नाम सबसे ऊपर है। दूसरे से लेकर पांचवें तक अमेरिकी होटलों का दबदबा है। दूसरे नंबर पर अमेरिका का रेनैस्सेंस होटल है। तीसरे पर यहीं का डबल ट्री, चौथे पर एंबेसी सुइट्स और पांचवें पर मैरिएट है।

छठे नंबर पर चीन के शहर शंघाई का हैंटिंग होटल है। सातवें स्थान पर भी चीन का ही कब्जा है। यहां जेआई होटल काबिज है। 8वें पर अमेरिकी होटल हिल्टॉन और 9वें पर हांगकांग का शंगरी-ला है। 10वें स्थान पर स्वीडन का स्कैंडिक होटल्स है।

**होटल ताज के बनने की कहानी**

होटल ताज का नाम सुनते ही मन में लग्जरी फीलिंग आती है। यह होटल अब भारत ही नहीं बल्कि दुनिया का सबसे पॉपुलर 5 स?टार होटल है। इस होटल ने 27/11 के अटैक को भी झेला था। टाटा ग्रुप के जेआरडी टाटा ने ताज होटल को बनवाया था और इसका उद्घाटन 16 दिसंबर 1903 में हुआ था।



यूं तो टाटा ग्रुप के कई होटल भारत के कई शहरों में बने हुए हैं, लेकिन मुंबई स्थित ताज होटल बनने की कहानी बहुत दिलचस?प और रोचक है।

**क्यों बना होटल ताज**


एक बार जेआरडी टाटा ब्रिटेन घूमने गए थे। वहां के वाटसन होटल में भारतीय होने के चलते उन?हें ठहरने नहीं दिया। इस होटल में केवल अंग्रेजों की एंट्री थी। बस तभी उन?होंने ठान लिया कि एक ऐसे होटल का निर्माण करेंगे, जिसे भारतीय ही नहीं, बल्कि दुनियाभर के लोग देखते रह जाएंगे। यह भारत का पहला ऐसा होटल था, जहां अमेरिकी पंखे, तुर्की बाथरूम, जर्मन लिफ्ट के अलावा इंग्लिश बटलर हायर किए गए थे। भारत का पहला इंटरनेशनल डिस्कोथेक भी यहीं बना था।

**सिंगल रूम का किराया कभी 10 रुपये था**

कभी उस होटल के सिंगल रूम का किराया 10 रुपये और पंखे व अटैच्ड बाथरूम वाले बाथरूम का किराया 13 रुपये हुआ करता था। आज उसी होटल में एक दिन ठहरने के लिए कम से कम 25 हजार रुपये से अधिक चुकाने पड़ते हैं।

## सोने-चांदी की कीमतों में बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सर्राफा मार्केट में आज सोने-चांदी के भाव में तेजी नजर आ रही है। 24 कैरेट सोना आज 71740 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से खुला। मंगलवार के बंद भाव 71285 से आज



455 रुपये प्रति 10 ग्राम महंगा खुला है। जबकि, चांदी 547 रुपये प्रति किलो चढ़कर 88100 के रेट पर खुली। आज 23 कैरेट सोने का रेट जीएसटी के साथ 73576 रुपये प्रति 10 ग्राम का पड़ेगा। अन्य चार्जेज के साथ यह 80956 रुपये के करीब पड़ेगा। वहीं, 22 कैरेट सोने का भाव भी आज 417 रुपये चढ़ा है। जबकि, 22 कैरेट का भाव जीएसटी, ज्वेलरी मेकिंग चार्ज और मुनाफा जोड़ने के बाद करीब 74453 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। 18 कैरेट गोल्ड का रेट भी आज 341 रुपये प्रति 10 ग्राम महंगा हुआ है। 18 कैरेट सोने का जीएसटी, ज्वेलरी मेकिंग चार्ज और मुनाफा समेत भाव 60961 रुपये प्रति 10 ग्राम हो जा रहा है। वहीं, 24 कैरेट सोने का भाव जीएसटी समेत 73892 रुपये प्रति 10 ग्राम पड़ेगा। जबकि, चांदी का भाव जीएसटी के साथ 90743 रुपये प्रति किलो पड़ेगा।

# राज्य को नशा मुक्त बनाने के लिए हर किसी की सहभागिता जरूरी : सीएम

प्रातः आवाज

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि झारखंड को नशा मुक्त प्रदेश बनाना है और इसमें हर किसी को अपनी सहभागिता निभानी होगी। सभी के प्रयासों से ही मादक और नशीले पदार्थों पर रोकथाम संभव है। उन्होंने बुधवार को झारखंड मंत्रालय में आयोजित कार्यक्रम में नशा मुक्त झारखंड बनाने के लिए जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के दौरान यह बात कही। इस अवसर पर सभी ने नशे से दूर रहने की शपथ ली।



मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे पर नियंत्रण की दिशा में जागरुकता रथ को रवाना किया जाना एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे नशे के दुष्प्रभाव के प्रति लोगों को जागरूक करने में मदद मिलेगी। लोग यह समझ सकेंगे की नशे की वजह से उनका कितना नुकसान हो रहा है और इससे कैसे बचा जा सकता है। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि नशे के खिलाफ प्रचार-प्रसार से लोग जागरूक होंगे और दूसरों को भी नशे से दूर रखने के लिए प्रेरित करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर समाज और बेहतर राज्य बनाने के लिए नशा पर नियंत्रण बहुत जरूरी है। शहर हो या गांव, हर किसी को नशे से दूर रहना होगा, जो नशा को बढ़ावा दे उसे भी रोकने के लिए हम सभी को आगे आना होगा। हर किसी के सहयोग से हम अपने इस अभियान में निश्चित तौर पर सफल होंगे। यदि हम आज नशा पर नियंत्रण नहीं कर पाएंगे तो आगे और भी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इसलिए हर तरह के नशे की प्रवृत्ति को रोकने की जरूरत है।

इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक जीगा सुसारण होरो, मुख्य सचिव एल खियांग्ते, प्रधान सचिव वंदना दादेल और पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह समेत कई वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

### छह जागरुकता रथ किए गए रवाना

मुख्यमंत्री ने नशा मुक्त झारखंड बनने के लिए छह जागरुकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें चार जागरुकता रथ रांची और एक-एक रामगढ़ और खूंटी जिले के लिए हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य के सभी जिलों में 19 से 26 जून तक नशे के विरुद्ध लोगों को जागरूक करने के लिए जागरुकता रथ निकाले जा रहे हैं। ये सभी जागरुकता रथ शहर से लेकर सुदूर गांवों का भ्रमण करेंगे। इसके जरिए लोगों को नशे के दुष्प्रभाव और उससे बचाव से अवगत कराया जाएगा।

### नशे से समाज में फैल रहीं कई विकृतियां

मुख्यमंत्री ने कहा कि कि नशे की वजह से समाज में तरह-तरह की विकृतियां फैलती है। इससे युवाओं में अपराध की प्रवृत्ति बढ़ती है। परिवार में अलगाव की स्थिति पैदा होती है। आपसी संबंधों में दरार आने लगता है। समाज गलत दिशा में आगे बढ़ने लगता है। सबसे बड़ी बात कि नशा का सेवन करने वालों के स्वास्थ्य पर इसका काफी नकारात्मक असर पड़ता है। शारीरिक और मानसिक बीमारियां उसे गिरफ्त में लेने लगती है। यह उस व्यक्ति के साथ उसके परिवार समाज और राज्य के लिए भी स्वस्थ नहीं है। ऐसे में युवाओं को नशा से दूर रहना होगा। यह तभी संभव है ,जब उन्हें नशे के दुष्प्रभाव से अवगत किया जाएगा। उन्हें नशा के खिलाफ जागरूक करना होगा। इस कड़ी में इन जागरुकता रथों की भूमिका भी काफी मायने रखेगी।

## रांची के जोनल आईजी ने आपराधिक घटनाओं की समीक्षा की, दिए निर्देश

प्रातः आवाज

**रांची।** रांची जोनल आईजी अखिलेश झा ने बुधवार को एसएसपी कार्यालय में राजधानी रांची में हाल के महीनों में हुई आपराधिक घटनाओं की समीक्षा की। रांची डीआईजी अनूप बिरथरे, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा और ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल की मौजूदगी में हुई समीक्षा बैठक में आईजी ने राजधानी रांची में चोरी और छिनैती की घटनाओं में हो रही वृद्धि पर चिंता जताते हुए हर हाल में इस पर रोक लगाने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान राजधानी के उन सभी थानों के प्रभारियों को भी बुलाया गया, जहां सबसे ज्यादा चोरी और छिनैती की घटनाएं हुई हैं। सभी थाना प्रभारियों ने अपने-अपने थानों में दर्ज मामलों में अब तक क्या कार्रवाई की गई है, इसकी जानकारी दी। आईजी ने उन थाना प्रभारियों की क्लास लगाई, जिनके क्षेत्र में छिनैती और चोरी की सबसे ज्यादा घटनाएं हुई हैं। साथ ही सभी थाना प्रभारियों को समय सीमा के अंदर आपराधिक घटनाओं का खुलासा करने और अपराध में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि जोनल आईजी ने रांची में आपराधिक घटनाओं की समीक्षा के दौरान चोरी और छिनैती की रोकथाम के लिए हर संभव उपाय करने का निर्देश दिया। सभी थाना प्रभारियों को अपराधियों को टाइम बॉन्ड के अंदर गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। एसएसपी ने बताया कि जोनल आईजी को राजधानी में संसाधनों की कमी से भी अवगत कराया गया है, जिस पर मुख्यालय स्तर पर कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने बताया कि आईजी ने सभी थानेदारों को भी निर्देश जारी किए हैं। खास तौर पर जिनके थाना क्षेत्र में हाल के दिनों में संपत्ति संबंधी अपराध बढ़े हैं, वे सुबह से खुद नियमित गश्त करें। साथ ही स्नैचिंग वाले इलाकों की पहचान कर गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक के दौरान ग्रामीण एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को चेतावनी भी दी कि वे अपने-अपने क्षेत्र में ऐसी घटनाओं को हर हाल में रोकें, अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

## पदाधिकारियों की लापरवाही से चिलचिलाती धूप में साइकिल लेने वाले विद्यार्थियों को घंटों रहना पड़ा खड़ा



प्रातः आवाज

**बालूमाथ।** तपती धूप को ध्यान में रखकर झारखंड सरकार विद्यार्थियों के लिए समय-समय पर विद्यालय तक बंद कर रही है। ताकि छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य ठीक रहे। इसके बाद भी लातेहार कल्याण विभाग द्वारा विद्यार्थियों के बीच तपती धूप में साइकिल का वितरण किया जा रहा है। कुछ ऐसा ही बुधवार को राजकीय कृत 10+2 उच्च विद्यालय बालूमाथ के प्रांगण में देखने को मिला। बताते चलें कि 19 जून को प्रखंड के तीन विद्यालय कन्या मध्य विद्यालय, राजकीय बुनियादी विद्यालय दोनों बालूमाथ एवं झाबर विद्यालय के लगभग 220 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण अव्यवस्था के बीच किया जा रहा था। विद्यार्थी 12 बजे तक साइकिल लेने के लिए तपती धूप में खड़े रहे उनके लिए ना छाया का व्यवस्था किया गया और ना ही पीने का पानी का व्यवस्था की गई। बच्चे घंटों गर्मी से इधर-उधर भटकते रहे।



### इन विद्यार्थियों को मिला साइकिल

अंशु कुमारी, ज्योति कुमारी, बबली कुमारी, नंदनी कुमारी, रौशन उरांव, निखेल कूजूर, रामचन्द्र उरांव, बिक्की कुमार, मोहित कुमार सहित सैकड़ों विद्यार्थियों को साइकिल दिया गया।

### ये पदाधिकारी रहे मौजूद

जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार, प्रखंड उपप्रमुख कामेश्वर राम, प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सह प्रखंड कल्याण पदाधिकारी निर्मला लता, राजकीय कृत उच्च विद्यालय प्राचार्या रूबी बानो, शिक्षा विभाग के निरंजन सिंह, जीवन मिश्रा मौजूद रहे।

### अव्यवस्था को देखकर भड़के उपप्रमुख कामेश्वर राम

वितरण के मौके पर जब बालूमाथ उपप्रमुख विद्यालय परिसर पहुंचे तो अव्यवस्था का आलम देखकर भड़क गए और पदाधिकारी से सवाल खड़ा करते हुए कहा कि आप सभी पदाधिकारी पंखे का हवा ले रहे हैं। बच्चे सरकार द्वारा दी जा रही साइकिल लेने के लिए घंटो धूप में खड़ा है इनकी पीने के लिए पानी और खड़ा रहने के लिए छाया की भी व्यवस्था नहीं की गई है। मैं इसकी शिकायत जिले के वरीय पदाधिकारी को करूंगा। आगे उन्होंने कहा कि वितरण के मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी मौजूद हैं उसके बाद भी यह आलम है। मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं। उसके बाद मानवता दिखाते हुए छात्र-छात्राओं के लिए पीने का पानी व्यवस्था कराया गया।

# हुसैनाबाद की धरती पर पहली बार पहुंची कल्पना सोरेन, उमड़ा जनसैलाब

## आगामी विधानसभा चुनाव का हुसैनाबाद से शंखनाद करने आई हूं: कल्पना

### जिप उपाध्यक्ष आलोक सिंह ने दिखायी राजनीतिक ताकत, प्रचंड गर्मी में भी 5 घंटे जमे रहे लोग




## आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटु के साथ एक हजार लोगों ने झामुमो का दामन थामा

### मिलन समारोह में दस हजार से अधिक लोग हुए शामिल

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जेएमएम नेता विधायक झारखंड की आयरन लेडी कल्पना मुर्मू सोरेन हुसैनाबाद के टाउन हॉल पहुंची। वह मिलन समारोह में शामिल हुई। उनके साथ झारखंड के पेय जल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर भी थे। सर्व प्रथम उनका फूल माला देकर जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह समेत जेएमएम नेताओं ने स्वागत किया। जिला परिषद उपाध्यक्ष सह युवा नेता आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह के नेतृत्व में विभिन्न दलों के 750 से अधिक लोगों ने जेएमएम की सदस्यता ली। सभी को जेएमएम का पट्टा देकर व सदस्यता ग्रहण करा कर कल्पना सोरेन ने पार्टी में शामिल किया। इस मौके पर कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन जी को केंद्र की सरकार ने झूठा आरोप लगा कर जेल में डाल रखा है। मगर झारखंड की जनता ने लोकसभा में बीजेपी को जवाब दे दिया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन जी के द्वारा शुरू की गई सर्वजन पेंशन अबुआ आवास गरीब बच्चो को विदेश में पढ़ाई की योजना समेत अन्य जनकल्याण कारी योजनाओं से केंद्र की सरकार तिलमिला गई। इसे रोकने के लिए हेमंत जी को जेल भेज दिया।

**जिला परिषद उपाध्यक्ष सह युवा नेता आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह के नेतृत्व में विभिन्न दलों के 750 से अधिक लोगों ने जेएमएम की सदस्यता ग्रहण की**

उन्होंने कहा कि उन योजनाओं को आगे बढ़ाने का कार्य चंपई चाचा बखूबी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव की शुरुआत हुसैनाबाद से की गई है। युवा नेता आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह के साथ बड़ी संख्या में पार्टी में शामिल होकर युवाओं ने पलामू में उन्हें और मजबूती प्रदान कर दी है। उन्होंने कहा कि झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार करने वाली पार्टियों को इस बार जनता सबक सीखा देगी। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से हेमंत सोरेन की सोच को आगे बढ़ाने, दिशोम गुरु शिबू सोरेन के सपने का झारखंड बनाने, जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए साथ देने का आह्वान किया। पेयजल एवं



स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने सरकार की उपलब्धियों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद के जनप्रतिनिधि कब कहां जायेंगे ठिकाना नहीं है। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में पलामू की सभी सीटों पर जेएमएम व उनकी सहयोगी पार्टियों के नेता विधानसभा पहुंचेंगे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कल्पना सोरेन आज पुरे भारत में झांसी की रानी के तर्ज पर अपना पहचान बनाई है। जिसे लोग आयरन लेडी के साथ साथ झांसी की रानी बता रहे हैं। जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह ने जेएमएम में शामिल होकर पार्टी को और भी मजबूती प्रदान कर दी है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार ने पलामू में विकास के काफी कार्य किए हैं। बावजूद इसके कुछ जनप्रतिनिधियों को शर्म नहीं आती। वह सरकार के खिलाफ अनर्गल बयान देते हैं। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में जनता उन्हें सबक सीखा देगी। जेएमएम का दामन थामने के बाद आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह ने कहा कि उन्होंने जनता की सेवा का संकल्प लिया है। उस संकल्प को पूरा करना उनका कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र व झारखंड का विकास जेएमएम के नेतृत्व में ही संभव है। उन्होंने हुसैनाबाद आने के लिए जेएमएम नेत्री कल्पना सोरेन व मंत्री मिथिलेश ठाकुर का आभार जताया। उन्होंने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी व हेमंत सोरेन जी के सपनो का झारखंड बनाने में उनका भी योगदान होगा तो वह खुद को धन्य समझेंगे। उन्होंने तन मन धन से पलामू में पार्टी को मजबूत करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने साथ जनसमूह का जनसैलाब उमड़ पड़ा। जिसे देखकर अन्य दल के लोगों का पशिना टपक रहा था।

इस मौके पर मिलन सह सम्मान समारोह में मुख्य रूप से झामुमो के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा, सचिव सन्नू सिद्दिकी, महिला मोर्चा अध्यक्ष शुशीला मिश्रा, कांति चंद्रवंशी, मंजु चंद्रवंशी, एनामुल खां, पंचम खां, गोपाल सिन्हा, मनोज गुप्ता, विवेकानंद सिंह, अनुराग प्रजापति, राजेश कुमार सिन्हा, असफर रब्बानी,सनी शुक्ला, दीपक तिवारी, रामप्रवेश सिंह, योगेन्द्र सिंह, अशोक सिंह, पावन जायसवाल, सुरेंद्र चौधरी, रामबचन बैठा, सतेंद्र सिंह, विनय सिंह, मंटु सिंह आदि काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता सामील होकर कल्पना सोरेन का भव्य स्वागत किया।



युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बन खडे होंगे आलोक



कल्पना सोरेन भीड़ देखकर काफी उत्साहित दिखी, हुसैनाबाद में मजबूत स्तंभ के रूप में मिला युवा साथी

## मोहम्मद गंज व हैदर नगर प्रखंड क्षेत्र से आलोक के समर्थन में पहुंचे हजारों कार्यकर्ता, लोगों ने जम कर लगाया नारा, जेल का ताला टुटेगा, हेमंत सोरेन जेल से छूटेगा







A Media Marketing Initiative

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक हेमंत कुमार द्वारा प्रातः आवाज (दैनिक) डीबी कार्प लिमिटेड, प्लॉट नंबर 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन रातू, रांची (झारखंड) से मुद्रित आवाज डेली हर्षित टीवी कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, विजयवर्गीय कांपलेक्स, ऑफिस नंबर सी-14, दूसरा तल्ला, कोकर, रांची (झारखंड) पिन नंबर 834001 से प्रकाशित। संपादक : नीलेन्दु जयपुरियार ** पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेवार ** फोन 7004363095/ 9572196587 RNI No JHAHIN/2022/83327